दैनिक **अर्थ प्रकाश**

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित

वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 16 दिसंबर, 2025 | पौष कृष्ण पक्ष: द्वादशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 346 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम डिग्री से. | 23 | |
| न्यूनतम डिग्री से. | 08 | |
| सूर्योदय | 7.13 | |
| सूर्यास्त | 5.23 | |
| सोना 24 कैरेट: | 1,34,880.00 | |
| चांदी (प्रति किलो): | 2,00,900 | |
| सेंसेक्स | : 85,213.36 | |
| अमेरिका | : 90.76 | |
| कैनेडियन | : 65.98 | |
| आस्ट्रेलिया | : 60.38 | |

**बातों बातों में मन की बात**



*उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि*

अपनों की यादें खुशबू की तरह होती हैं, चाहे कितनी भी खिड़की दरवाजे बंद कर लो, हवा के झोंके के साथ अंदर आ ही जाती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे ओमान, एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत



**अम्मान (अप्रस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंच गए हैं। जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी यह यात्रा जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला द्वितीय बिन अल हुसैन के आमंत्रण पर कर रहे हैं। इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय मुद्दों और आपसी हितों से जुड़े विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। अम्मान पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वह जॉर्डन पहुंचकर प्रसन्न हैं और हवाई अड्डे पर मिले आत्मीय स्वागत के लिए प्रधानमंत्री जाफर हसन के आभारी हैं। पीएम मोदी ने विश्वास जताया कि यह यात्रा भारत और जॉर्डन के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूती प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा भारत-जॉर्डन संबंधों को नई दिशा देने के लिहाज से अहम मानी जा रही है। बता दें कि जॉर्डन में रहने वाले भारतीय, प्रधानमंत्री से मिलने और उनका स्वागत करने के लिए अति उत्साहित हैं। लोग पलके बिछाए पीएम मोदी के इंतजार में नजर आए। भारतीय प्रवासी समिति के सदस्य सनल कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में कहा कि वे पिछले 25 वर्षों से जॉर्डन में रहकर कपड़ा व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि जॉर्डन के टेक्सटाइल उद्योग में भारतीयों की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि हम एक बिलियन डॉलर की कंपनी हैं और यहां 35,000 लोगों को रोजगार दे रहे हैं, जिनमें 7,000 जॉर्डनवासी और 6,000 भारतीय शामिल हैं। यह देश हमें शानदार व्यवसाय करने का अवसर दे रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की प्रशंसा करते हुए सनल कुमार ने कहा, वे एक अद्वितीय व्यक्तित्व हैं। शब्दों में उनका वर्णन करना मुश्किल है। दुनिया के किसी भी कोने में जाइए, जैसे ही आप कहते हैं कि आप भारत से हैं, लोग तुरंत प्रधानमंत्री मोदी का नाम लेते हैं। वे एक अद्भुत और निस्वार्थ नेता हैं, जो देश के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।




# बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की ताजपोशी

> बीजेपी मुख्यालय में नए कार्यकारी अध्यक्ष पर फूल बरसाए गए, जय श्रीराम के नारे लगे

## शाह-नड्डा ने हाथ पकड़कर नितिन नबीन को कुर्सी पर बैठाया



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन ने दिल्ली स्थित बीजेपी मुख्यालय में भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभाला। गृहमंत्री अमित शाह और निवर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा ने हाथ पकड़कर उन्हें कुर्सी पर बिठाया। इससे पहले नितिन नबीन का पार्टी मुख्यालय में जोरदार स्वागत किया गया और उन पर फूल बरसाए गए। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम के नारे लगाए। अमित शाह और जेपी नड्डा नितिन नबीन के स्वागत के लिए बीजेपी मुख्यालय में पहले से मौजूद थे। भाजपा नेताओं ने उन्हें बधाई दी।

नितिन नबीन सोमवार सुबह इंडिगो की फ्लाइट से 8.25 बजे की फ्लाइट से दिल्ली जाने वाले थे, लेकिन उनकी फ्लाइट 4 घंटे लेट हो गई है। वो दोपहर 1 बजे दिल्ली पहुंचे। बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने के बाद नितिन नबीन ने सोमवार को पटना के हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद वो अपने पिता को श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

### पार्टी के कार्यकर्ता को सम्मान केवल बीजेपी में संभवः रविशंकर प्रसाद

भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने नितिन नवीन के बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष के तौर पर कार्यभार संभालने पर कहा कि नितिन नवीन एक विनम्र और समर्पित कार्यकर्ता हैं। वे 5 बार विधायक रह चुके हैं। आज उन्होंने अपने काम से जो जगह बनाई है, उसी कारण पार्टी ने कार्यकर्ता को सम्मान दिया है और यह केवल भाजपा में हो सकता है।

**मुख्यमंत्री ने मार्केटिंग बोर्ड के नवनियुक्त पदाधिकारियों से की बैठक**

# हरियाणा की मंडियों को बनाएं रॉल मॉडल, देश करे अनुसरण: नायब सैनी

> कहा- आधुनिक, पारदर्शी और किसान हितैषी मंडी व्यवस्था बनाएं
>
> फसल खरीद के लिए 12 लाख किसानों के खातों में 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये डाले



फाइल फोटो।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि किसान सेवा को पर्याय बनाते हुए प्रदेश की मंडियों को ऐसा मॉडल बनाएं जिसका अनुसरण पूरा देश करे। इसके अलावा मंडी शुल्क वसूली, व्यवहार में शत-प्रतिशत ईमानदारी बरतें और किसानों का विश्वास बनाएं। इसके साथ ही मंडियों को देश की सबसे आधुनिक, पारदर्शी और किसान हितैषी मंडी व्यवस्था बनाई जाए। मुख्यमंत्री मार्केटिंग बोर्ड के नवनियुक्त पदाधिकारियों के साथ आयोजित बैठक को अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मार्केट कमेटियों के चेयरमैन एवं वाईस चेयरमैन के अलावा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली, संगठन महामंत्री फणीन्द्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनियां, डॉ. अर्चना गुप्ता, मुख्यमंत्री के ओएसडी बी बी भारती सहित कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्केटिंग बोर्ड के पदाधिकारियों की नींव अन्नदाता की समृद्धि और प्रदेश की अर्थव्यवस्था की मजबूती टिकी हुई है। मंडी व्यवस्था किसानों के पसीने की कमाई को सही मूल्य और सम्मान दिलाने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है जिससे किसान सशक्त होगा तो हरियाणा प्रदेश सशक्त होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्केट कमेटियां सिर्फ सरकारी दफ्तर नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के शक्ति केंद्र हैं। इसलिए सबसे बड़ी जिम्मेदारी मंडियों का उचित प्रबंधन करना है। साथ ही, किसान और व्यापारी के आपसी संबंधों को ओर अधिक विश्वसनीय व मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि मंडियों में ऐसी व्यवस्था बनाना है जहां किसान को उपज लाते ही सही माप, मूल्य और समय पर भुगतान मिले और व्यापारी को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और व्यापार करने का बेहतर वातावरण मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मार्केट कमेटियों ने पिछले कुछ वर्षों में डिजिटल क्रांति को अपनाने में सराहनीय कार्य किया है। ई-खरीद और डी.बी.टी. को सफलतापूर्वक सुनिश्चित किया है ताकि, किसान के खाते में उसकी फसल का पैसा सीधे और समय पर पहुंचे। बिचौलियों की भूमिका को खत्म कर, किसानों को उसकी मेहनत का पूरा हक दिलवाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गेट पास जारी करने से लेकर मंडी शुल्क की वसूली तक हर प्रक्रिया को पूर्ण रूप से डिजिटल बनाना होगा, ताकि कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। भ्रष्टाचार की जड़ें काटने के लिए हमें और अधिक टेक्नोलॉजी को अपनाना होगा।

### न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही 24 फसलें

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है। अब तक 12 लाख किसानों के खातों में फसल खरीद के 1 लाख 64 हजार करोड़ रुपये डाले जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन-2024 से किसानों की फसल खरीद का पैसा फसल का गेट पास कटने के 48 घंटे के अन्दर डी.बी.टी. के माध्यम से दे दिया जा रहा है। प्रदेश भर की मंडियों में शेड, पीने का पानी, शौचालय और किसानों के लिए विश्राम गृह जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का काम तेजी से हुआ है।

**सीएम ने श्री फतेहगढ़ साहिब में 25 से 27 दिसंबर को हो रही शहीदी सभा के प्रबंधों का लिया जायजा**

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध किए जाएं: सीएम मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** पंजाब के मुख्य मंत्री भगवंत सिंह मान ने सोमवार को अधिकारियों को श्री फतेहगढ़ साहिब में 25 से 27 दिसंबर को शहीदी सभा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध करने के आदेश दिए हैं। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए मुख्य मंत्री ने कहा कि इस पवित्र धरती पर नतमस्तक होने के लिए लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस महान धरती पर साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह जी ने माता गुजरी जी के साथ बेमिसाल शहादत दी थी। उन्होंने कहा कि संगत के लिए किए जा रहे प्रबंधों में सुरक्षा व्यवस्था और पवित्र शहर की सफाई पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए। भगवंत सिंह मान ने कहा कि प्रदेश सरकार ने सड़कों की मरम्मत के लिए पहले ही फंड आवंटित कर दिए हैं और निर्धारित समय में काम पूरा किया जाना चाहिए।

मुख्य मंत्री ने कहा कि संगत की बड़ी आमद को ध्यान में रखते हुए पूरे जिले को सेक्टरों में विभाजित कर देना चाहिए और हर सेक्टर की निगरानी पुलिस तथा सिविल प्रशासन के अधिकारियों द्वारा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में 300 मोबाइल शौचालय स्थापित किए जाएं और प्रमुख स्थानों पर एम्बुलेंस तथा अग्निशमन वाहन तैनात किए जाएं ताकि जरूरत पड़ने पर तुरंत सेवाएं उपलब्ध करवाई जा सकें। भगवंत सिंह मान ने कहा कि शहर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 200 ई-रिक्शा और 200 शटल बसें तैनात की जानी चाहिए जो मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करेंगी।

मुख्य मंत्री ने कहा कि पवित्र नगरी में सफाई सुनिश्चित करने के साथ-साथ संगत की सहायता के लिए पार्टी तथा सिविल सोसाइटी के वॉलंटियर्स को सेवा पर लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शहर के सभी कोनों में 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए ताकि कस्बे में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा सके। एक अन्य मुद्दे पर बात करते हुए भगवंत सिंह मान ने यह भी कहा कि पवित्र नगरी में 20 आम आदमी क्लीनिक (ए.ए.सी.) स्थापित किए जाने चाहिए ताकि लोगों के लिए जरूरत पड़ने पर मानक उपचार सुनिश्चित किया जा सके।

मुख्यमंत्री ने जिला सिविल तथा पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए कि वे शहर के आसपास आवश्यक संख्या में पार्किंग स्थल सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को शहीदी सभा के दौरान शहर को साफ-सुथरा रखने के लिए आवश्यक संख्या में सफाई मशीनें, सीवरेज सफाई मशीनें, सुपर सक्शन मशीनें तथा आवश्यक संख्या में कर्मचारियों को तैनात करने के लिए भी कहा। भगवंत सिंह मान ने अधिकारियों को सभी विभागों का साझा कंट्रोल रूम स्थापित करने के भी निर्देश दिए जिसमें एक टोल फ्री नंबर हो ताकि जरूरत पड़ने पर लोग उनसे संपर्क कर सकें।

### यह पवित्र धरती मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पवित्र धरती न केवल सिखों के लिए बल्कि समूची मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है क्योंकि दुनिया भर से संगतें हर साल छोटे साहिबजादों और माता गुजरी जी के शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए यहां नतमस्तक होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी कि शहीदी सभा के दौरान संगतों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। भगवंत सिंह मान ने कहा कि वे इस काम की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करेंगे ताकि इसे समयबद्ध ढंग से पूरा करना सुनिश्चित किया जा सके क्योंकि इस पवित्र धरती पर साहिबजादा जोरावर सिंह जी और साहिबजादा फतेह सिंह जी के साथ माता गुजरी जी की शहादत ने सदियों से पंजाबियों को अन्याय, जुल्म और जबर के खिलाफ लड़ने के लिए प्रेरित किया है।

## मेसी को जय शाह ने दिया टी-20 वर्ल्डकप का टिकट

**नई दिल्ली (अप्रस)।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनल मेसी को आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने टी-20 वर्ल्ड कप की इनविटेशनल टिकट दी। सोमवार को मेसी का दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में सम्मान किया गया। इस मौके पर उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी भेंट की गई। साथ ही शाह ने मेसी को 2024 का टी-20 वर्ल्ड कप टीम के ऑटोग्राफ वाला बैट भी गिफ्ट किया। मेसी ने सबसे पहले हाथ हिलाकर स्टेडियम में मौजूद फैंस का अभिवादन किया।

**पर्दाफास** | **एनआईए ने 1300 पेज की चार्जशीट में दिए सबूत, लश्कर कमांडर सजाद जट्ट का भी नाम**

# पाकिस्तान में रची गई थी पलहगाम हमले की साजिश

अर्थ प्रकाश नेटवर्क




**जम्मू।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम आतंकी हमले के 237 दिन बाद सोमवार को 1300 पेज की चार्जशीट दाखिल की। जम्मू में एनआईए स्पेशल कोर्ट में पेश की गई चार्जशीट में हमले की साजिश पाकिस्तान में रचे जाने के सबूत दिए गए। पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) समेत 7 आरोपी बनाए गए हैं। चार्जशीट के मुताबिक, यह हमला धर्म के आधार पर टारगेटेड मर्डर का था, जिसमें 25 टूरिस्ट और एक लोकल की मौत हुई। एनआईए ने सबूत पेश करते हुए कहा कि इस हमले की साजिश पाकिस्तान से रची गई है। चार्जशीट में पाकिस्तानी हैंडलर साजद जट्ट का नाम भी है। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन पाकिस्तानी आतंकियों फैसल जट्ट उर्फ सुलेमान शाह, हबीब ताहिर उर्फ जिब्रान और हमजा अफगानी को भी आरोपी बनाया है।

गौरतलब है कि इसी साल 22 अप्रैल को पहलगाम से 6 किमी दूर बायसरन घाटी में आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट्स की मौत हुई थी। 16 लोग घायल हुए थे। लोगों को उनकी धार्मिक पहचान के आधार पर निशाना बनाया गया था।

**आतंकियों की मदद करने वाले 2 गिरफ्तार:** पहलगाम हमले के दो महीने बाद नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने पहलगाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया था। एनआईए की जांच में खुलासा हुआ था कि इन दोनों ने हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को पनाह दी थी। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम परवेज अहमद जोठार और बशीर अहमद जोठार थे। एनआईए के मुताबिक, परवेज और बशीर ने हमले से पहले इन तीनों आतंकियों को हिल पार्क स्थित एक अस्थायी ढोक (झोपड़ी) में जानबूझकर ठहराया था। उन्होंने उन्हें खाना और अन्य सुविधाएं मुहैया कराई थीं।

### मामला कोर्ट में वहीं से फैसला होगा: सीएम

पहलगाम हमले की चार्जशीट पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि एनआईए ने जांच पूरी कर ली है और अब चार्जशीट दाखिल की जा रही है। दोषी या निर्दोष का फैसला अदालत करेगी।

## पंजाब सरकार द्वारा आई.आई.टी रोपड़ के सहयोग से महत्वपूर्ण जल अध्ययन के लिए 1.61 करोड़ रुपए की मंजूरी : चीमा

पंजाब में पानी की कमी और सीपेज की समस्या पर केंद्रित होगा यह सूक्ष्म-स्तरीय जल अध्ययन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** पंजाब के पानी की समस्याओं को हल करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज यहां जल संसाधनों और सीपेज के पैटर्नों के बारे में 1.61 करोड़ रुपये के सूक्ष्म-स्तरीय अध्ययन के लिए सैद्धांतिक मंजूरी की घोषणा की। यह अध्ययन, जो पंजाब राज्य किसान एवं खेत मजदूर कमीशन (पी.एस.एफ.एफ.डब्ल्यू.सी) द्वारा आई.आई.टी रोपड़ के सहयोग से किया जाएगा, प्रदेश के भूगर्भ जल स्तरों के प्रबंधन के लिए प्रभावी समाधान विकसित करने में सहायता करेगा।

इस पहल के महत्व को रेखांकित करते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि एक कृषि प्रधान राज्य होने के नाते, पंजाब को पानी की उपलब्धता और इसके टिकाऊ उपयोग से संबंधित गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह प्रोजेक्ट प्रदेश के कृषि युग के पुनर्जीवन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि पी.एस.एफ.एफ.डब्ल्यू.सी द्वारा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी (एन.आई.एच), रुड़की के सहयोग से किए गए प्रारंभिक मैक्रो-स्तरीय अध्ययन को कृषि सुधारों पर पंजाब विधान सभा कमेटी द्वारा औपचारिक रूप से स्वीकार करने के बाद एक और अधिक विस्तृत सूक्ष्म-स्तरीय अध्ययन का निर्णय लिया गया।

इस अध्ययन की वैज्ञानिक गहराई के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि सूक्ष्म-स्तरीय अध्ययन में कार्बन डेटिंग और भूगर्भ तथा पानी के भंडारों के आइसोटोप विश्लेषण के साथ-साथ प्रदेश भर में सीपेज के नमूनों की व्यापक जांच सहित उन्नत तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। इस अध्ययन के उद्देश्यों में कई महत्वपूर्ण पहलू शामिल हैं, जिनमें हर प्रकार के उपलब्ध जल संसाधनों का ब्यौरा, नीतिगत निर्णयों के लिए एक्विफरों की विशेषता बताना, हेलीकॉप्टर के माध्यम से आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर जल संसाधनों का सर्वेक्षण, वैकल्पिक जल संसाधनों की खोज करना, और सीपेज दरों को निर्धारित करने के लिए सूक्ष्म-स्तरीय अध्ययन करना शामिल है।

### अध्ययन में पांच विस्तृत चरण शामिल होंगे

इस अध्ययन में पांच विस्तृत चरण शामिल हैं, जो आवश्यक फंड प्राप्त होने के 12 महीनों के अंदर पूरा होने के लिए निर्धारित किए गए हैं। पहले चरण में सैंपलिंग साइटों का पता लगाने के लिए एक फील्ड सर्वेक्षण किया जाएगा, दूसरे चरण के दौरान प्रदेश के एक्विफर सिस्टमों का एक हाइड्रोजियोलॉजिकल फ्रेमवर्क विकसित किया जाएगा, तीसरे चरण में प्रदूषण स्तरों का मूल्यांकन करने और स्रोत क्षेत्रों की पहचान करने के लिए हाइड्रो-केमिकल विशेषता और आइसोटोपिक विश्लेषण शामिल होगा, चौथे चरण में नहरी नेटवर्क के विस्तार के लिए क्षेत्रों की पहचान की जाएगी, और पांचवें चरण में प्रबंधन उपायों के लिए सिफारिशें प्रदान की जाएंगी। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आई.आई.टी. रोपड़ के साथ सहयोग प्रदेश सरकार की विज्ञान-आधारित नीति-निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार प्रदेश के किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए टिकाऊ और स्थायी समाधान खोजने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

अध्ययन के लिए मंजूर वित्तीय आवंटन के बारे में विवरण प्रदान करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इस प्रोजेक्ट को कुल 221.65 लाख रुपये के खर्च से फंड किया जाएगा। इस राशि में से, आई.आई.टी रोपड़ अपने संसाधनों से 60.00 लाख रुपये का योगदान देगा, जबकि पंजाब सरकार द्वारा पंजाब राज्य किसान एवं खेत मजदूर कमीशन को 161.00 लाख रुपये का फंड उपलब्ध कराया जाएगा। फंडिंग के बदले आई.आई.टी. रोपड़ व्यापक तकनीकी सहायता प्रदान करेगा, जिसमें डिजाइन और कार्यान्वयन विशेषज्ञता, फील्ड जांच, नमूने एकत्र करना, पोर्टेबल उपकरण लगाना, बुनियादी ढांचा और प्रयोगशाला सुविधाएं, तथा तकनीकी प्रशिक्षण और क्षमता-निर्माण पहल शामिल हैं।

## जंगली जीवों के अंगों की तस्करी करते तीन आरोपी गिरफ्तार

सांभर के सींग, हथ्थां-जोड़ी और जंगली बिल्ली की ज़ेर बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** पंजाब में जंगली जीवों की सुरक्षा तथा उनसे जुड़े अपराधों पर रोक लगाने के उद्देश्य से, मुख्य वन्यजीव वार्डन पंजाब श्री बसंता राज कुमार आई.एफ.एस., सतिंदर कुमार सागर आई.एफ.एस. (मुख्य वन संरक्षक - वन्यजीव) तथा विशाल चौहान आई.एफ.एस. (वन संरक्षक, पार्क एवं प्रोटेक्टेड सर्कल) द्वारा जारी दिशा-निर्देशों और वन्यजीव अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति के तहत, वन मंडल अधिकारी वन्यजीव मंडल फिल्लौर विक्रम सिंह कुंदरा आई.एफ.एस. के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर जंगली जीवों के अंगों की तस्करी के संबंध में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम का नेतृत्व श्री जसवंत सिंह, वन रेंज अधिकारी जालंधर ने किया।

टीम में जालंधर रेंज से निर्मलजीत सिंह ब्लॉक अधिकारी, मलकीत सिंह वन गार्ड, नवतेज सिंह बाठ तथा कपूरथला रेंज से रणजीत सिंह ब्लॉक अधिकारी, बोबिंदर सिंह और रणबीर सिंह उप्पल शामिल थे। टीम द्वारा नकोदर में एक जाल बिछाया गया, जिसमें टीम के एक सदस्य ने ग्राहक बनकर तस्कर से सौदा तय किया। मौके पर बोनी अरोड़ा पुत्र भारत भूषण, निवासी नकोदर, डिलीवरी देने पहुंचा, जिसे टीम ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से जंगली जीव सांभर के दो कटे हुए सींगों के टुकड़े, हथ्थां-जोड़ी के 6 टुकड़े तथा जंगली बिल्ली की ज़ेर बरामद की गई। पूछताछ के दौरान बोनी अरोड़ा ने बताया कि यह सामान उसे शिवम गुप्ता पुत्र गुलशन राय, निवासी नकोदर, जो ÷दुर्गा दास पंसारी÷ नामक दुकान चलाता है, द्वारा भेजा गया था। टीम ने तुरंत शिवम गुप्ता की दुकान पर छापा मारकर पूछताछ की, जिसमें उसने स्वीकार किया कि वह जंगली जीवों के अंगों का अवैध कारोबार करता है और यही सामान उसने बोनी अरोड़ा को डिलीवरी के लिए भेजा था। उसने आगे बताया कि यह सामान वह दीपक उर्फ काला पुत्र विजय कुमार गुप्ता, निवासी नकोदर, जिला जालंधर से खरीदता है, जो नकोदर में ÷वलैती राम पंसारी एवं किराना स्टोर÷ चलाता है।

टीम ने तुरंत दीपक उर्फ काला की दुकान पर छापा मारा, जहां से जंगली जीव सांभर के दो कटे हुए टुकड़े और एक हथ्थां-जोड़ी बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान दीपक उर्फ काला ने स्वीकार किया कि उसी ने यह सामान शिवम गुप्ता को सप्लाई किया था।

टीम ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर बरामद सामग्री सहित थाना नकोदर में पेश किया तथा आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 संशोधन 2003 की धाराओं के तहत मामला दर्ज करवाया गया। इस अवसर पर श्री जसवंत सिंह, रेंज अधिकारी ने बताया कि जंगली जीवों का अवैध व्यापार करना दंडनीय अपराध है और ऐसे कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही इस मामले से जुड़े अन्य आरोपियों की जांच भी जारी है।

## नवंबर के दौरान विजिलेंस ब्यूरो ने 8 रिश्वतखोरी मामलों में 11 व्यक्ति रंगे हाथों गिरफ्तार किए

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही अपनी मुहिम के तहत नवंबर माह के दौरान 8 अलग-अलग ट्रैप केसों में 9 सरकारी कर्मचारियों और 2 निजी व्यक्तियों को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह जानकारी आज यहां देते हुए राज्य विजिलेंस ब्यूरो के सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि विजिलेंस ब्यूरो ने इस अवधि के दौरान सरकारी कर्मचारियों और हर क्षेत्र में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। उन्होंने बताया कि ब्यूरो ने पिछले महीने विभिन्न सक्षम अदालतों में 12 विजिलेंस मामलों से संबंधित चालान पेश किए हैं। इसके साथ ही भ्रष्टाचार के मामलों की गहन जांच के लिए 7 मामलों में विजिलेंस जांच भी दर्ज की गई है। उन्होंने आगे कहा कि 17 आरोपियों के खिलाफ 8 आपराधिक मामले भी दर्ज किए गए हैं, जिनमें 11 सरकारी कर्मचारी शामिल हैं। इस संबंध में और जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विभिन्न अदालतों ने पिछले महीने के दौरान ब्यूरो द्वारा दायर किए गए तीन रिश्वतखोरी मामलों का फैसला किया है, जिसमें पांच व्यक्तियों को दोषी ठहराया गया है और उन्हें तीन वर्ष से पांच वर्ष तक की कैद तथा 10,000 रुपये से 67,000 रुपये तक के जुर्माने की सजा सुनाई गई है।

## सड़क हादसे में पति, पत्नी और बच्चा घायल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़, 15 दिसंबर (अप्रस)।** बनूड़-राजपुरा नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार खदानों में गिरकर पुलिया से टकरा गई। हादसे में पति, पत्नी और एक बच्चा घायल हो गए। जानकारी के मुताबिक, सुबह करीब 4.30 बजे पति, पत्नी और एक छोटा बच्चा राजपुरा से जीरकपुर की ओर जा रहे थे। जब कार नेशनल हाईवे पर जंगपुरा गांव के पास पहुंची, तो कार अचानक खदानों में गिरकर पुलिया से टकरा गई। इस हादसे में कार का




अगला हिस्सा बुरी तरह डैमेज हो गया और कार में सवार पति, पत्नी और बच्चा घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने इलाज के लिए एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया। मौके पर खड़े राहगीरों ने बताया कि हादसा कार की तेज स्पीड के कारण हुआ।

## 'आप' ने पंजाब में पारदर्शी और शांतिपूर्ण स्थानीय चुनाव कराए : बलतेज पन्नू

### कांग्रेस और अकाली दल हमेशा इन चुनावों को प्रभावित करने के लिए हिंसा और डराने-धमकाने का रास्त आपनाते थे

कहा-इस बार विपक्ष हार के डर से शोर मचा रहा है

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के महासचिव और मीडिया प्रभारी बलतेज पन्नू ने हाल ही में हुए जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों को लेकर विपक्षी पार्टियों के आरोपों को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने झूठा प्रचार इसलिए शुरू किया है क्योंकि उन्हें साफ तौर पर बड़ी हार नजर आ रही है। मीडिया को संबोधित करते हुए बलतेज पन्नू ने कहा कि पंजाब में कई दशकों बाद पहली बार स्थानीय चुनाव पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोगों ने बिना किसी डर या दबाव के उत्साह से हिस्सा लिया और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग किया। पन्नू ने कहा कि कई सालों बाद जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में लोग लंबी कतारों में खड़े होकर वोट डालते दिखे। यह अपने आप में साबित करता है कि माहौल आजाद, निष्पक्ष और भय-मुक्त था। मतदाता अब इन जमीनी स्तर की संस्थाओं के महत्व को समझने लगे हैं।

विपक्षी पार्टियों पर तीखा हमला करते हुए पन्नू ने कहा कि बूथ कैप्चरिंग, धांधली और डराने-धमकाने के उनके दावे बेबुनियाद और मनगढ़ंत हैं। उन्होंने आगे कहा कि पहले इन पार्टियों ने आरोप लगाया था कि उम्मीदवारों को नामांकन पत्र दाखिल नहीं करने दिया गया। लेकिन अब जब अंतिम सूची सामने आई है तो यह साफ दिखाती है कि सभी राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों ने चुनाव लड़े हैं। यह विपक्ष के झूठ को उजागर करता है।

पन्नू ने कहा कि विपक्ष ने नतीजों से पहले ही शोर मचाना शुरू कर दिया है क्योंकि वह जनता के फैसले से पूरी तरह वाकिफ है। उन्होंने कहा कि वे जानते हैं कि वे बुरी तरह हार रहे हैं, इसलिए 17 तारीख को नतीजों की घोषणा से पहले अफवाहें फैलाकर ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं।

पंजाब में स्थानीय चुनावों के इतिहास का हवाला देते हुए बलतेज पन्नू ने याद दिलाया कि साल 2008 और 2013 में अकाली-भाजपा गठबंधन के शासन में और फिर 2018 में कांग्रेस सरकार के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा, बूथ कैप्चरिंग और हत्याओं की घटनाएं हुई थीं।

पन्नू ने कहा कि ऑनलाइन बहुत सारा डेटा मौजूद है। 2008 और 2013 में अकाली-भाजपा ने खुली गुंडागर्दी की थी। विरोधी उम्मीदवारों को पोलिंग बूथों तक पहुंचने नहीं दिया गया, नामांकन पत्र जबरदस्ती रोके गए और हिंसा व हत्याएं हुई। 2018 में कांग्रेस ने नगर निगम, जिला परिषद और ब्लॉक समिति चुनावों में यही शर्मनाक रवैया अपनाया।

उन्होंने बताया कि पिछले चुनावों में विपक्षी पार्टियों ने अकाली-भाजपा सरकारों के तहत बूथ कैप्चरिंग और हिंसा के आरोप लगाते हुए पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट तक पहुंच की थी। लेकिन इस बार पंजाब में कहीं भी बूथ कैप्चरिंग, हिंसा या जान-माल के नुकसान की एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई है।


कुछ बूथों पर दोबारा मतदान की खबरों के बारे में स्पष्ट करते हुए पन्नू ने बताया कि सिर्फ 16 बूथों पर चुनाव तकनीकी कारणों से रद्द किए गए, जैसे चुनाव चिन्हों या उम्मीदवारों के नामों की गलत छपाई, न कि हिंसा के कारण।

पन्नू ने कहा कि 17 दिसंबर को जब सही आंकड़े सामने आएंगे तो हर कोई देखेगा कि विपक्ष को कितने प्रतिशत वोट मिले और लोगों ने %आप% सरकार के प्रदर्शन की वजह से कितने बड़े पैमाने पर वोट दिए। विपक्ष की यह घबराहट जनता के फैसले को साफ तौर पर दर्शाती है।

## मुख्य मार्ग पर स्क्रैप की दुकानों की भरमार, रात होते ही तारें जलाकर निकालते है कॉपर

क्षेत्रवासियों ने की पुलिस प्रशासन व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से कार्रवाई की मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**बनूड़, 15 दिसंबर।** बनूड़-अंबाला वाया पलाह जाने वाले नेशनल हाईवे पर कबाड़ की बहुत सारी दुकानें है। यह दुकानदार रात में तार जलाकर कॉपर निकालते है। जानकारी के मुताबिक, बनूड़ से शंभू बैरियर तक इस नेशनल हाईवे पर करीब एक दर्जन कबाड़ की दुकानें है। दिन में इन कबाड़ की दुकानों पर आने वाले तार और दूसरे सामान को जलाकर कॉपर और दूसरा सामान निकाला जाता है। यह दुकानदार जहां आग लगाकर खुले में आग न लगाने के प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के आदेश का उल्लंघन कर रहे है, वहीं इस आग से नेशनल हाईवे पर धुआं भी हो रहा है और सड़क किनारे खड़े पेड़ भी जल रहे है। बीती रात बनूड़ नेशनल हाईवे पर गांव बासमा के पास एक कबाड़ के दुकानदार ने रात करीब 9 बजे कॉपर निकालने के लिए बड़ी मात्रा में तारों में आग लगा दी, जिस कारण चारों ओर काला धुआं फैल गया और साहस लेने में भी दिक्कत आने लगी। आस-पास के गांवों के लोगों ने बताया कि इन दुकानों में ज़्यादातर चोरी का सामान बिकता है और ये दुकानदार सरकार को कोई जीएसटी या कोई दूसरा टैक्स नहीं देते, जिससे सरकार के रेवेन्यू को भी चूना लग रहा है। इलाके के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों से नेशनल हाईवे पर खुली कबाड़ की दुकानों की चेकिंग करने की अपील की है, ताकि प्रदूषण कंट्रोल हो सके। उन्होंने कहा कि ज़्यादातर दुकानें बाहर से आए लोगों ने खोली है, जो कुछ दिन कमाने के बाद गायब हो जाते है।

DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB

Draw Time: 06:00 PM ONWARDS — DATE:15/12/2025

RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 BEAST MONDAY WEEKLY LOTTERY

MRP Rs 50/- Per Ticket

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)
A 91695

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)
50246 51093 53055 69730 87175

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)
2916 9361

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
0500 1158 1248 1451 6303

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
4290 4760 7401 8144 9037

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
0978 3319 4691 8525 9730

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0016 | 0026 | 0036 | 0054 | 0059 | 0066 | 0067 | 0068 | 0074 | 0081 |
| 0089 | 0112 | 0116 | 0117 | 0132 | 0159 | 0169 | 0186 | 0188 | 0198 |
| 0228 | 0263 | 0284 | 0290 | 0308 | 0332 | 0350 | 0354 | 0359 | 0401 |
| 0404 | 0407 | 0409 | 0412 | 0417 | 0434 | 0471 | 0476 | 0493 | 0496 |
| 0497 | 0502 | 0503 | 0520 | 0524 | 0535 | 0553 | 0557 | 0564 | 0586 |
| 0624 | 0636 | 0645 | 0688 | 0700 | 0703 | 0707 | 0711 | 0713 | 0716 |
| 0721 | 0750 | 0780 | 0793 | 0800 | 0815 | 0823 | 0844 | 0876 | 0879 |
| 0904 | 0905 | 0908 | 0926 | 0931 | 0934 | 0935 | 0936 | 0973 | 0979 |
| 0980 | 1031 | 1042 | 1056 | 1094 | 1104 | 1114 | 1116 | 1147 | 1155 |
| 1156 | 1157 | 1185 | 1192 | 1224 | 1258 | 1261 | 1263 | 1267 | 1280 |
| 1294 | 1312 | 1318 | 1330 | 1333 | 1343 | 1370 | 1374 | 1433 | 1456 |
| 1460 | 1469 | 1509 | 1513 | 1525 | 1534 | 1535 | 1544 | 1580 | 1600 |
| 1602 | 1611 | 1613 | 1618 | 1619 | 1645 | 1656 | 1664 | 1673 | 1685 |
| 1686 | 1691 | 1726 | 1732 | 1740 | 1767 | 1811 | 1815 | 1830 | 1862 |
| 1880 | 1891 | 1979 | 2004 | 2008 | 2027 | 2029 | 2030 | 2076 | 2078 |
| 2095 | 2104 | 2124 | 2126 | 2170 | 2181 | 2190 | 2228 | 2233 | 2252 |
| 2262 | 2267 | 2282 | 2286 | 2290 | 2291 | 2301 | 2304 | 2323 | 2324 |
| 2327 | 2375 | 2379 | 2394 | 2421 | 2427 | 2436 | 2437 | 2446 | 2450 |
| 2452 | 2457 | 2484 | 2506 | 2536 | 2539 | 2548 | 2561 | 2577 | 2597 |
| 2607 | 2614 | 2669 | 2670 | 2703 | 2709 | 2710 | 2733 | 2736 | 2737 |
| 2756 | 2761 | 2764 | 2773 | 2780 | 2787 | 2811 | 2818 | 2850 | 2851 |
| 2853 | 2914 | 2923 | 2956 | 2967 | 2973 | 2976 | 2987 | 2989 | 3024 |
| 3025 | 3050 | 3077 | 3083 | 3097 | 3107 | 3140 | 3144 | 3182 | 3192 |
| 3208 | 3265 | 3273 | 3277 | 3279 | 3293 | 3316 | 3317 | 3340 | 3349 |
| 3410 | 3457 | 3463 | 3465 | 3488 | 3507 | 3525 | 3546 | 3554 | 3564 |
| 3612 | 3619 | 3627 | 3630 | 3638 | 3672 | 3687 | 3688 | 3708 | 3730 |
| 3733 | 3735 | 3743 | 3766 | 3768 | 3817 | 3847 | 3869 | 3874 | 3904 |
| 3942 | 3978 | 3982 | 4011 | 4096 | 4109 | 4126 | 4127 | 4134 | 4144 |
| 4149 | 4164 | 4167 | 4195 | 4207 | 4219 | 4221 | 4228 | 4250 | 4276 |
| 4310 | 4316 | 4321 | 4322 | 4343 | 4354 | 4355 | 4358 | 4359 | 4394 |
| 4395 | 4400 | 4429 | 4453 | 4468 | 4494 | 4498 | 4510 | 4514 | 4520 |
| 4540 | 4555 | 4556 | 4559 | 4561 | 4580 | 4598 | 4599 | 4604 | 4607 |
| 4615 | 4620 | 4635 | 4637 | 4642 | 4652 | 4685 | 4708 | 4722 | 4726 |
| 4741 | 4743 | 4782 | 4783 | 4810 | 4816 | 4830 | 4838 | 4875 | 4877 |
| 4884 | 4889 | 4920 | 4945 | 4973 | 4976 | 5002 | 5009 | 5015 | 5020 |
| 5045 | 5047 | 5063 | 5066 | 5091 | 5097 | 5106 | 5116 | 5131 | 5151 |
| 5216 | 5228 | 5236 | 5258 | 5287 | 5295 | 5297 | 5329 | 5331 | 5333 |
| 5352 | 5373 | 5419 | 5420 | 5444 | 5466 | 5477 | 5487 | 5512 | 5533 |
| 5546 | 5585 | 5587 | 5592 | 5610 | 5613 | 5617 | 5619 | 5620 | 5655 |
| 5669 | 5676 | 5686 | 5703 | 5712 | 5757 | 5761 | 5763 | 5766 | 5767 |
| 5817 | 5846 | 5871 | 5907 | 5932 | 5953 | 5962 | 5968 | 5969 | 5970 |
| 5975 | 5998 | 6002 | 6007 | 6014 | 6036 | 6045 | 6049 | 6054 | 6057 |
| 6077 | 6105 | 6109 | 6119 | 6139 | 6239 | 6263 | 6284 | 6315 | 6320 |
| 6350 | 6352 | 6361 | 6370 | 6386 | 6389 | 6393 | 6401 | 6404 | 6434 |
| 6435 | 6453 | 6458 | 6466 | 6477 | 6483 | 6505 | 6517 | 6527 | 6531 |
| 6535 | 6536 | 6542 | 6572 | 6601 | 6623 | 6625 | 6634 | 6646 | 6684 |
| 6691 | 6700 | 6709 | 6712 | 6722 | 6764 | 6773 | 6775 | 6789 | 6805 |
| 6830 | 6831 | 6842 | 6854 | 6866 | 6888 | 6901 | 6913 | 6921 | 6925 |
| 6983 | 6991 | 7011 | 7040 | 7046 | 7047 | 7050 | 7064 | 7067 | 7084 |
| 7097 | 7103 | 7119 | 7128 | 7137 | 7175 | 7177 | 7184 | 7185 | 7205 |
| 7211 | 7214 | 7220 | 7247 | 7254 | 7273 | 7293 | 7308 | 7311 | 7312 |
| 7355 | 7359 | 7362 | 7370 | 7383 | 7384 | 7406 | 7427 | 7428 | 7443 |
| 7452 | 7464 | 7477 | 7483 | 7496 | 7519 | 7529 | 7536 | 7555 | 7556 |
| 7568 | 7600 | 7601 | 7626 | 7635 | 7655 | 7664 | 7666 | 7677 | 7704 |
| 7726 | 7727 | 7729 | 7751 | 7754 | 7770 | 7775 | 7783 | 7828 | 7850 |
| 7878 | 7911 | 7917 | 7919 | 7928 | 7934 | 7941 | 7968 | 7971 | 7974 |
| 7977 | 8011 | 8036 | 8037 | 8060 | 8062 | 8088 | 8094 | 8098 | 8103 |
| 8131 | 8155 | 8245 | 8258 | 8288 | 8296 | 8307 | 8318 | 8323 | 8351 |
| 8357 | 8393 | 8414 | 8446 | 8454 | 8463 | 8469 | 8479 | 8491 | 8520 |
| 8522 | 8524 | 8533 | 8540 | 8542 | 8555 | 8575 | 8577 | 8580 | 8595 |
| 8606 | 8620 | 8629 | 8646 | 8664 | 8667 | 8668 | 8688 | 8700 | 8724 |
| 8727 | 8779 | 8782 | 8806 | 8810 | 8831 | 8835 | 8843 | 8863 | 8871 |
| 8879 | 8898 | 8917 | 8938 | 8940 | 8956 | 8963 | 8976 | 8977 | 8983 |
| 8984 | 9003 | 9026 | 9058 | 9059 | 9061 | 9063 | 9075 | 9083 | 9111 |
| 9123 | 9133 | 9148 | 9168 | 9218 | 9245 | 9252 | 9269 | 9293 | 9322 |
| 9323 | 9324 | 9326 | 9339 | 9340 | 9345 | 9370 | 9397 | 9418 | 9420 |
| 9423 | 9429 | 9436 | 9439 | 9444 | 9450 | 9452 | 9460 | 9475 | 9481 |
| 9484 | 9502 | 9510 | 9514 | 9517 | 9518 | 9521 | 9523 | 9559 | 9573 |
| 9594 | 9603 | 9615 | 9665 | 9719 | 9739 | 9743 | 9781 | 9796 | 9815 |
| 9836 | 9839 | 9890 | 9902 | 9921 | 9928 | 9932 | 9935 | 9943 | 9990 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

## बीकेआई से जुड़े गैंगस्टर से आतंकवादी बने दो व्यक्तियों को मुंबई पहुंचने पर किया काबू

गिरफ्तार किए गए आरोपी आईएसआई-समर्थित हरविंदर रिंदा और बीकेआई-ऑपरेटिव हैप्पी पासिया के अहम साथी थे: डीजीपी गौरव यादव

उक्त आरोपी विदेशों में बैठकर पंजाब में आतंकवादी गतिविधियां अंजाम देने की कर रहे थे कोशिश: सुखमिंदर मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 15 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों पर आतंकवाद और संगठित अपराध के खिलाफ छेड़ी मुहिम के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए पंजाब पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों के घनिष्ठ सहयोग से प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े गैंगस्टर से आतंकवादी बने दो व्यक्तियों को मुंबई पहुंचने पर सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी।

गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान साजन मसीह निवासी वेरोके, गुरदासपुर और सुखदेव कुमार उर्फ मनीष बेदी निवासी लाहौरी गेट, अमृतसर के रूप में हुई है। दोनों बड़े अपराधिक पृष्ठभूमि वाले आरोपी हैं और उनके खिलाफ बटाला और अमृतसर के विभिन्न थानों में हत्या, इरादतन कत्ल, हथियारों एवं विस्फोटक पदार्थों से संबंधित और गैर-कानूनी गतिविधियां (निवारण) एक्ट (यूएपीए) के तहत कई मामले दर्ज हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी पाकिस्तान आधारित आईएसआई-समर्थित हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा और अमेरिका आधारित बीकेआई-ऑपरेटिव हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी पासिया (हिरासत में) के अहम साथी थे।

उन्होंने आगे बताया कि गिरफ्तार आरोपी दुबई और आर्मेनिया सहित विदेशी स्थानों से काम कर रहे थे और पंजाब में अपराधिक एवं आतंकवादी गतिविधियां अंजाम देने की कोशिश कर रहे थे। डीजीपी ने इसे पंजाब पुलिस की बड़ी सफलता बताया।

जिक्रयोग्य है कि पंजाब पुलिस द्वारा विदेशों में शरण लेने वाले विभिन्न वांछित अपराधियों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) और रेड कॉर्नर नोटिस जारी किए गए हैं, जिसकी वजह से इन दोनों अपराधियों को ट्रैक करने में मदद मिली।

डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि दोषी बीकेआई से जुड़े एक नेटवर्क का हिस्सा थे, जो अमृतसर और बटाला के कई थानों पर ग्रेनेड हमलों और जौड़ीआं कलां के हरदीप सिंह तथा डेरा बाबा नानक के किराना स्टोर मालिक रवि कुमार की हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे। उन्होंने आगे बताया कि दोषी साजन मसीह एक अन्य मुख्य सहयोगी शमशेर शेरा उर्फ हनी, जो इस समय आर्मेनिया में रह रहा है, के भी संपर्क में था।

इस कार्रवाई संबंधी विवरण साझा करते हुए एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों के घनिष्ठ सहयोग से प्राप्त जानकारी पर कार्रवाई करते हुए स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) अमृतसर और काउंटर इंटेलिजेंस, पठानकोट की एक संयुक्त टीम तुरंत मुंबई रवाना हुई और जैसे ही दोनों अपराधी मुंबई पहुंचे, उन्हें हिरासत में ले लिया गया।

एआईजी ने आगे बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्ति पंजाब में अपने प्यादों को लॉजिस्टिकल सहायता, फंडिंग के ढंग-तरीके और रणनीतिक दिशा प्रदान कर रहे थे।

दोनों आरोपियों को थाना एसएसओसी अमृतसर में आर्म्स एक्ट की धारा 25, 29 और 30 तथा भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 61(2) के तहत दर्ज एफआईआर नंबर 47 दिनांक 25-08-2025 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## 'युद्ध नशों विरूद्ध' के 289वें दिन 4.5 किलो हेरोइन और 3.9 लाख रुपये की ड्रग मनी सहित 11 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार

नशा मुक्ति से संबंधित प्रयासों के तहत पंजाब पुलिस ने 5 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए किया राज़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** राज्य से नशों के पूर्ण उन्मूलन के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर चलाए जा रहे 'युद्ध नशों विरूद्ध' के 289वें दिन आज पंजाब पुलिस ने 132 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्यभर में 7 एफआईआर दर्ज कर 11 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही 289 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 40,236 हो गई है।

छापेमारी के परिणामस्वरूप गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 4.5 किलो हेरोइन और 3.9 लाख रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और एसएसपी को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। नशों के खिलाफ युद्ध की निगरानी के लिए पंजाब सरकार ने वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट उप-समिति का गठन भी किया है। इस ऑपरेशन के दौरान 32 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 500 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 80 से अधिक पुलिस टीमों ने पूरे राज्य में 132 स्थानों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि दिन भर चले इस अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने 142 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की।

यह भी उल्लेखनीय है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशों के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति-इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी)- लागू की है। इसी रणनीति के तहत आज पंजाब पुलिस ने 5 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

## जीएचजी कॉलेज सिधवां खुर्द में ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता के लिए शपथ समारोह का आयोजन

### स्टूडेंट्स के लिए ड्रग्स के बुरे असर पर डिबेट कॉम्पिटिशन भी हुए

डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी ने 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' कैंपेन शुरू किया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 15 दिसंबर।** 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' कैंपेन के तहत, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी ने जीएचजी कॉलेज, सिधवां खुर्द में स्टूडेंट्स को ड्रग्स के खिलाफ जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ इस बुराई को खत्म करने की शपथ दिलाई। इसके अलावा, स्टूडेंट्स के लिए ड्रग्स के बुरे असर पर डिबेट कॉम्पिटिशन भी आयोजित किए गए, जिसमें अलग-अलग क्लास के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया।

सीजेएम-कम-सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी, लुधियाना सुमित सभरवाल ने बताया कि कैंपेन के तहत, वकील, पैरा-लीगल वॉलंटियर्स, पैनल वकील अलग-अलग स्कूल/कॉलेजों में जाकर स्टूडेंट्स को ड्रग्स से दूर रहने के लिए मोटिवेट कर रहे हैं। पंजाब के युवाओं को ड्रग्स की बुराई से बचाने के लिए स्कूल और कॉलेजों में अवेयरनेस रैलियां निकाली जा रही हैं, डिबेट, पोस्टर मेकिंग कॉम्पिटिशन किए जा रहे हैं।

सेक्रेटरी सभरवाल ने यह भी बताया कि कॉलेज के स्टूडेंट्स कैसे अपने साथियों को मोटिवेट करके और ड्रग्स को खत्म करके देश का भविष्य बचा सकते हैं। बच्चों को कैंपेन के तहत जारी टोल फ्री नंबर 15100 के बारे में भी अवेयर किया गया।

उन्होंने दोहराया कि माननीय मेंबर सेक्रेटरी, पंजाब स्टेट डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, एस.एस. नगर और माननीय डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज-कम-चेयरपर्सन, डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज़ अथॉरिटी, लुधियाना द्वारा जारी गाइडलाइंस के अनुसार, 'यूथ अगेंस्ट ड्रग्स' कैंपेन की डिस्ट्रिक्ट लेवल पर लॉन्चिंग 06 दिसंबर, 2025 को की गई है, जो 06 जनवरी, 2026 तक चलेगी।

# हरियाणा में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल
# 8 आईएएस व 23 एचसीएस अधिकारियों के तबादले

आईएएस योगेश कुमार जिला नगर आयुक्त, करनाल, विराट अंबाला के अतिरिक्त उपायुक्त

कई अन्य अधिकारियों को भी सौंपा गया अतिरिक्त उपायुक्त का कार्यभार




अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से 8 आईएएस और 23 एचसीएस अधिकारियों के तबादले एवं नियुक्ति आदेश जारी किए हैं। आईएएस अधिकारी योगेश कुमार, जो वर्तमान में हैफेड के सचिव तथा आतिथ्य विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) के पद पर कार्यरत थे, को नगर निगम करनाल का आयुक्त और जिला नगर आयुक्त, करनाल नियुक्त किया गया है। विराट, जो मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव के ओएसडी थे, को अंबाला के अतिरिक्त उपायुक्त तथा एपीजेड, अंबाला के विशेष अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। विवेक आर्य, जो जींद के अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी तथा जिला परिषद व डीआरडीए, जींद के सीईओ थे, को कुरुक्षेत्र का अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। योगेश कुमार मेहता, जो सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) और विशेष सचिव थे, को करनाल का अतिरिक्त उपायुक्त नियुक्त किया गया है। प्रदीप कुमार-2, जो रोहतक में विशेष अधिकारी (स्वच्छता) थे, को जींद का अतिरिक्त उपायुक्त बनाया गया है। डॉ. सुशील कुमार-2, जो झज्जर के जिला नगर आयुक्त थे, को कैथल का अतिरिक्त उपायुक्त नियुक्त किया गया है। सुभिता ढाका, जो अब तक नियुक्ति की प्रतीक्षा में थीं, को पलवल का अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी लगाया गया है। जयदीप कुमार', जो पलवल में अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी के पद पर कार्यरत थे, को स्वच्छ भारत मिशन (शहरी)का मिशन निदेशक नियुक्त किया गया है। सोनू भट्ट, जो करनाल के अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी, जिला परिषद और डीआरडीए के सीईओ थे, को गुरुग्राम का अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्हें एचएसआईआईडीसी का अतिरिक्त प्रबंध निदेशक और ग्लोबल सिटी प्रोजेक्ट, गुरुग्राम का सीईओ भी बनाया गया है।

अभिनव सिवाच, जो पेहोवा में उप मंडल अधिकारी (नागरिक) के रूप में कार्यरत थे, को बहादुरगढ़ का उप मंडल अधिकारी (नागरिक) लगाया गया है। एचसीएस अधिकारियों में वत्सल वशिष्ठ, जो गुरुग्राम में अतिरिक्त उपायुक्त-सह-जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी थे, को मुख्य सचिव का ओएसडी-1 लगाया गया है। तरुण कुमार पवारिया, जो सामान्य प्रशासन, विदेशी सहयोग एवं समन्वय विभाग में संयुक्त सचिव थे, को महेन्द्रगढ़ का अतिरिक्त उपायुक्त लगाया गया है। माध्यमिक शिक्षा विभाग में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) और संयुक्त सचिव गौरव कुमार को राज्य चुनाव आयोग, हरियाणा में सचिव लगाया किया गया है। हरियाणा रोडवेज गुरुग्राम के महाप्रबंधक भारत भूषण गोगिया को एमएसएमई विभाग में अतिरिक्त निदेशक लगाया गया है। रिचा, जो नियुक्ति की प्रतीक्षा में थीं, को अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन ) तथा संयुक्त सचिव स्कूल एजुकेशन नियुक्त किया गया है। मेजर (सेवानिवृत्त) गायत्री अहलावत, जो हरियाणा रोडवेज फतेहाबाद की महाप्रबंधक थीं, को हरियाणा रोडवेज, गुरुग्राम का महाप्रबंधक लगाया गया है। प्रदीप अहलावत-2 जो मानेसर में विशेष अधिकारी (स्वच्छता) थे, को तोशाम का एसडीओ (सिविल) बनाया गया है। सुमीत सिहाग, जो पोस्टिंग की प्रतीक्षा में थे, को चकबंदी विभाग में संयुक्त निदेशक तथा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग में उप सचिव नियुक्त किया गया है। इसी तरह प्रदीप कुमार-3 को विशेष अधिकारी (स्वच्छता) पानीपत से स्थानांतरित कर करनाल का एसडीओ (सिविल) लगाया गया है। अनिल कुमार यादव को विशेष अधिकारी (स्वच्छता) यमुनानगर से इंद्री का एसडीओ (सिविल) लगाया गया है। सुशील कुमार-4, संयुक्त निदेशक (प्रशासन) फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन तथा सहकारी समितियों के ज्वाइंट रजिस्ट्रार, को यमुनानगर जिला परिषद एवं डीआरडीए का सीईओ तथा सहकारी समितियों का ज्वाइंट रजिस्ट्रार नियुक्त किया गया है। धीरज चहल, संयुक्त निदेशक,एमएसएमई को खनन एवं भू-विज्ञान विभाग में संयुक्त निदेशक लगाया गया है। अनिल कुमार दून, को विशेष अधिकारी (स्वच्छता) सोनीपत से पिहोवा का एसडीओ (सिविल) लगाया गया है। अंकिता अधिकारी, जो हरियाणा राज्य फार्मेसी काउंसिल की रजिस्ट्रार थीं, को श्रम विभाग में संयुक्त श्रम आयुक्त (प्रशासन) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। अप्रतिम सिंह, सिटी सिटी मजिस्ट्रेट पलवल को हथीन का एसडीओ (सिविल) नियुक्त किया गया है। प्रीति रावत, सिटी मजिस्ट्रेट चरखी दादरी, को पलवल का सिटी मजिस्ट्रेट बनाया गया है। सुरेश, जो पोस्टिंग की प्रतीक्षा में थे, को शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हड (नूंह) में संयुक्त निदेशक (प्रशासन) लगाया गया है। डॉ. वैशाली शर्मा व रवि मीणा, आईएएस तथा अशोक कुमार व नसीब कुमार, एचसीएस के नियुक्ति आदेश बाद में जारी किए जाएंगे।

## एसआईआर को लेकर विपक्ष फैला रहा झूठा भ्रम : ज्योति सैनी

कहा- भाजपा चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कभी सवाल नहीं उठाती

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 15 दिसंबर।** भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि विपक्ष द्वारा मतदाता सूची शुद्धिकरण को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम लोकतंत्र को कमजोर करने का सुनियोजित प्रयास है। जब-जब चुनाव सुधारों की बात होती है विपक्ष संसद से भागने और झूठे आरोप लगाने का रास्ता अपनाता है। ज्योति सैनी ने कहा कि एसआईआर कोई नया या असंवैधानिक विषय नहीं है, बल्कि यह एक सतत और संवैधानिक प्रक्रिया है जो 1952 से लेकर आज तक विभिन्न सरकारों के दौरान कई बार लागू की जा चुकी है। यह प्रक्रिया मृत मतदाताओं के नाम हटाने, दो स्थानों पर पंजीकृत नामों को हटाने, 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वालों के नाम जोड़ने तथा घुसपैठियों को मतदाता सूची से बाहर करने के लिए की जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान के अनुच्छेद 324, 325, 326 और 327 के अंतर्गत मतदाता सूची की तैयारी, उसका संशोधन और शुद्धिकरण पूरी तरह से चुनाव आयोग का अधिकार और दायित्व है। ज्योति सैनी ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के नेता वोट चोरी का झूठा नैरेटिव गढकर अपने राजनीतिक पतन को छिपाना चाहते हैं। जब वे चुनाव जीतते हैं तो चुनाव आयोग और मतदाता सूची ठीक होती है और जब हारते हैं तो वही व्यवस्था उन्हें खराब लगने लगती है। यह दोहरा मापदंड लोकतंत्र में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने हरियाणा, बिहार, कर्नाटक, महाराष्ट्र सहित कई राज्यों में झूठे आरोप लगाए, लेकिन हर बार तथ्य सामने आने पर उनके दावे खोखले साबित हुए। कहीं घर का नंबर मुद्दा बनाया गया, कहीं उम्र को लेकर भ्रम फैलाया गया, लेकिन सच्चाई यही है कि मतदाता सूची में कोई भी बदलाव नियमों और सत्यापन के बाद ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र में विश्वास रखती है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर कभी सवाल नहीं उठाती। भाजपा ने भी चुनाव हारे हैं, लेकिन कभी भी चुनाव आयोग या लोकतांत्रिक संस्थाओं को बदनाम नहीं किया।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रयागराज तीर्थ यात्रा का आयोजन, बैनर का किया शुभारंभ



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** श्याम दीवाने सेवा मंडल कुरुक्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक आज शहर के एक निजी होटल में आयोजित की गई। बैठक में मंडल के प्रमुख सदस्यों दिवाकर बंसल, अजय शर्मा, उमेश शर्मा, संजय गर्ग, निर्मल सैनी एवं राजेंद्र अरोड़ा ने भाग लिया। बैठक के दौरान श्रद्धालुओं के लिए प्रयागराज तीर्थ यात्रा आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान प्रयागराज यात्रा से संबंधित बैनर का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए दिवाकर बंसल ने कहा कि प्रयागराज सनातन संस्कृति की आत्मा है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम पर स्नान करने से जीवन पवित्र होता है और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति होती है। अजय शर्मा ने कहा कि सेवा मंडल का मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं को कम खर्च में सुरक्षित और अनुशासित यात्रा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक यात्री की सुविधा, ठहराव और यात्रा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाएगा। वहीं उमेश शर्मा ने कहा कि प्रयागराज तप, साधना और वैराग्य की भूमि रही है, जहां ऋषि-मुनियों ने कठोर तपस्या की। इस पावन धरा पर दर्शन मात्र से ही मन को शांति मिलती है। संजय गर्ग ने जानकारी दी कि यह तीर्थ यात्रा 29 जनवरी से 3 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी और यात्रा के लिए किराया मात्र 6000 रुपये रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इस पावन यात्रा का लाभ उठा सकें। श्याम दीवाने सेवा मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा किए जा रहे इस आयोजन की क्षेत्र में सराहना की जा रही है। मंडल भविष्य में भी इसी प्रकार धार्मिक, सामाजिक और सेवा भाव से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

### किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप विजेताओं को किया सम्मानित



**सनौली (अप्रस/मनदीप कुमार)।** अक्षज इंटरनेशनल स्कूल बापोली के विद्यार्थियों ने हरियाणा किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में विजेता हुए खिलाड़ियों को स्कूल पहुंचने पर सम्मान समारोह में सम्मानित किया। हरियाणा किड्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जिला पानीपत के बपौली ब्लॉक में स्थित अक्षज इंटरनेशनल स्कूल के होनहार एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण एवं दो रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। दो दिवसीय 13 एवं 14 दिसंबर 2025 को एथलेटिक्स हरियाणा द्वारा सी. आर. कॉलेज, सोनीपत में आयोजित इस प्रतियोगिता में मानिक पुत्र विकास, कक्षा चौथी, ग्राम जलालपुर ने अंडर-12 आयु वर्ग की 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं तन्मय पुत्र सोनू, कक्षा छठी, ग्राम जलालपुर ने 100 मीटर 4 रिले दौड़ में तथा हार्दिक पुत्र जोनू, कक्षा चौथी, ग्राम पसीना खुर्द ने 100 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किए। इन विद्यार्थियों का यह उत्कृष्ट प्रदर्शन उनकी कड़ी मेहनत, विद्यालय के मार्गदर्शन तथा विद्यालय के युवा, जुझारू एवं मेहनती प्रशिक्षकों रिंकू शर्मा, युधवीर एवं सुमन राठी के समर्पण का परिणाम है। इसके अतिरिक्त एस. जी. एफ. आई. गेमस सहित अन्य जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-11 आयु वर्ग जिला स्तर में हार्दिक पुत्र जोनू, हार्दिक पुत्र श्री रिंकू एवं दक्ष पुत्र संदीप ने कांस्य पदक प्राप्त किए। अंडर -11 आयु वर्ग खो-खो में श्रुति, लक्षिता, मानवी, खुशी, मन्नत, पीहू, चिष्ठा, ऐन्जल एवं हिमानी ने कांस्य पदक प्राप्त किया।अंडर-17 आयु वर्ग हैंडबाल में ऐन्जल, तनु, सृष्टि एवं राधिका ने कांस्य पदक हासिल किया। अंडर-17 आयु वर्ग वालीवाल में आयुष पुत्र श्री सोहन ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अंडर-19 आयु वर्ग में कुणाल पुत्र राकेश ने रजत पदक तथा अंशुल पुत्र शिव कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। विद्यालय द्वारा सभी विजेता विद्यार्थियों को विशेष धनराशि के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की मुखय अध्यापिका ड़ा. उपासना त्यागी, डायरेक्टर सतीश त्यागी एवं समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। मुख्य अध्यापिका ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों का यह शानदार प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि अक्षज इंटरनेशनल स्कूल शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देता है, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

## करनाल की 200 बेटियों ने सीखे आत्म रक्षा के गुर



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 15 दिसंबर।** एसके मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ़ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंटरनेशनल मास्टर सतीश कुमार राणा द्वारा आज के समय में बेटियों की सुरक्षा को देखते हुए जैन गर्ल्स स्कूल के प्रांगण में निशुल्क सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया जिसमें 200 बेटियों को सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग दी गई और बेटियों को मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस के बारे में जागरूक किया गया बेटियों को सेल्फ डिफेंस का परीक्षण दिया गया इस ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य बेटियों को सेल्फ डिफेंस सिखाकर आत्मनिर्भर बनाना है और शारीरिक और मानसिक विकास से भी स्ट्रांग करना है जिससे वह शरारती तत्वों का मुकाबला डटकर कर सके । इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल कोमल मैडम वाइस प्रिंसिपल वर्षा मैडम, शकुंतला मैडम, आंचल मैडम, पीटीआई अविनाश सर मौजूद रहे और सभी ने मास्टर सतीश कुमार राणा का कैंप लगाने पर उनका धन्यवाद किया ट्रेनर के रूप में सतीश कुमार राणा, सरिता रोहिल्ला, मिथुन कुमार, मौजूद रहे।

## राजौंद के सरकारी कॉलेज निर्माण कार्य में तेजी लाएं अधिकारी : अपराजिता

### शिक्षा एवं पंचायत विकास विभाग पीडब्ल्यूडी को दी जाने वाली जमीन को जल्द चिन्हित करें डीसी अपराजिता ने जारी किए आदेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**कैथल, 15 दिसंबर।** डीसी अपराजिता ने कहा कि राजौंद में प्रस्तावित राजकीय कॉलेज निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इसके लिए आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य को पूरा करें। इसके अलावा पीडब्ल्यूडी द्वारा जो यहां जमीन कॉलेज के लिए दी गई है, उस जमीन के बदले विभाग को दी जाने वाली तीन एकड़ जमीन उपलब्ध करवाने के लिए शिक्षा एवं पंचायत विकास विभाग आपसी तालमेल बनाए। विभाग को जल्द से जल्द यह जमीन उपलब्ध करवाए। डीसी अपराजिता सोमवार को सेमिनार कक्ष में कॉलेज निर्माण कार्य के संबंध में अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रही थीं। राजौंद में बनाए जा रहे सरकारी कॉलेज को लेकर पहले गांव बीरबांगड़ा में जमीन चिन्हित की गई थी। बाद में लोगों की मांग के अनुसार राजौंद में पीडब्ल्यूडी एवं जनस्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जमीन में यह कॉलेज बनाया जाना प्रस्तावित है। डीसी अपराजिता ने कहा कि कॉलेज निर्माण प्रक्रिया शुरू किए जाने में जो भी बाधाएं हैं, उन्हें दूर किया जाए। उन्होंने अधीक्षक अभियंता पीडब्ल्यूडी, एक्सईएन वरुण कंसल, डीडीपीओ ऋतु लाठर, उच्चतर शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी डा. मनोज बांबू से अब तक हुई प्रगति के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

**अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य में लाए तेजी:** इसके बाद डीसी ने कहा कि पीडब्ल्यूडी को जो जमीन अलॉट की जानी है, शिक्षा एव पंचायत एवं विकास विभाग के अधिकारी इसके लिए काम में तेजी लाएं। उपयुक्त जमीन चिन्हित करें। ताकि उस पर आगामी कार्रवाई पूरी की जा सके। उन्होंने राजौंद में चिन्हित किए गए कॉलेज भवन निर्माण स्थल एवं निर्माण कार्य शुरू किए जाने बारे में भी जानकारी हासिल की और कहा कि जो रिवाइज भवन का मानचित्र स्वीकृत करवाना है, विभागीय अधिकारी आपसी तालमेल बनाते हुए इस कार्य में भी तेजी लाएं। ताकि जल्द से जल्द कॉलेज निर्माण कार्य शुरू किया जा सके। डीसी ने कहा कि संबंधित अधिकारी जल्द इन निर्देशों का पालन करें और अगली बैठक में आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## भाजपा नेता ने अनेक विकास कार्यों का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 15 दिसंबर।** भाजपा नेता पंडित जय भगवान शर्मा (डीडी) ने ग्रामीण एवं शहरी विकास को नई दिशा देने वाले अनेक जनहितकारी कार्यों का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। उन्होंने सरकार द्वारा जनकल्याणकारी विकास योजनाओं की सराहना करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। उन्होंने गांव कराह साहिब में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाली दो गलियों का विधिवत शुभारंभ किया गया। वहीं छोटा सियाणा गांव में 5 लाख 12 हजार रुपये की लागत से बनने वाली गली का भी शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त गांव गढ़ी लांगरी में 5 लाख 5 हजार रुपये की लागत से तैयार की गई गली का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। पिहोवा के वार्ड नंबर 13 स्थित दीवान कॉलोनी में 35लाख की लागत से बनने वाले जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए नए ट्यूबवेल, 5 लाख की लागत से बनी आधुनिक हेल्थ जिम तथा 17 लाख 50000 हजार की लागत से बनने वाली गलियों के निर्माण कार्यों का नारियल फोड़कर व रिबन काटकर लोकार्पण किया गया। इन कार्यों से क्षेत्रवासियों को स्वच्छ पेयजल, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और मजबूत बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि सड़कों, पेयजल, स्वास्थ्य, स्वच्छता और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है, जिसका लाभ सीधे आमजन तक पहुंच रहा है। उन्होंने सरकार की नीतियों को जनहितकारी बताते हुए कहा कि आने वाले समय में पिहोवा क्षेत्र में और भी बड़े विकास कार्य देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर पालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, कराह साहिब के सरपंच साधुराम, दीपक महंत पार्षद ,जयपाल कौशिक पार्षद,विकास चोपड़ा पार्षद ,विक्की कौशिक ,,हन्नू चक्रपाणि भाजपा कार्यकर्ता, पंच, सरपंच तथा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### दस साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट कराना जरूरी

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने आधार कार्ड को निशुल्क अपडेट कराने की तारीख बढ़ाकर 14 जून 2026 कर दी गई है। यह मुफ्त सेवा केवल 'माय आधार पोर्टल' पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए नागरिकों को डेमोग्राफिक डाटा, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर आदि की जरूरत पड़ेगी। आधार अपडेट के लिए नाम, जन्मतिथि, रिहायशी प्रमाण पत्र या अन्य निर्धारित पहचान पत्र ऑनलाइन अपलोड करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद आधार अपडेट के लिए शुल्क देना होगा। ऑनलाइन अपडेट की सुविधा सिर्फ उन्हीं लोगों के लिए है, जिनका मोबाइल नंबर उनके आधार से लिंक है। डीसी ने बताया कि सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आधार कार्ड सबसे अहम दस्तावेज है और 10 साल पुराने आधार कार्ड को अपडेट करवाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यूआईडीएआई द्वारा आधार कार्ड को अपडेट करवाने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 14 जून कर दिया गया है। नागरिक स्वयं भी इस वेबसाइट पर जाकर आधार कार्ड अपडेट कर सकते हैं।

## नितिन नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर विकास गर्ग ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 15 दिसंबर।** राष्ट्रीय उद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग ने नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

विकास गर्ग ने इस नियुक्ति के लिए भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय संगठन की दूरदर्शिता और योग्य नेतृत्व को आगे बढ़ाने की नीति को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन उनके परम मित्र हैं और उनसे कई बार व्यक्तिगत मुलाकात हो चुकी है। नितिन नबीन एक सशक्त, कर्मठ और प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी हैं, जो सौंपे गए दायित्वों का पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर विकास गर्ग ने अपने कार्यालय में सभी कार्यकर्ताओं एवं व्यापारियों के साथ लड्डू बांटकर खुशी मनाई। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति संगठन के लिए गर्व का विषय है और इससे कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। विकास गर्ग ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में बिना किसी भेदभाव के कार्यकर्ताओं को उनकी मेहनत, काबिलियत और संगठन के प्रति निष्ठा के आधार पर जिम्मेदारियाँ दी जाती हैं। उन्होंने भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की भी सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि नितिन नबीन अपने नए दायित्व में संगठन को और अधिक मजबूत करते हुए देश और समाज के हित में उल्लेखनीय कार्य करेंगे।

## भगवान भक्ति मार्ग बताने के लिए अवतार लेते है

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 15 दिसंबर।** दिव्य ज्योति जाग्रती संस्थान द्वारा गाँव टीकरी में चल रही तीन दिवसीय हरि कथा में कथा वाचक सत्या भारती जी ने बताया समय-समय पर प्रभु इस धरती पर अवतार लेते हैं और पथ भ्रष्ट मानव जाति को भक्ति का मार्ग बताते हैं । प्रभु की दिव्य लीलाओं का तत्समय प्रयोजन तो था ही आज वर्षोपरांत भी हमारे लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। जिसस` हमारे जीवन का मार्ग दर्शक हो सके। अतएव प्रभु के जीवन से जुडी यह लीलाएं हमारे लिए खास महत्त्व इसलिए भी रखती हैं क्योंकि उनसे हमारी संस्कृति और लोक व्यवहार जुड़ा हुआ है। सुश्री सत्या भारती जी ने बताया कि महापुरुषों की लीलाओं को दिव्य लीला क्यों कहते हैं क्योंकि उनकी लीलाएं अलौकिक होती हैं। जिसमें प्रत्येक मानव को कुछ सीखने को मिलता है व उनकी अलौकिक लीलाओं को हम अपनी लौकिक बुद्धि से कैसे समझ सकते हैं।बाह्य इन्द्रियों से तो मानव संसार को ही नहीं देख सकता। जिस प्रकार से सृष्टि में अनेको सूक्ष्म जीवाणु पाए जाते हैं तथा हमारी पृथ्वी से लाखों मील दूर आकाश में बहुत से ग्रह नक्षत्र पाए जाते हैं जिसे मानव अपनी प्राकृतिक आँखों के द्वारा नहीं देख सकता। उन्हें देखने के लिए भी मानव को सूक्ष्मदर्शी जैसे यंत्र की आवश्यकता पड़ती है। तो फिर ईश्वर जिसे हमारे शास्त्रों में अगोचर की संज्ञा से विभूषित किया उसे भला मानव इन भौतिक आँखों के द्वारा कैसे देख सकता है। उन्होने बताया कि प्रभु की ऐसी दिव्य लीलाओं को हम अपने घट में भी देख सकते हैं। लेकिन इसके लिए दिव्य चक्षु की आवश्यकता है। तभी हम अपने अंतः करण में व्याप्त प्रभु को देख सकते हैं। जिन भक्तों ने ईश्वर के दर्शन किये उनके पास बाहरी नहीं भीतरी आँख भी थी।

## ग्रामीण क्षेत्र के विकास के बिना विकसित भारत की कल्पना संभव नही : जगमोहन आनंद

### विधायक ने रतनगढ़, जरीफाबाद, कलामपुरा, पुंडरक और डबरी मे किया लगभग तीन करोड़ से अधिक के कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 15 दिसंबर।** विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार को गांव रतनगढ़, जरीफाबाद, कलामपुरा, पुंडरक और डबरी में लगभग तीन करोड़ से अधिक के विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए।इस मौके पर विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विकास के बिना विकसित भारत की कल्पना करना संभव नही है। ग्रामीण आंचल का विकास इसलिए भी जरुरी है कि देश की अधिकांश आबादी गांवों में ही निवास करती है। इसी बात को ध्यान मे रखकर वर्तमान सरकार ने ग्रामीण विकास पर बल दिया है और पिछले लगभग 11 वर्षों में सबका साथ -सबका विकास की नीति को अपनाया है। विधायक ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के दूरदर्शी, जनहितैषी और प्रेरणादायी नेतृत्व में करनाल क्षेत्र निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। करनाल का हर गांव, हर गली और हर नागरिक विकास, विश्वास और सुविधाओं के साथ आत्मनिर्भर व सशक्त भविष्य की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रतनगढ़ बलजिंदर, मंडल महामंत्री बंसीलाल कलामपुरा, चौधरी दयानंद, कृष्ण, रामभज, संजीव कुमार, संदीप, बलराम, रिंकू पांचाल, श्याम, रवि, मदन, अर्जुन सिंह, देवेंद्र गुर्जर पुण्डरक, पूर्व सरपंच विक्रम, सरपंच नरेश कुमार, ब्लॉक समिति सदस्य दर्शन खटाना, रामपाल, जयपाल सहित अन्य उपस्थित रहे। गांव रतनगढ़ में हुई इन कार्यों की शुरुआत विधायक जगमोहन आनंद ने गांव रतनगढ़ में कश्यप चौपाल के कार्य का शिलान्यास, पंचायत घर को पूर्ण करने के कार्य का शिलान्यास, रतनगढ़ में गली एवं नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास और खेड़े से मंदिर तक फिरनी के निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। गांव पुंडरक मे इन विकास कार्यों को आगे बढ़ाया विधायक जगमोहन द्वारा गांव पुंडरक मे वाल्मीकि चौपाल के पुनर्निर्माण के कार्य का शिलान्यास और मुख्य चौक से ड्रेन तक नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। डबरी मे हुई इन कार्यों की शुरुआत विधायक जगमोहन आनंद ने डबरी में चौपाल के कार्य का उद्घाटन और महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती में सभी 10 गलियों व नालियों के निर्माण कार्य का उदघाटन तथा डबरी मे ही सामुदायिक केंद्र की चार दीवारी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। गांव कलामपुरा मे हुए उद्घाटन व शिलान्यास विधायक द्वारा गांव कलामपुरा में जनकल्याण और बुनियादी सुविधाओं को सशक्त करने वाले कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास कर एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाया गया। उनके द्वारा एच आर डी एफ योजना के अंतर्गत प्रजापत चौपाल के निर्माण का शिलान्यास, गांव के लिए सामुदायिक केंद्र के निर्माण का शिलान्यास, जसवीर के घर से गली निर्माण कार्य का शिलान्यास, शिव मंदिर के समीप सामुदायिक केंद्र के निर्माण का शिलान्यास किया गया। गांव जरीफाबाद को मिली सौगात विधायक द्वारा गांव जरीफाबाद में काछवा से जरीफाबाद तक 1 करोड़ 48 लाख की लागत से निर्मित सडक़ के सुदृढ़ीकरण कार्य का भव्य उद्घाटन किया गया, जिससे ग्रामीणों को सुरक्षित, सुगम और बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी।

# प्रदेश में कोई घटनाक्रम होता है तो व्यक्ति की अपेक्षा होती है न्याय मिले हमें इस विश्वास को कायम रखना है: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने 'विकसित भारत-सुरक्षा आयाम' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सुरक्षा सम्मेलन की अध्यक्षता की

पुलिस अफसरों से की स्मार्ट, पारदर्शी और जन केंद्रित पुलिसिंग की अपील



अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 15 दिसंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को पंचकूला में पुलिस अफसरों की बैठक लेते हुए स्पष्ट तौर पर कहा कि प्रदेश में जब भी कोई घटनाक्रम होता है तो व्यक्ति की अपेक्षा होती है कि उसे न्याय मिले और हमें इस विश्वास को कायम रखना है। पुलिस का कार्य केवल अपराध पर नियंत्रण तक सीमित नहीं है बल्कि आम नागरिक के मन में सुरक्षा, भरोसे और न्याय का विश्वास पैदा करना भी है। यही विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है। मुख्यमंत्री 'विकसित भारत-सुरक्षा आयाम' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सुरक्षा सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि रायपुर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों के 60 वें अखिल भारतीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखे गए विचार हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। वे राज्य स्तर पर पुलिस रणनीति को नई दिशा देने वाले हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार का यह स्पष्ट विश्वास है कि विकास की गति तभी निरंतर हो सकती है जब राज्य की कानून व्यवस्था मजबूत और निष्पक्ष हो। निवेश, उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास की हर बड़ी पहल की सफलता सीधे तौर पर पुलिस की दक्षता, ईमानदारी और पेशेवर क्षमता से जुड़ी है। ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन का जिक्र करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा पुलिस ने अंतर्राज्यीय गिरोहों, नशा तस्करों व साइबर अपराध के खिलाफ सफलता प्राप्त की है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को हरियाणा पुलिस के नेतृत्वकर्ता बताते हुए कहा कि आप केवल कानून के संरक्षक नही है, राज्य में सुशासन, सामाजिक स्थिरता की मजबूत आधारशिला भी है। इस अवसर पर उन्होंने फील्ड में दिन रात काम कर रहे हरियाणा पुलिस के प्रत्येक जवान तथा अधिकारी के साहस, समर्पण और अनुशासन की सराहना भी की। पुलिस महानिदेशक ओ पी सिंह ने तकनीक के महत्व पर बोलते हुए कहा कि अपराध सम्बन्धी चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीक की महत्वपूर्ण भूमिका है। आज के समय में तकनीक जैसे सीसीटीवी आदि का इस्तेमाल करके बड़े मामलों को सुलझाने में मदद मिली है। डीजीपी ने विश्वास दिलाया कि वर्ष 2047 तक निश्चित तौर पर विकसित भारत के सपने को साकार करने में पुलिस विभाग का अहम योगदान होगा। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा पुलिस जनता की आशाओं और आकांक्षाओं पर खरा उतरेगी।

### महिला पुलिसकर्मियों की संख्या होगी 25 प्रतिशत

इस अवसर पर गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला पुलिसकर्मियों की संख्या को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत तक करने की ऐतिहासिक घोषणा की है । उन्होंने बताया कि विभाग में 5750 पुलिसकर्मियों की भर्ती की प्रक्रिया जारी है जिसमें से 950 महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती शामिल है। इसके अलावा, सरकार ने पुलिस विभाग को 550 अतिरिक्त महिला कांस्टेबल की भर्ती की स्वीकृति भी दे दी है। डीजीपी ओपी सिंह ने विश्वास दिलाया कि वर्ष 2047 तक निश्चित तौर पर विकसित भारत के सपने को साकार करने में पुलिस विभाग का अहम योगदान होगा।

# दृढ़ निश्चय के साथ युवा बन सकते हैं देश और समाज की पहचान : मुकेश राणा

राजपूत समाज के गौरव मुकेश राणा बने मिस्टर इंडिया, राजपूत सभा ने किया भव्य सम्मान

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 15 दिसंबर।** सेक्टर-8 स्थित महाराणा प्रताप भवन में आयोजित राजपूत समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह के दौरान समाज के होनहार युवा और बॉडीबिल्डिंग में देश का नाम रोशन करने वाले मुकेश राणा को मिस्टर इंडिया बनने की उपलब्धि पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने मुकेश राणा को सम्मान प्रतीक भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वक्ताओं ने कहा कि मुकेश राणा ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह मुकाम हासिल कर न केवल राजपूत समाज बल्कि पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। मिस्टर इंडिया बनने पर सम्मानित होने के बाद मुकेश राणा ने कहा कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि मेरे परिवार, गुरुओं और पूरे राजपूत समाज का है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। मुकेश राणा ने बताया कि समाज से मिला यह सम्मान उन्हें और अधिक मेहनत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर खेल, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने की अपील की तथा कहा कि यदि युवा ठान लें तो वे किसी भी क्षेत्र में देश और समाज का नाम रोशन कर सकते हैं। मुकेश राणा जैसे प्रतिभाशाली युवा समाज के लिए प्रेरणा स्रोत्सम्मान समारोह में मौजूद नेताओं ने युवाओं से मुकेश राणा को अपना आदर्श मानते हुए खेल और फिटनेस के क्षेत्र में आगे बढने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुकेश राणा जैसे प्रतिभाशाली युवा समाज के लिए प्रेरणा स्रोत होते हैं और आने वाली पीढ़ी को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। राजपूत सभा की ओर से कहा गया कि समाज भविष्य में भी ऐसे खिलाड़ियों और प्रतिभाओं को हर संभव सहयोग और सम्मान देता रहेगा, ताकि वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### सांसद खेल महोत्सव ने रचा एक नया इतिहास

**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** हरियाणा में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है भारतीय जनता पार्टी की सरकार में अहम रोल अदा करने वाले राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने सांसद खेल महोत्सव 2025 के खेल संस्कृति का लोकसभा क्षेत्र में रचा एक नया इतिहास लिखा। सांसद खेल महोत्सव का ऐतिहासिक सफर 105 दिन और 29 स्टेडियम में 1500 मुकाबले में लगभग 45000 खिलाड़ियों ने भाग लिया सांसद महोत्सव के चर्चे सारे देश में जोरों पर हैं। सांसद महोत्सव 2025 सिरसा लोकसभा के आयोजन की सारी जिम्मेवारी निगरानी तक की कमान खुद सांसद सुभाष बराला ने संभाली हुई थी खेल दिवस से शुरू हुई युवाओं के खेल पंजीकरण से शुरू हुआ अभियान यह सिरसा लोकसभा क्षेत्र के हर गांव तक पहुंचा 13 दिसंबर को संसद खेल महोत्सव के ग्रैंड फिनाले पर पहुंचे हरियाणा मुख्यमंत्री नायब सैनी ने एमएम कॉलेज में मुख्यमंत्री बैतोर मुख्य अतिथि शिरकत की उन्होंने फतेहाबाद और सिरसा विधानसभा की टीमों के बीच खेले गए कबड्डी फाइनल का शुभारंभ कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्दन भी किया मुख्यमंत्री ने इतने बड़े और सुव्यवस्तिथ आयोजन के लिए सुभाष बराला को बधाई दी और उनकी टीम की सरहाना करते हुए सभी की पीठ थपथपाई सांसद खेल महोत्सव आयोजन की कामयाबी राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो के जन आंदोलन बनाने के संकल्प को साकार करता दिखाई दिया।

### राष्ट्रीय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** बाबू अनंत राम जनता महाविद्यालय कौल के प्रांगण में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में राजनीति विज्ञान विभाग एवं अर्थशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय स्तर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, निबंध लेखन प्रतियोगिता की थीम भारत में सुशासन रखी गई थी। प्रतियोगिता के आयोजक सचिव अंग्रेजी विभाग की अध्यक्षा डॉ. कुसुम कांगर रही व संयोजिका राजनीति विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. ममता रानी व अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्षा डॉ. अमनदीप कौर के देख रेख में संपन्न हुई। डॉ. ममता रानी ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, चंडीगढ़ एवं दिल्ली के कुल 57 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने मुख्य विषय को ध्यान में रखते हुए भारतीय संविधान की प्रासंगिकता और भारतीय संविधान में आर्थिक अधिकारों की प्राथमिकता, भारतीय प्रजातंत्र में मौलिक अधिकारों की भूमिका, न्यायिक वातावरण एवं भारतीय संविधान एक राष्ट्र एक चुनाव, संवैधानिक मूल्यों में युवाओं की भूमिका इत्यादि विषयों पर निबंध लिखे। प्रतियोगिता में अबोहर कालेज (पंजाब) की तानिया प्रथम, रिसर्च स्कॉलर, पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ के सरताज द्वितीय व संस्कार कॉलेज, उत्तर प्रदेश की मुस्कान तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. सुदीप कुमार, डॉ.अमनीत कौर, डॉ. प्रियंका ने निभाई।

# हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र : हुड्डा ने आज बुलाई कांग्रेस विधायक दल की बैठक

इनेलो विधायकों ने दिए 10 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तैयारी शुरू हो चुकी है। एक तरफ से जहां विधानसभा सचिवालय में सोमवार को बैठकों का सिलसिला शुरू हो गया है वहीं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने मंगलवार को चंडीगढ़ में विधायक दल की बैठक बुला ली है। हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र 18 दिसंबर से शुरू होगा।

हुड्डा द्वारा बुलाई गई बैठक में शीतकालीन सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। कांग्रेस की ओर से विधानसभा स्पीकर को दो बास्केटबाल खिलाडि?ों की मृत्यु के बाद खेल संसाधनों की सुविधा को लेकर काम रोको प्रस्ताव दिया जा सकता है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के आवास पर मंगलवार को दोपहर होने वाली बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह भी शामिल होंगे। बैठक में दिल्ली की वोट चोर-गद्दी छोड़ महारैली में हरियाणा से जुटाई गई भीड़ की समीक्षा की जाएगी। हरियाणा चूंकि दिल्ली के सबसे नजदीक है, ऐसे में महारैली में हरियाणा के कांग्रेस नेताओं ने सबसे अधिक भीड़ जुटाई है। बैठक में यह भी तय किया जाएगा कि आने वाले दिनों में वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान को किस तरह संचालित किया जाना है।

बैठक में खेलों की सुविधाओं पर भाजपा सरकार को सदन में घेरने की रणनीति पर चर्चा होगी। रोहतक के हार्दिक और बहादुरगढ़ के अमन की बास्केटबाल के मैदान में प्रैक्टिस के दौरान मृत्यु हो गई थी। यह मुद्दा कांग्रेस सांसदों ने लोकसभा में भी उठाया और लोकसभा स्पीकर को ज्ञापन सौंपकर अधिकारियों द्वारा सांसद निधि का समय से उपयोग नहीं किए जाने के आरोप लगाए थे। इसी मुद्दे पर कांग्रेस विधायक सदन में सरकार से सवाल पूछते नजर आएंगे। कांग्रेस विधायकों की ओर से सारे काम छोड़कर इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग स्पीकर से की जा सकती है।

हरियाणा सरकार ने हाल ही में किसानों को बारिश व बाढ़ से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा प्रदान किया है। कांग्रेस का आरोप है कि करीब साढ़े पांच लाख किसानों में से सिर्फ 60 हजार किसानों को यह मुआवजा राशि दी गई है। विपक्ष के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा राज्य के उन सभी किसानों को मुआवजा देने की मांग सदन में कर सकते हैं।

इस बीच इंडियन नेशनल लोकदल ने शीतकालीन सत्र में जनहित के मुद्दों पर स्पीकर को 10 ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भेजे हैं। इनेलो नेता अभय चौटाला के अनुसार पिछले कई सालों के दौरान 21 घोटाले हुए हैं। इनमें धान घोटाला सबसे प्रमुख है। खेल के मैदान सुरक्षित नहीं रह गये हैं। खिलाड़ियों का जीवन प्रैक्टिस के दौरान सुरक्षित नहीं है। किसानों को उनकी फसल का उचित मुआवजा नहीं मिल पाया है। इन सभी मुद्दों पर इनेलो विधायक ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के माध्यम से सदन में जवाब मांगते नजर आएंगे।

# सरदार पटेल का जीवन सादगी, त्याग और राष्ट्र सेवा का प्रतीक : रामचंद्र जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 15 दिसंबर।** हैफेड के पूर्व डायरैक्टर एवं समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने भारत के प्रथम गृहमंत्री और उपप्रधानमंत्री, 'लौह पुरुष' सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रीय एकीकरण के लिए उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। नई अनाज मंडी ढांड में बातचीत करते हुए समाजसेवी रामचंद्र जडौला ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के उन महानायकों में से थे, जिन्होंने न केवल अंग्रेज़ी शासन के विरुद्ध संघर्ष किया, बल्कि स्वतंत्रता के बाद बिखरे हुए भारत को एक सशक्त और संगठित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने में निर्णायक भूमिका निभाई। देशी रियासतों के एकीकरण का ऐतिहासिक कार्य उनके अदम्य साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति और दूरदर्शी नेतृत्व का प्रमाण है। उनके प्रयासों से 560 से अधिक रियासतें भारत संघ में सम्मिलित हुईं, जिससे आधुनिक भारत की मजबूत नींव पड़ी। रामचंद्र जडौला ने कहा कि गृह मंत्री के रूप में सरदार पटेल ने प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ किया और अखिल भारतीय सेवाओं की परिकल्पना को साकार रूप दिया। उनका मानना था कि एक सशक्त प्रशासन ही देश की एकता और स्थिरता का आधार बन सकता है। उन्होंने अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए शासन व्यवस्था को दिशा दी। पूर्व हैफेड डायरैक्टर रामचंद्र जडौला ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन सादगी, त्याग और राष्ट्र सेवा का प्रतीक रहा। वे किसानों के हितों के प्रबल समर्थक थे और बारडोली सत्याग्रह के माध्यम से उन्होंने किसान आंदोलन को नई दिशा दी। इसी आंदोलन के बाद उन्हें सरदार' की उपाधि मिली, जो आगे चलकर उनके व्यक्तित्व की पहचान बन गई। रामचंद्र जडौला ने कहा कि आज उनकी पुण्यतिथि पर देशवासियों ने यह संकल्प दोहराया कि वे उनके दिखाए मार्ग–प्रेम, सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रीय एकता पर चलेंगे।

# शीतकालीन सत्र की तीन बैठकों के लिए प्रश्नकाल का ड्रा

## 24 विधायकों के 60 सवाल हुए तय

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** हरियाणा विधानसभा के 18 दिसंबर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के प्रश्नकाल के लिए सोमवार को ड्रा निकाले गए। इस दौरान 3 बैठकों के लिए 24 विधायकों के नामों की पर्चियां निकाली गई। ड्रा के अनुसार इन विधायकों के 60 प्रश्न कार्यवाही में शामिल होंगे। विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की देखरेख में हुए ड्रा की पर्चियां विधान सभा अध्यक्ष और सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने निकाली।

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बताया कि शीतकालीन सत्र के लिए अभी 188 तारांकित और 82 अतारांकित प्रश्नों की सूचनाएं विधान सभा सचिवालय को प्राप्त हुई हैं। अभी तक मिली सूचनाओं के आधार पर 81 तारांकित तथा 30 अतारांकित प्रश्न स्वीकृत हुए हैं।

# डकैती और मारपीट के दोषी को 10 साल की कैद, 50 हजार जुर्माना

## घर के अन्य नौकरों को बंधक बनाकर लूटे थे एक करोड़ 28 लाख

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 15 दिसंबर।** एडीजे मोहित अग्रवाल ने डकैती के एक मामले में दोषी को 10 साल की कैद और 50000 रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस बारे में संजय तंवर निवासी कैथल ने 19 फरवरी 2022 को सिविल लाइन थाने में मुकदमा नंबर 61 कायम करवाया था। सरकार की ओर से मुकदमे की पैरवी एडीए बलिंदर सिंह ने की। बलिंदर ने बताया कि शिकायतकर्ता सजय तंवर के पास रूप सिंह निवासी नेपाल करीब 20-25 साल से घरेलु नौकर का काम करता था। करीब 15 दिन पहले गौतम मिगलानी निवासी मॉडल टाउन के नौकर अर्जुन वासी नेपाल ने संजय के पास प्रवीन नाम का एक लडक़ा वासी नेपाल को घर नौकरी पर रखवाया था। वे 18 फरवरी 2022 को अपने चाचा राव सुरेन्द्र सिह के लडक़े की शादी में चंडीगढ़ गये हुए थे। घर की देख रेख के लिए रूप सिंह, प्रवीन व कमला को घर पर छोड़ा था। अगली सुबह जब संजय शादी से लौटा तो देखा कि घर का दरवाजा खुला हुआ था। जब वह अन्दर गया तो देखा कि अलमारी टूटी हुई है जिसमें से कपड़े व जेवरात के खाली डिब्बे बैड पर मिले। बाथरूम में उसका नौकर घायल व बेहोशी की हालत में पाया गया। दूसरे कमरे में देखा तो वहां पर भी अलमारी टूटी मिली व उसमें से पैसे व जेवरात भी गायब थे। उपरी मंजिल पर भी कमरे की अलमारी टूटी हुई मिली व उसमे से भी गहने व पैसे गायव थे। घर के दोनों कुत्तों को भी कुछ खिलाकर बेहोश किया हुआ था। पता चला कि प्रवीन व उसको नौकरी पर रखवाने वाला अर्जुन रात से ही गायब हैं। संजय के मुताबिक प्रवीन व अर्जुन ने अन्य 4-5 साथियों के साथ मिलकर इस वारदातको अंजाम दिया है।


## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 63/ईटी/2025-26 दिनांक: 11.12.2025

| क्र.स. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01. | 11251238 | सेट ऑफ डोर कट आउट कम्पलीट फॉर एलएचबी कोचेज | 152 सेट | 06.01.2026 |
| 02. | 15255293 | सप्लाई, इन्स्टालेशन, कमीशिनिंग प्रोविंग आउट ऑफ सीएनसी रोबोटिक | 01 नग | 06.01.2026 |
| | | टोटल कास्ट ऑफ कॉम्प्रिहेसिव एएमसी फॉर पॉच वर्ष ऑफ्टर एक्सपायरी ऑफ वारंटी पीरियड ऑफ टू ईयर | 01 नग | |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 56/ईटी/2025-26 दिनांक: 14.11.2025 | टेंडर नं. 03251845 | निविदा खुलने की तिथि 12/12/2025 के स्थान पर तिथि 19/12/2025 पढ़ें। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/फॅर

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **RE-AMC-UROMAC-25-26-114** नियत तिथि: **01.01.2026** जारी की जाती है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मो को आमंत्रित की जाती है– यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम:** खुली निविदा के माध्यम से आधुनिक कोच फैक्ट्री लालगंज में दो वर्ष की अवधि के लिए 01 नग रेल सह सड़क वाहन (निर्माता–यूरोमैक) का स्पेयर पार्ट्स के बिना गैर–व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:** रु. 22,07,072.00 (बाईस लाख सात हजार बहत्तर रुपये मात्र)। **धरोहर राशि:** रु. 44,200.00। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु. 3,000.00। **कार्य समापन की अवधि:** दो वर्ष (24 माह)।
- **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय– 01.01.2026 को 15:30 बजे।**
- विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। कार्य प्रबंधक/ संयंत्र

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक–।।।/ एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **WTP-FWP-MCF-2025-03,** नियत तिथि: **02.01.2026** जारी की जाती है है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मो को आमंत्रित की जाती है– यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम:** एफडब्ल्यूपी/आरबीएल में जल उपचार संयंत्र पर खुली निविदा के माध्यम से दो वर्षों के लिए आवेदन एवं आपूर्ति के आधार पर सामग्री एवं अनुप्रयोगों की आपूर्ति। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:** रु. 55,99,284.08 (रु. पचपन लाख निन्यानवे हजार दो सौ चौरासी रूपए आठ पैसा मात्र) जिसमें 18% जीएसटी शामिल है। **धरोहर राशि:** रु. 1,12,000.00 (रु. एक लाख बारह हजार मात्र)। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य (अप्रैल 2022 जीसीसी के कार्य अनुबंध के पैरा–03 अनुसार)
- **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय– 02.01.2026 को 15:30 बजे।**
- विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उप मुख्य परियोजना प्रबंधक–।।।/एफडब्ल्यूपी

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक–।।।/ एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिये निविदा सूचना संख्या **Hosesreplacement-2025** नियत तिथि: **02.01.2026** जारी की जाती है है। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मो को आमंत्रित की जाती है– यह निविदा एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नाम:** कार्यक्षेत्र के अनुसार, FWP में फोर्जिंग क्षेत्र के होजों को एक बार बदला जाएगा। **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में:** रु. 58,31,259.00 (अठावन लाख इकतीस हजार दो सौ उनसठ रुपये) मात्र, जिसमें 18% की दर से जीएसटी शामिल है। **धरोहर राशि:** रु. 1,16,600.00 (एक लाख सोलह हजार छह सौ रुपये) मात्र। **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य (अप्रैल 2022 जीसीसी के कार्य अनुबंध के पैरा–03 अनुसार)
- **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय– 02.01.2026 को 15:30 बजे।**
- विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। उप मुख्य परियोजना प्रबंधक–।।।/एफडब्ल्यूपी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6226


**हरियाणा के राज्यसभा सदस्य कार्तिकेय शर्मा ने सदन में उठाया मुद्दा**

# हवाई यात्रियों को अधिकारों को जानकारी देने को चले अभियान

विमान की सीट के पीछे व हवाई अड्डों पर चस्पा करें अधिकारों का ब्यौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** हरियाणा के राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने आज राज्यसभा में हवाई यात्रियों के अधिकारों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यात्रियों को उनके अधिकारों की स्पष्ट जानकारी और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है, ताकि उड़ान में देरी, रद्द होने या अन्य व्यवधान की स्थिति में वे भ्रम और असमंजस का शिकार न हों।

कार्तिकेय शर्मा ने सोमवार को चंडीगढ़ में जारी जानकारी में बताया कि प्रश्नकाल के दौरान शर्मा ने कहा कि देश में नागरिक उड्डयन क्षेत्र का तेज़ी से विस्तार हुआ है, लेकिन इसके बावजूद बड़ी संख्या में यात्री, विशेष रूप से पहली बार हवाई यात्रा करने वाले, गैर-महानगरीय क्षेत्रों के यात्री, वरिष्ठ नागरिक और भाषा संबंधी कठिनाइयों का सामना करने वाले लोग, अपने अधिकारों से अनजान रहते हैं।

उन्होंने मंत्रालय पूछा कि यात्रियों को उड़ान में देरी की स्थिति में भोजन और जलपान, रात भर रुकने पर होटल सुविधा, उड़ान रद्द होने पर वैकल्पिक उड़ान या पूर्ण धनवापसी, तथा ओवरबुकिंग की स्थिति में मुआवजा आदि की सुविधाएं दी जा रही हैं।

कार्तिकेय शर्मा ने सुझाव दिया कि यात्रियों के अधिकारों से संबंधित जानकारी को हवाई अड्डों, एयरलाइन काउंटरों, बोर्डिंग गेट्स, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के साथ-साथ विमानों के भीतर सीटों के पीछे (सीट-बैक) भी प्रदर्शित किया जाना चाहिए, ताकि यात्री यात्रा के दौरान भी अपने अधिकारों को आसानी से जान सकें।

**मीत हेयर ने संसद में आंगनबाड़ी वर्करों और हेल्परों को मिलने वाले बेहद कम मानदेय को बढ़ाने का मुद्दा उठाया**

# खेलों में अनुदान राज्यों के खेल प्रदर्शन के अनुसार दिए जाएं : मीत हेयर

पंजाब को बाढ़ के घोषित पैकेज के साथ 20 हजार करोड़ रुपये देने की भी मांग उठाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**नई दिल्ली/चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** संगरूर से आम आदमी पार्टी के लोकसभा सदस्य गुरमीत सिंह मीत हेयर ने संसद में सप्लीमेंट्री मांगों पर चर्चा के दौरान कई ज्वलंत मुद्दे उठाए और अनुदान की मांग की।

मीत हेयर ने आंगनवाड़ी वर्करों और हेल्परों को स्थायी करने के साथ-साथ उन्हें मिलने वाले बेहद कम मानदेय को बढ़ाने, पंजाब को बाढ़ के लिए घोषित 1600 करोड़ रुपये के पैकेज के साथ वास्तविक नुकसान की भरपाई के लिए 20 हजार करोड़ रुपये देने की मांग उठाई। जनगणना न होने के कारण बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत नए राशन कार्ड तुरंत बनाने की भी मांग की। खेलों में जारी होने वाले अनुदानों में राज्यों के खेल प्रदर्शन को आधार बनाने की बात कही।

मीत हेयर ने विकसित भारत के मॉडल पर सवाल उठाते हुए कहा कि भुखमरी सूचकांक में भारत 123 देशों में से 102वें स्थान पर है। बच्चों के पालन-पोषण में आंगनवाड़ी वर्कर सबसे अहम भूमिका निभाती हैं, लेकिन उनका शोषण किया जाता है। केंद्र सरकार की ओर से वर्कर को मात्र 4500 रुपये और हेल्पर को 2250 रुपये दिए जाते हैं। सरकार उनके मानदेय बढ़ाकर स्थायी वेतन निर्धारित करे और उन्हें नियमित करे।

आम आदमी पार्टी के सांसद ने पंजाब में आई भीषण बाढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि पंजाब को करीब 20 हजार करोड़ रुपये का वित्तीय नुकसान हुआ है और बुनियादी ढांचा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा पंजाब के लिए 1600 करोड़ रुपये के बाढ़ पैकेज की घोषणा की गई थी, लेकिन अब तक कुछ भी नहीं मिला। केंद्र सरकार बाढ़ के घोषित पैकेज के साथ 20 हजार करोड़ रुपये तुरंत जारी करे।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए राशन कार्डों की कम संख्या का मुद्दा उठाते हुए मीत हेयर ने कहा कि कोविड के कारण 2021 में जनगणना नहीं हो सकी और आने वाले समय में भी इसकी कोई संभावना नहीं दिखती। उन्होंने कहा कि 2011 की जनगणना के अनुसार पंजाब में 14145000 राशन कार्ड बने हैं, जबकि आबादी में हुई वृद्धि को देखते हुए गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवारों की संख्या भी बढ़ गई है। इसलिए पंजाब में राशन कार्डों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।


खेल अनुदानों में पंजाब के साथ हो रहे भेदभाव का मुद्दा उठाते हुए मीत हेयर ने कहा कि खेलो इंडिया की ग्रांटों में पंजाब को नजरअंदाज किया गया, जबकि 2024 में गुजरात को करोड़ों रुपये दिए गए। 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों में गुजरात ने कोई पदक नहीं जीता, जबकि पंजाब के 8 खिलाड़ियों ने हॉकी में पदक जीता। उन्होंने कहा कि पंजाब में संसारपुर जैसे गांव भी हैं, जहां से एक ही गांव ने कई पदक विजेता खिलाड़ी पैदा किए हैं। उन्होंने मांग की कि खेलों में अनुदान राज्यों को उनके खेल प्रदर्शन के अनुसार दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत वर्ष 2030 में राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी कर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस बार सप्लीमेंट्री ग्रांटों में खेलों के लिए कोई मांग नहीं की।

## डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड प्रोजेक्ट: वादों दर वादों, देरी और बदइंतज़ामी से बदनामी

# संसद से सड़क तक गूंजा कचरा साफ करने का मुद्दा

**पांच साल से जारी सफाई अभियान, अब भी खत्म होने से दूर**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा






**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** शहर के सेक्टर-38 के पास स्थित डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड पिछले एक दशक से चंडीगढ़ के लिए एक गंभीर पर्यावरणीय और स्वास्थ्य संकट बना हुआ है। करीब 45 एकड़ में फैला यह स्थल वर्षों तक बिना उचित कचरा प्रसंस्करण और पृथक्करण के शहर का मुख्य कूड़ा डंपिंग पॉइंट बना रहा, जिससे यहां कचरे का विशाल पहाड़ खड़ा हो गया। डड्डूमाजरा में पहले जयप्रकाश एसोसिएट्स द्वारा 500 टन प्रतिदिन क्षमता का ठोस कचरा प्रसंस्करण संयंत्र लगाया गया था, लेकिन यह कभी भी अपनी पूरी क्षमता से नहीं चल पाया। नतीजतन, वर्षों का जमा लीगेसी वेस्ट यहीं पड़ा रहा, जिससे दुर्गंध, जहरीली गैसें और लीचेट (कचरे से निकलने वाला जहरीला तरल) आसपास के इलाकों के लिए खतरा बनता चला गया। वर्ष 2021 से 2023 के बीच डड्डूमाजरा की स्थिति इतनी खराब हो गई कि इसकी तुलना दिल्ली के कुख्यात लैंडफिल से होने लगी। स्थानीय लोगों की शिकायतों के बाद पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने नगर निगम से बार-बार जवाब मांगा और साइट को साफ करने के निर्देश दिए। चंडीगढ़ प्रदूषण नियंत्रण समिति (सीपीसीसी) ने निरीक्षण में लीचेट प्रबंधन में गंभीर खामियां पाई और नगर निगम को शो-कॉज नोटिस जारी किए। एनजीटी के निर्देश पर अब नए लीचेट ट्रीटमेंट प्लांट और समर्पित ड्रेनेज सिस्टम बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है।

नगर निगम ने वर्ष 2022 में बड़े पैमाने पर बायो-रिमेडिएशन शुरू की। करीब 5 लाख मीट्रिक टन लीगेसी वेस्ट को वर्ष 2022 के अंत तक साफ करने का दावा किया गया। स्वच्छ भारत मिशन-अर्बन 2.0 के तहत 68 करोड़ की परियोजना में कुल 12.7 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे को निपटाने का लक्ष्य रखा गया, जो अब 2025 तक खिंच चुका है। इसके साथ-साथ नए कंपोस्टिंग प्लांट और 600 टन प्रतिदिन क्षमता वाले इंटीग्रेटेड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट की योजनाएं बनीं, लेकिन स्थान और तकनीकी विवादों के कारण काम आगे नहीं बढ़ पाया।

नगर निगम ने कई बार सफाई पूरी होने की विभिन्न तारीखें घोषित कीं। पहले 25 दिसंबर 2024, फिर जून 2025, बाद में 31 जुलाई 2025 और अब 30 नवंबर 2025 तक की चर्चा इसके बावजूद अब भी लगभग 55,000 मीट्रिक टन कचरा पूरी तरह से प्रोसेस होना बाकि है। समय सीमा खत्म होने के दिन ही डंपिंग ग्राउंड में भीषण आग लग गई, जिससे मीथेन गैस और सुरक्षा खतरों की गंभीरता उजागर हो गई। मानसून के दौरान लीचेट दीवारों से बाहर बहकर आसपास के इलाकों तक पहुंच रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि इससे सांस, त्वचा और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। इस मामले को सांसद मनीष तिवारी ने संसद में उठाया और बार-बार बदलती डेडलाइन पर सवाल खड़े किए। वहीं, डड्डूमाजरा और आसपास के इलाकों के निवासी लगातार प्रदर्शन कर स्वास्थ्य सुरक्षा, पारदर्शिता और ठोस समयसीमा की मांग कर रहे हैं। डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड आज भी चंडीगढ़ की सबसे बड़ी पर्यावरणीय चुनौती बना हुआ है। सवाल यही है कि क्या 2025 के अंत तक शहर इस कचरे के पहाड़ से सचमुच छुटकारा पा सकेगा, या डेडलाइन एक बार फिर कागज़ों में ही सिमट कर रह जाएगी।

### वर्तमान स्थिति (2025 के अंत तक)

- -बायो-रिमेडिएशन जारी
- -लीचेट और स्वास्थ्य खतरे अब भी बरकरार
- -नए ट्रीटमेंट प्लांट की योजना
- -सफाई की समयसीमा बार-बार आगे बढ़ी

### समस्या क्यों बनी हुई है?

- -शहर में रोजाना पैदा होने वाले 550 टन कचरे के मुकाबले प्रसंस्करण क्षमता कम
- -वर्षों से जमा लीगेसी वेस्ट
- -प्रशासनिक और तकनीकी देरी
- -आग, लीचेट और पर्यावरणीय जोखिम

### डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड का राज्यपाल ने किया निरीक्षण, कचरा निस्तारण में तेजी और हरित क्षेत्र विकसित करने के निर्देश



पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने सोमवार को डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड का दौरा कर वहां चल रहे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जनस्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए पुराने कचरे के शीघ्र निस्तारण पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल ने बायो-माइनिंग और अन्य वैज्ञानिक तरीकों से पुराने कचरे को हटाने के कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में तीन मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) केंद्र कार्यरत हैं, जहां कचरे का पृथक्करण और प्रसंस्करण किया जा रहा है। इससे डंपिंग ग्राउंड पर नए कचरे के ढेर नहीं बन रहे हैं और पुराने कचरे के पहाड़ को हटाने का कार्य लगातार जारी है। अधिकारियों ने यह भी जानकारी दी कि फरवरी माह से डड्डू माजरा साइट पर कोई नया कचरा नहीं डाला जा रहा है। अब शहर का समस्त कचरा सीधे एमआरएफ केंद्रों में भेजा जा रहा है, जहां उसका वैज्ञानिक ढंग से निस्तारण किया जा रहा है। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि पुराने कचरे के निस्तारण की प्रक्रिया में और तेजी लाई जाए, ताकि आसपास रहने वाले लोगों को जल्द राहत मिल सके और पर्यावरण व स्वास्थ्य संबंधी लाभ सुनिश्चित किए जा सकें। राज्यपाल ने डंपिंग ग्राउंड क्षेत्र को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यहां व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए, जिससे पर्यावरण में सुधार हो और चंडीगढ़ की हरित आच्छादन क्षमता में वृद्धि हो।

### 30 जनवरी तक साफ हो जाएगा कचरा: मेयर



मेयर हरप्रीत कौर बबला का कहना है कि पहले 15 जनवरी कचरे को साफ करने की तारीख तय की गई थी लेकिन अब 30 जनवरी तक इसे समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल 40 हजार टन कचरा प्रोसेसिंग के लिये बचा हुआ है। जल्द काम पूरा होने की उम्मीद है। हाल ही में मैंने डड्डूमाजरा वेस्ट फिलिंग का दौरा किया था। काम में तेजी लाने को कहा गया है ताकि बार बार इसे समाप्त करने की डैडलाइन न बदलनी पड़े। सोमवार को राज्यपाल व प्रशासक, यूटी गुलाब सिंह कटारिया ने इसका दौरा किया और काम में तेजी लाने की हिदायतें दी।

### पूर्व मेयर व आप के इलाका पार्षद कुलदीप कुमार



ग्राउंड रिपोर्ट बताउं तो कुछ नहीं होगा। डैडलाइन दे रहे हैं। प्रशासन व प्रशासक को गुमराह कर रहे हैं। अगर कूड़े का ढ़ेर देखा जाए तो अगले साल मई जून तक साफ नहीं होगा। वैट वेस्ट के प्लांट से भी पूरा पहाड़ बन गया है। वह भी प्रोसेस नहीं हो रहा है। पहले ठीक किया था, अब फिर कूड़ा फैला दिया गया। एमसी के पास प्लांट ही नहीं है जहां कूड़ा प्रोसेस हो सके। एमआरएफ क्यों खोले हैं। इन्हें कैसे पैसे दिये जा रहे हैं। गवर्नर साहिब का दौरा हुआ तो क्या इलाके के पार्षद को क्यों नहीं बुलाया गया। डर के मारे नहीं बुलाया तो वास्तिवक स्थिति सामने आएगी और पोल पट्टी सामने आएगी।

### हर मर्तबा बस तारीख पर तारीख: कांग्रेस के पार्षद गुरप्रीत गापी



भाजपा का झूठा वादा है। हर बार नगर निगम की मीटिंग में नई तारीख दे दी जाती है। संसद में भी गलत रिपोर्ट दी है। यह भारतीय जनता पार्टी नहीं बल्कि भारतीय झूठी पार्टी है। डड्डूमाजरा का डंपिंग ग्राउंड पहाड़ कभी खत्म नहीं होगा क्योंकि यह भाजपा के लिये सोने की खान है। इसकी आड़ में करोड़ों रुपये बनाये जा रहे हैं लिहाजा भाजपा डंपिंग ग्राउंड का कूड़ा पूरी तरह साफ ही नहीं करना चाहती। कई साल से तो बतौर काउंसलर हमें नई तारीख देखने को मिल रही है। तारीख पर तारीख, तारीख पर तारीख जारी हो रही है। असल काम तो कोसों दूर है। इसकी आड़ में नकली बिल देकर पैसा बनाया जा रहा है।

### लगता नहीं डैडलाइन तक काम पूरो हा पायेगा: डंपिंग ग्राउंड ज्वाइंट एक्शन कमेटी (डीएमसी) के अध्यक्ष दयाल कृष्ण



जिस तरीके से साइट पर काम हो रहा है, लगता नहीं कि अभी भी शायद दी गई डैडलाइन तक काम पूरा हो पायेगा। प्रशासन किस चीज को साफ करना चाहता है। वहां फिर कचरे का ढ़ेर लगाया जा रहा है। 5 लाख टन वेस्ट साफ कर दिया गया है। कहीं कंपोस्ट प्लांट लगाकर कचरा गिरा दिया गया। थीम पार्क में बच्चों के खेलने की जगह पर सेनिटरी लैंडफिल बना दी गई। कचरे का एक ढ़ेर समाप्त कर दिया लेकिन दूसरी जगह अलग ढ़ेर लगा दिया। अब एनर्जी प्लांट लगाने की बात हो रही है। उसके लिये गोबर गिराये जाने की बात हो रही है। चंडीगढ़ में पशुपालन कहां होता है? प्रशासन की नीतियां समझ से बाहर हैं। जब यहां डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड को ताला लग जाएगा, तभी असल बात बनेगी। उन्होंने कहा कि दूसरा प्लांट लगाने के लिये इसकी सफाई हो रही है। कुत्तों के शैल्टर को भी यहां लाने की बात हो रही है। डड्डूमाजरा तो इंसानों का कम जानवरों का इलाका ज्यादा बन चुका है। लोग बदबू में रहने को मजबूर हैं। यहां रहने वालों की प्रशासन को कोई कद्र नहीं। दर्जनों गवर्नर व प्रशासक आ चुके हैं लेकिन बात वहीं की वहीं खड़ी है। पूरी तरह डंपिंग ग्राउंड साफ पता नहीं कब होगा?

### प्रशासक ने सेक्टर 26 सब्जी मंडी के भी देखे हालात

राज्यपाल ने ट्रांसपोर्ट नगर और सेक्टर-26 स्थित सब्जी मंडी का भी दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को यातायात प्रबंधन बेहतर बनाने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, स्वच्छता बनाए रखने और आम लोगों के लिए पर्याप्त शौचालय व अन्य स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सब्जी मंडी में राज्यपाल ने व्यापारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर चंडीगढ़ की महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला, मुख्य सचिव एच. राजेश प्रसाद, राज्यपाल के प्रधान सचिव विवेक प्रताप सिंह, गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़, उपायुक्त निशांत यादव, नगर आयुक्त अमित कुमार, मुख्य अभियंता सी. बी. ओझा सहित चंडीगढ़ प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान फायरिंग प्रमोटर राणा बलाचौरिया की मौत

**हमलावर खुद को फैन बताते हुए सेल्फी के बहाने राणा बलाचौरिया के करीब पहुंचे**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**मोहाली, 15 दिसंबर।** मोहाली के सोहाना इलाके में सोमवार को कबड्डी टूर्नामेंट के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अज्ञात हमलावरों ने बीच मैदान फायरिंग कर दी। इस हमले में कबड्डी टूर्नामेंट को प्रमोट कर रहे राणा बलाचौरिया के सिर में गोली लगी। गंभीर हालत में उन्हें फोर्टिस अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत की खबर है, हालांकि प्रशासनिक पुष्टि अभी बाकी है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सेक्टर-82 के मैदान में कबड्डी मैच चल रहा था और खिलाड़ी वार्मअप कर रहे थे। इसी दौरान बोलेरो सवार हमलावर खुद को फैन बताते हुए सेल्फी लेने के बहाने राणा बलाचौरिया के करीब पहुंचे और अचानक फायरिंग शुरू कर दी। करीब 4 से 6 राउंड गोलियां चलाई गईं, जिसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। कुछ बदमाशों को बाइक पर भागते हुए भी देखा गया।

फायरिंग की आवाज सुनते ही मैदान में मौजूद खिलाड़ियों और दर्शकों में भगदड़ मच गई। शुरुआत में लोगों को पटाखों की आवाज लगी, लेकिन जल्द ही स्थिति की गंभीरता सामने आ गई। यह पूरा घटनाक्रम टूर्नामेंट की लाइव रिकॉर्डिंग में भी कैद हो गया।

मोहाली के एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि फिलहाल फायरिंग में केवल प्रमोटर राणा बलाचौरिया को ही गोली लगी है। हमलावरों की संख्या 3 से 4 बताई जा रही है। पुलिस गैंगस्टर एंगल से भी जांच कर रही है और बंबीहा गैंग की भूमिका को लेकर शक जताया जा रहा है। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, राणा बलाचौरिया की बंबीहा गैंग के लक्की पटियाल से पुरानी रंजिश हो सकती है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई।

बताया जा रहा है कि राणा बलाचौरिया, जिनका असली नाम कंवर दिग्विजय सिंह था, मूल रूप से बलाचौर के रहने वाले थे और पिछले कुछ समय से मोहाली में रह रहे थे। वह एक कबड्डी खिलाड़ी होने के साथ-साथ एक्टिंग में भी रुचि रखते थे। पिछले एक साल से वह कबड्डी टीमों के प्रमोटर के तौर पर सक्रिय थे और सोहाना कबड्डी कप में दो टीमों को लेकर आए थे।

### 10 दिन पहले हुई थी राणा की शादी

खास बात यह है कि राणा बलाचौरिया की शादी महज 10 दिन पहले ही हुई थी, जिससे यह घटना और भी ज्यादा दर्दनाक हो गई है। घटना के समय पंजाबी सिंगर मनकीरत औलख के भी टूर्नामेंट में पहुंचने की संभावना थी, लेकिन उनके आने से करीब आधे घंटे पहले ही यह वारदात हो गई। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## भाजपा चंडीगढ़ द्वारा राम दरबार में दो दिवसीय जनकल्याणकारी योजनाओं का पांचवां कैंप सफलतापूर्वक संपन्न

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा के नेतृत्व में जनसेवा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए राम दरबार फेस-2, चोपड़ा मार्केट में दो दिवसीय जनकल्याणकारी योजनाओं का पांचवां कैंप सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कैंप का उद्देश्य केंद्र एवं प्रशासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सरल, पारदर्शी और त्वरित रूप से पहुंचाना रहा।

कैंप का आयोजन जिला अध्यक्ष रविंद्र मलिक के मार्गदर्शन में जिला टीम के सभी पदाधिकारियों, संबंधित मंडल अध्यक्ष तथा मंडल टीम के सहयोग से किया गया। स्थानीय कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी और सुनियोजित प्रबंधन के कारण कैंप में बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की इंचार्ज सोनिया दुग्गल ने पूरे आयोजन में समन्वय, व्यवस्थापन और सेवाओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए मुख्य भूमिका निभाई। कैंप के दौरान कुल 802 नागरिकों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 650 पात्र लाभार्थियों के कार्ड बनाए गए। इसके अतिरिक्त 100 नागरिकों के पेंशन से संबंधित आवेदन प्रपत्र मौके पर ही भरवाए गए।

नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड तथा आभा कार्ड जैसी महत्वपूर्ण सेवाएं स्थल पर ही तैयार कर वितरित की गईं, जिससे लोगों को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े।

यह कैंप समाज के श्रमिक वर्ग, वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और जरूरतमंद परिवारों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हुआ। मौके पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक आवेदक को योजनाओं की पात्रता, लाभ और आगे की प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी दी। डिजिटल सेवाओं के माध्यम से दस्तावेजों की त्वरित प्रोसेसिंग ने पारदर्शिता और विश्वास को और मजबूत किया।

भारतीय जनता पार्टी चंडीगढ़ प्रदेश का यह प्रयास 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की भावना को साकार करता है। पार्टी भविष्य में भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे जनकल्याणकारी कैंप आयोजित कर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। नागरिकों से मिले सकारात्मक प्रतिसाद ने यह सिद्ध किया कि जनसेवा आधारित ऐसे आयोजन समाज में वास्तविक बदलाव लाने में प्रभावी भूमिका निभाते हैं।

## चंडीगढ़ नगर निगम ने कूड़ा फेंकने पर 13,401 रुपये का चालान लगाया; पार्सल पर्ची से उल्लंघनकर्ता का पता चला

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह





**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** कूड़ा फेंकने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एमएसडब्ल्यू) नियमों के उल्लंघन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए, चंडीगढ़ नगर निगम ने सेक्टर 15-बी के एक निवासी पर सार्वजनिक स्थान पर कूड़ा फेंकने के लिए 13,401 रुपये का चालान जारी किया है।

नियमित निरीक्षण के दौरान, एमसीसी स्वच्छता दल को खुले में मिश्रित कचरे से भरा एक पार्सल पड़ा मिला। जांच करने पर, दल ने पार्सल पर्ची पर उल्लिखित पते के माध्यम से उल्लंघनकर्ता का पता लगाया, जो गैर-जिम्मेदार कचरा निपटान को रोकने के लिए एमसीसी की सख्त निगरानी और जवाबदेही तंत्र को दर्शाता है।

उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए, एमएसडब्ल्यू नियमों के प्रावधानों के अनुसार चालान जारी किया गया। एमसीसी आयुक्त ने दोहराया कि किसी भी परिस्थिति में कूड़ा फेंकना और खुले में कूड़ा डालना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

आम जनता से अपील करते हुए आयुक्त ने नागरिकों से आग्रह किया कि वे खुले स्थानों में कूड़ा न फेंके और इसके बजाय गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करके नगर निगम के निर्धारित संग्रहण वाहनों को सौंप दें। स्वच्छता बनाए रखने और चंडीगढ़ को स्वच्छता में नंबर 1 शहर बनाने के नगर निगम के सामूहिक प्रयास में जनता का सहयोग आवश्यक है।

# सेक्टर 33 के टैरिस्ड गार्डन में गुलदाउदी शो 19 दिसंबर से

**नगर प्रशासक करेंगे एमसी के इस भव्य समारोह का उद्घाटन, तैयारियां पूरी**

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** एमसीसी की तरफ से सेक्टर 33 के टेरिस्ड गार्डन में प्रतिवर्ष की भांति दिसंबर में आयोजित होने वाला 'गुलदाउदी शो' इस बार कुछ विशेष और अलग ही अंदाज में मनाये जाने की तैयारी चल रही है।

एमसी के हार्टीकल्चर विंग के एक अधिकारी ने बताया कि सेक्टर 33 के टैरेस्ड गार्डन में आगामी 19 से 21 दिसंबर यानि लगातार 3 दिनों तक चलने वाले समारोह की लगभग सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। इस वार्षिक समारोह में महात्मा गांधी, कस्तूरबा गांधी व चंगेजखान के नाम पर गुलदाउदी के पुष्प देखने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा मिस इंडिया, राजा, आटोमन किंग, सोनार बांग्ला जैसे आकर्षक फूल भी समारोह की शोभा बढ़ाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस वर्ष गुलदाउदी शो का आयोजन बड़े स्तर पर करने की प्लानिंग है। इसमें प्रतियोगिताएं, फ्लोरल क्विज, पुरस्कार वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम और उद्घाटन व समापन समारोह शामिल होंगे। इसके अलावा झूलों को लगवाने का प्रयास भी किया जा रहा है।

### सभी प्रतियोगिताएं होंगी

बता दें कि विगत वर्ष 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित किये गये शो में फंड क्रंच के चलते सिर्फ पाट्स की प्रदर्शनी हुई थी। किंतु इस बार सभी प्रतियोगिताएं करायी जायेंगी। नगर निगम के बागवानी विभाग द्वारा टैरिस्ड गार्डन के पास फूलों को तैयार किया जा रहा है। इस काम में कई माली व विभाग के अधिकारी दिन-रात परिश्रम कर रहे हैं, ताकि आयोजन में किसी भी प्रकार की कमी न रहने पाये। फूलों की कुछ किस्में बाहर से भी मंगवाई गई हैं।

### फूलों की संभाल करनी पड़ती है

एक-एक फूल को संभालने में बड़ा वक्त लगता है। इस बार बारिश के सीजन में ज्यादा बारिश के कारण कुछ फूलों को क्षति पहुंचने के कारण यह आयोजन लगभग एक सप्ताह बाद कराया जा रहा है।

### इस बार होंगी फूलों की केवल 260 किस्में

विगत वर्ष के मुकाबले फूलों की संख्या इस बार 260 ही रखी गई है, पिछले वर्ष यह संख्या 272 थी। उद्घाटन व समापन समारोह के दौरान इस बार फूड कोर्ट भी लगाया जायेगा। इस बार गुलदाउदी शो का उद्घाटन आगामी 19 दिसंबर को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया के कर कमलों से किया जायेगा। सुविज्ञ सूत्रों के अनुसार इस बार टैरिस्ड गार्डन सेक्टर 33 में आयोजित होने वाले गुलदाउदी शो का उद्घाटन 19 दिसंबर को नगर प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल महामहिम गुलाबचंद कटारिया के करकमलों से संपन्न होगा। समारोह में मेयर हरप्रीत कौर बबला के अलावा नगर निगम के कमिश्नर एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अमित कुमार और उनके सभी सहयोगी अधिकारी शामिल होंगे। सबसे ज्यादा सहयोग इस समारोह में एमसी के हार्टीकल्चरल विंग के सुपरिटेंडिंग इंजीनियर के.पी. सिंह और उनके सहयोगी इंजीनियरों, मालियों, सफाई कर्मियों का रहेगा। समारोह की सफलता की चाबी इन्हीं के हाथों में रहती है।

सम्पादकीय

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर हमला असहिष्णुता का बड़ा उदाहरण

ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी के बोंडी बीच पर हनुक्का पर्व मना रहे लोगों पर अंधाधुंध गोलीबारी और इस दौरान 11 की मौत और 30 के करीब लोगों का घायल होना बेहद चिंताजनक एवं परेशान करने वाला घटनाक्रम है। बेशक, पश्चिमी देशों में अनेक जगह ऐसी वारदातें सामने आ रही हैं, लेकिन भारत के लोग ऐसे हमलों के जैसे आदी हो चुके हैं और पूरी दुनिया जानती है कि वह कौन देश है, जोकि ऐसे आतंकियों को पालता-पोषता और फिर उन्हें बंदूक थमाकर भारत भेज देता है। इसी साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में इसी प्रकार की कायराना हरकत अंजाम दी जा चुकी है, जिसमें उद्यान के अंदर भ्रमण करने आए पर्यटकों पर गोलीबारी कर उनकी हत्याएं कर दी गई थी। उस हमले के आरोपियों की तलाश जारी है, लेकिन इस दौरान भारत ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान से अपने नागरिकों की हत्याओं का बदला ले चुका है। यह पाकिस्तान के लिए बेहद शर्मनाक है कि सिडनी में हुए हमले में एक आरोपी को पाकिस्तानी बताया गया है। निश्चित रूप से पूरी दुनिया में पाकिस्तानी होना एक गाली की तरह है और पाकिस्तान के लोग विदेश में अपनी पहचान अगर छिपाते फिरते हैं, तो उसकी एकमात्र वजह यही है। आतंक, बंदूक और खून जैसे कुछ लोगों की फितरत बन चुका है और वे निहत्थे, निर्दोष लोगों पर गोलियां बरसाकर अपनी कुत्सित सोच का प्रदर्शन करते हैं। सिडनी में बोंडी बीच पर यहूदी समाज के लोग अपना पर्व मना रहे थे।

**गौरतलब है कि ऐसा सामने आया है, जिसके अनुसार आस्ट्रेलिया ने उन इस्लामिक चरमपंथी समूहों की हरकतों पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया है, जो कि यहूदियों को धमकाने में लगे हुए थे। इजरायल वह देश है, जोकि आज अपने साहस एवं दृढ़ निश्चय के बूते इस्लामिक देशों के बीच कायम है। हमास से संघर्ष के बाद यह तय है कि उसके दुश्मनों की तादाद कम होने के बजाय और बढ़ गई है। ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समाज पर हुआ हमला यह बताने को काफी है कि किस प्रकार इस्लामिक चरमपंथी अपनी कुत्सित सोच को ठंडा करने के लिए निहत्थे लोगों पर हमला कर सकते हैं। यह वह समय है, जब अमेरिका समेत दूसरे देशों को यह समझने की जरूरत है कि आतंकवाद का अब कोई चेहरा नहीं रह गया है, वह बहुभाषी और बहु चरित्र वाला है।**

सिडनी की वारदात धार्मिक असहिष्णुता का जीता-जागता उदाहरण है। यहां यहूदी समाज के लोग अगर अपना पर्व मनाने में जुटे थे, तो उन हमलावरों को इससे क्या दिक्कत थी। बेशक, पश्चिमी देश संसाधनों के मामले में खुद को ज्यादा सक्षम बताते हैं, लेकिन हैरत की बात है कि इतनी बड़ी तादाद में पहुंचे लोगों की सुरक्षा के लिए स्थानीय पुलिस प्रशासन ने कुछ भी प्रबंध नहीं किए थे और उन पर दूर से निशाना साधते हुए गोलियां चलाई गई और चुन-चुन कर लोगों को मारा गया। यह वास्तव में ही बहुत हैवानियत भरा कृत्य था। बेशक इस दौरान एक हमलावर पुलिस की जवाबी कार्रवाई में मारा गया लेकिन दूसरे को जिंदा पकड़ लिया गया। इस दौरान एक स्थानीय नागरिक की जिंदादिली भी दुनिया को सदैव याद रहेगी, जिसने अपनी जान की परवाह न करते हुए एक हमलावर को पीछे से पकड़ कर उससे बंदूक छिन ली और उसे पीछे हटने को मजबूर कर दिया। निश्चित रूप से ऐसा न किया जाता तो आरोपी और लोगों की भी हत्या कर चुका होता। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी एल्बनीज ने इसे ऑस्ट्रेलिया के दिल पर हमला करार दिया है। निश्चित रूप से ऐसा ही है। ऑस्ट्रेलिया एक शांतिपूर्ण देश है, वहां इससे पहले ऐसी किसी वारदात के बारे में नहीं सुना गया है। लेकिन इस हमले जिसे खुद प्रधानमंत्री एल्बनीज ने यहूदी समाज विरोधी और आतंकी कृत्य बताया है, बहुत गंभीर मामला है।

गौरतलब है कि ऐसा सामने आया है, जिसके अनुसार आस्ट्रेलिया ने उन इस्लामिक चरमपंथी समूहों की हरकतों पर समय रहते अंकुश नहीं लगाया है, जो कि यहूदियों को धमकाने में लगे हुए थे। इजरायल वह देश है, जोकि आज अपने साहस एवं दृढ़ निश्चय के बूते इस्लामिक देशों के बीच कायम है। हमास से संघर्ष के बाद यह तय है कि उसके दुश्मनों की तादाद कम होने के बजाय और बढ़ गई है। ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समाज पर हुआ हमला यह बताने को काफी है कि किस प्रकार इस्लामिक चरमपंथी अपनी कुत्सित सोच को ठंडा करने के लिए निहत्थे लोगों पर हमला कर सकते हैं। यह वह समय है, जब अमेरिका समेत दूसरे देशों को यह समझने की जरूरत है कि आतंकवाद का अब कोई चेहरा नहीं रह गया है, वह बहुभाषी और बहु चरित्र वाला है। वह भारत में पाकिस्तान प्रायोजित रंग-रूप लेकर आ सकता है। वह संसद पर हमला कर सकता है, वह देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में मारकाट मचा सकता है, वह कश्मीर घाटी में जवानों के काफिले को बारूद से उड़ा सकता है। वह राजधानी दिल्ली में कार में विस्फोटक लादकर उससे आत्मघाती विस्फोट कर दर्जनों लोगों की जान ले सकता है। वहीं वह आस्ट्रेलिया में एक समंदर के किनारे निर्दोष लोगों की जान ले सकता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलिया में हिंसक हमले पर दुख जताते हुए जो बात कही है, वह वैश्विक समाज को सबक होना चाहिए। उनका यह कहना उचित है कि भारत आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है और इसके सभी रूपों के विरुद्ध लड़ाई का समर्थन करता है। यह वह समय भी है, जब अमेरिका जैसे देशों को उन देशों से जवाब मांगना चाहिए जोकि आतंकवादियों के पालने बन चुके हैं। भारत जब उन पर कार्रवाई करता है तो वे अमेरिका की शरण में चले जाते हैं और अमेरिका कारोबार की शर्तों पर फिर उनके लिए डील करता नजर आता है। यानी इंसानों के खून और उनकी आहों के सौदागर देशों को अब अपने मंसूबों पर लगाम लगानी चाहिए।

# आदिवासी महिलाओं की भूमिका और नेतृत्व

दैनिक अर्थ प्रकाश

भारत विविध सांस्कृतिक परंपराओं और जीवन-पद्धतियों वाला समृद्ध देश है, और इसमें अनुसूचित जनजातियों की आबादी 10.45 करोड़ से अधिक है, जो देश की कुल जनसंख्या का लगभग 8.6 प्रतिशत है। यह केवल जनसंख्या का आंकड़ा नहीं, बल्कि भारत की जीवंत, प्राचीन और बहुविध सांस्कृतिक धरोहर का अद्वितीय स्वरूप है। यह समुदाय न केवल प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संवाहक रहा है, बल्कि अपनी समृद्ध परंपराओं, भाषा-भाषाई विविधता और मौलिक ज्ञान प्रणालियों के माध्यम से भारत की सांस्कृतिक पहचान को निर्मित करता रहा है। रामायण और महाभारत जैसे प्राचीन ग्रंथों में भी इनके पराक्रम, बुद्धिमत्ता और प्रकृति से गहरे संबंध का उल्लेख मिलता है।

फिर भी, लंबे समय तक आदिवासी समाज को मुख्यधारा के विकास से दूर रखा गया। उन्हें एक जीवित संस्कृति के संरक्षक के रूप में तो देखा गया, पर समान भागीदार के रूप में नहीं। विशेषकर आदिवासी महिलाओं के नेतृत्व, कौशल, सामाजिक समझ और समुदाय निर्माण में उनकी भूमिका को लंबे समय तक वह मान्यता नहीं मिली, जिसकी वे वास्तविक हकदार थीं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस सोच और व्यवस्था में स्पष्टत था उद्देश्य पूर्ण परिवर्तन देखने को मिला है। सरकार ने टोकनिज़्म (प्रतीकात्मक पहल) से आगे बढ़कर टार्गेटेड एम्पावरमेंट (लक्ष्य आधारित सशक्तिकरण) की नीति अपनाई है। जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास के प्रति यह प्रतिबद्धता इस बात का प्रमाण है कि भारत की विकास यात्रा में अब कोई भी समुदाय पीछे न रह जाए। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास का मंत्र इसी समावेशी दृष्टि का सशक्त उदाहरण बन चुका है।

इसी प्रतिबद्धता का प्रभाव बजट आवंटन में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। जनजातीय समुदायों के विकास हेतु कुल बजट 2024-25 में 10,237.33 करोड़ से बढ़कर 2025-26 में 14,925.81 करोड़ हो गया है, जो 45.79त्न की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाता है। यदि दीर्घकालीन दृष्टि से देखें, तो 2014-15 में 4,497.96 करोड़ के बजट के मुकाबले यह राशि पहले 2021-22 में 7,411 करोड़ तक पहुँची और अब यह वृद्धि 231.83त्न तक पहुँच गई है। केंद्रीय बजट 2025-26 में जनजातीय कार्य मंत्रालय के लिए बढ़े हुए आवंटन से स्पष्ट है कि अब आदिवासी समुदाय, खासकर महिलाएं, विकास की यात्रा में केवल लाभार्थी नहीं बल्कि नेतृत्वकारी भूमिका में हैं।

भारत की आदिवासी महिलाएं सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक जीवन की धुरी रही हैं। वे जल, जंगल और जमीन से जुड़ी पारंपरिक जीवन व्यवस्थाओं की संरक्षक हैं और सामुदायिक निर्णय, संसाधन प्रबंधन और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। आज यह भूमिका केवल पारिवारिक और सामुदायिक स्तर तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि शासन व्यवस्था से लेकर नीति निर्माण तक दिखाई दे रही है। इस परिवर्तन का सबसे प्रभावशाली प्रतीक यह है कि भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर एक आदिवासी महिला, राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू आसीन हैं।

सरकार ने आदिवासी महिलाओं के सामाजिक-सांस्कृतिक सशक्तिकरण, आर्थिक उत्थान एवं उनके नेतृत्व को संस्थागत आधार प्रदान करने के लिए बहु-आयामी दृष्टिकोण अपनाया है, जिससे विकास केवल सुविधाओं का विस्तार न होकर, सम्मान, पहचान और आत्मनिर्भरता को भी सुनिश्चित करे।इनमें आदिवासी महिला सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा आदिवासी महिलाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के



लिए 2 लाख तक का ऋण मात्र 4 प्रतिशत ब्याज दर पर प्रदान किया जा रहा है, जिससे वे हस्तशिल्प, कृषि-आधारित कार्य, बांस उत्पाद, पशुपालन, प्रसंस्करण एवं सेवा क्षेत्र में उद्यमशीलता विकसित कर रही हैं।

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (PVTGs) के लिए शुरू किया गया प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (PM-JANMAN) इन समुदायों तक बुनियादी सुविधाएँ पहुँचा रहा है।यह अभियान 18 राज्यों और 1 केंद्र शासित प्रदेश के 75 PVTG समुदायों के उन इलाकों में विकास सुनिश्चित कर रहा है, जो लंबे समय से मुख्यधारा से दूर रहे हैं। लगभग 24,104 करोड़ के निवेश के साथ PM-JANMAN आवास, स्वच्छ जल, स्वास्थ्य सेवा, पोषण, शिक्षा, सड़क संपर्क और सतत आजीविका जैसे क्षेत्रों में समग्र सुधार ला रहा है।

इसके अतिरिक्त, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (EMRS) आदिवासी बच्चों को निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जिससे उनके कौशल विकास के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। साथ ही, छात्रवृत्ति योजनाओं ने विशेषरूप से बालिकाओं में स्कूल छोड़ने की प्रवृत्ति को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। DAY-NRLM ने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आदिवासी महिलाओं की वित्तीय निर्णय लेने की क्षमता, सामूहिक उत्पादन, विपणन और आर्थिक आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ किया है।वहीं सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण अभियान ने गर्भवती महिलाओं एवं स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण स्तर और मातृ-स्वास्थ्य संकेतकों को सुधारने का कार्य किया हैं।

पेसा (PESA) पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम, 1996 के माध्यम से पाँचवीं अनुसूची वाले क्षेत्रों में रहनेवाले आदिवासी समुदायों को ग्राम सभाओं के माध्यम से स्वशासन की शक्ति दी गई है। इस कानून ने पंचायत और ग्राम सभा में महिला भागीदारी को संरचनात्मक स्तर पर सुनिश्चित किया है, जिसके लिए जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा महिलाओं के लिए विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण मॉड्यूल विकसित किए गए हैं।

आदि कर्मयोगी अभियान जनजातीय क्षेत्रों में एक ऐतिहासिक पहल के रूप में उभरा है। इस अभियान के तहत 20 लाख से अधिक परिवर्तनकारी प्रतिनिधियों (Change Agents), जिनमें महिला स्वयं-सहायता समूहों की सदस्याएँ, युवा और स्थानीय अधिकारी शामिल हैं, को शासन, सेवा वितरण और सामुदायिक सशक्तिकरण में स्थानीय नेतृत्व के रूप में प्रशिक्षित किया गया है। अभियान का लक्ष्य '1 लाख जनजातीय गाँव- विज़न 2030' के माध्यम से सहभागी शासन प्रणाली को मजबूत करना है, जिसमें महिलाओं की केंद्रीय भूमिका सुनिश्चित की गई है। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने भी इस अभियान की सराहना की है और कहा है कि जमीनी स्तर पर आदिवासी नेतृत्व ही 'विकसितभारत-2047' की आधारशिला है। आज अनेक जनजातीय बहुल गाँवों में महिलाएँ ग्राम संस्थाओं की अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व कर रही हैं, स्वयं-सहायता समूहों का संचालन कर रही हैं, शासन प्रयोगशालाओं में परिवर्तनकारी नेतृत्व निभा रही हैं और अपने समुदाय को आजीविका एवं विकास योजनाओं से जोड़ रही हैं। साथ ही, वर्ष 2024 में शुरू 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के तहत 63,000 से अधिक जन जातीय बहुल गाँवों में समग्र विकास के लिए 79,000 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है, जिसका एक मुख्य आधार ग्राम समितियों में महिलाओं की प्रत्यक्ष नेतृत्व भूमिका को मजबूत करना है। भारत की विकास यात्रा में आदिवासी महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि वे अब केवल सहभागी नहीं, बल्कि परिवर्तन की अग्रणी शक्ति बन रही हैं। अब हमारा ध्यान इस बात पर है कि जमीनी स्तर पर उनके नेतृत्व को कैसे और मज़बूत बनाया जाए।इसी उद्देश्य से स्थानीय समुदायों में महिला नेतृत्व प्रशिक्षण सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, ताकि अधिकाधिक महिलाएँ प्रशासनिक, आर्थिक और सामाजिक निर्णयों में सक्रिय भूमिका निभा सकें। वन आधारित आजीविका और हस्त-उद्यमों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों से जोड़ना हमारी प्रमुख प्राथमिकताओं में है, जिससे उनके कार्य का मूल्य और सम्मान दोनों बढ़ें। स्वयं सहायता समूहों और आजीविका समूहों के माध्यम से महिलाएँ समाज में सकारात्मक परिवर्तन की सशक्त वाहक बन रही हैं।इस दिशा में डिजिटल साक्षरता और वित्तीय प्रबंधन प्रशिक्षण को और व्यापक रूप से लागू किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक महिला आत्मनिर्भर बन सके। साथ ही, आदिवासी बालिकाओं की उच्च शिक्षा और कौशल विकास तक पहुँच को निरंतर सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ भविष्य के नेतृत्व पदों तक आगे बढ़ सकें।हमारा उद्देश्य स्पष्ट है-आदिवासी महिलाओं का सशक्तिकरण केवल सामाजिक संवेदना का विषय नहीं, बल्कि भारत के लोकतांत्रिक विस्तार, सतत विकास और समावेशी प्रगति की सबसे मज़बूत नींव है।

– सावित्री ठाकुर
(महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री, भारत सरकार)

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### सभी भाजपा सांसदों का इस्तीफा?

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह अयोध्या में विवादित ढांचे को गिराये जाने पर देश में भड़की हिंसा की प्रतिक्रियाओं को देखते हुए संसद सप्ताह भर के लिए स्थगित कर दिया गया था। आज सुबह पुनः जब लोकसभा में संसद की कार्यवाही शुरु हुई तो सर्वप्रथ भाजपा के सदस्यों ने अपने नेता लाल कृष्ण आडवाणी को लोकसभा में लाने की मांग को समक्ष रखते हुए नेताओं ने काली तख्तियां लेकर सदन के बीच खड़े हो गए और भाजपा सरकारों को बर्खास्त करने पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री से इस्तीफे की मांग की। जिस कारण 75 मिनट तक शोर शराबा चलता रहा। अध्यक्ष शिवराज पाटिल ने शोर गुल अधिक होने के कारण 4 बजे तक सदन को स्थगित कर दिया। दूसरी ओर राज्यसभा में भी शोर शराबे के कारण एक प्रस्ताव पास होने के बाद दोपहर 2-30 बजे तक सदन को स्थगित करना पड़ा। इधर बताया जाता है कि संसद में भारतीय जनता पार्टी के सांसद इस्तिफा देने जा रहे है। प्रत्यक्ष रूप से इस्तिफे अपने नेता आडवाणी व जोशी की गिरफ्तारी के विरोध और तीन राज्य सरकारों की बर्खास्ती के विरोध में होंगे। पर पर्दे के पीछे हकीकत यह है कि भाजपा सांसद इस्तिफे देकर केंद्र सरकार को समूचे देश में मध्यावधि चुनाव के लिए बाध्या करेंगे। सूत्रों का कहना है कि लालकृष्ण आडवाणी जेल जाने से पूर्व पूरी नीति बता गए थे पर प्रतिबंध लगने की दशा में भाजपा शासित तीनों राज्य सरकार प्रतिबंध आदेश को लागू तो करें पर दिखाने तौर पर यानि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे। दूसरे अगर राज्य सरकारें भंग हो जाती है तो दबाव की नीति के तहत भारतीय जनता पार्टी के सभी सांसद इस्तीफे दे दें। ताकि नरसिंहा राव को पूरे तो नहीं वरन खाली सीटों पर चुनाव करवाने पड़े। आडवाणी ने अपने गुप्त निर्देश पत्र में लिखा है कि इस वक्त जो भावनाएं उभर रही है उनका नगदीकरण इसी रणनीति को अपना कर किया जा सकता है। भाजपा इसी मुद्दों को लेकर जनादेश प्राप्त कर सकती है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1631- इटली के विसुवियस पर्वत का ज्वालामुखी फटने से छह गांव तबाह हो गए, जिससे चार हजार से अधिक लोग मारे गये।

1733- अमेरिका में ब्रिटिशर्स के विरुद्ध संग्राम शुरू हुआ, जिसे बोस्टन टी-पार्टी कहा जाता है।

1920- चीन के कान्सू प्रांत में भीषण भूकंप आने से एक लाख से ज्यादा लोगों की मौत।

1945- दो बार जापान के प्रधानमंत्री रहे फूमिमारो कनोए ने युद्ध अपराधों का सामना करने की जगह आत्महत्या कर ली।

1951- हैदराबाद में सालारजंग संग्रहालय की स्थापना की गयी।

1959- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ एच. डी. कुमारस्वामी का जन्म हुआ।

1960- अमेरिका के न्यूयार्क शहर में दो विमानों के टकराने से 136 लोगों की मौत।

1971- जनरल नियाजी ने 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों के साथ भारतीय सेना के सामने आत्मसर्पण किया। भारत और पाकिस्तान की सेना के बीच युद्धविराम पर सहमति के बाद पाकिस्तान से पृथक होकर बंगलादेश एक स्वतंत्र राष्ट्र बना।

1985- कलपक्कम में देश के पहले फास्ट ब्रीडर परमाणु रिएक्टर ने काम करना शुरू किया।

2009- फिल्म निर्माण को एक नये मुकाम पर ले जाते हुए जेम्स कैमरन ने विज्ञान पर आधारित फिल्म 'अवतार' का निर्माण किया। दुनियाभर में इस फिल्म ने 2.7 अरब डॉलर की कमाई की।

2012- दिल्ली में एक चलती बस में 23 वर्षीय छात्रा के साथ सामूहिक बलात्कार और इस घटना से गुस्साए लोग सड़कों पर उतर आए। बाद में पीड़िता ने दम तोड़ दिया और दोषियों को फांसी की सजा हुई

2014- तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान के आतंकियों ने पेशावर में स्कूल पर हमला किया। गोलीबारी में 150 लोगों की मौत, जिनमें 134 बच्चे थे।

2022- भारतीय बाल रोग विशेषज्ञ दिलीप महलानबीस का निधन हुआ जिन्हें डायरिया संबंधी बीमारियों के इलाज के लिए ओआरएस के उपयोग की शुरुआत करने के लिए जाना जाता है।

## बोल ब्यूटीफुल



**तवलीन सिंह:** कांग्रेस की रैली में पार्टी अध्यक्ष खरगे ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में वोट चोरी हुई थी। जब मोदी पूर्ण बहुमत हासिल करने में नाकाम रहे, तब भी वे ऐसा आरोप क्यों लगा रहे है? इसके बजाय उनकी पार्टी ने तो नतीजों का ऐसा जश्न मनाया था कि मानो सत्ता में वापसी हो गई हो।

**शिव कांत:** सिडनी के बॉडी बीच पर एहलंगाम दोहरा दिया गया। बहाना गाजा का। नाइजीरिया में ईसाइयों पर जुल्म हो रहे है। ईराक में यजीदी ईसाइयों पर हुए, कश्मीर में हिन्दुओं पर और बांग्लादेश में हो ही रहे है। दुनिया में कौन समुदाय है, जिस पर जुल्म नहीं हुए? दूसरे समुदाय तो जिहादी मारकाट करते नहीं फिरते।

**अखिलेश शर्मा:** मेंसी को स्टेडियम में देखने का टिकट 4,500-20,000 रुपए तक है। सेल्फी के लिए 10-10 लाख रुपए का टिकट। इसका मतलब यही है कि या तो लोगों के पास बहुत पैसा हो गया है या फिर सुपरस्टार के लिए जुनून सिर चढ़ कर बोल रहा है।

# मनरेगा : सार्थक सुधारों के बीच अनावश्यक नाम परिवर्तन

ग्रामीण भारत की जीवनरेखा के रूप में विख्यात महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने पिछले दो दशकों में करोड़ों परिवारों को केवल रोजगार ही नहीं दिया, बल्कि उन्हें गरिमामय जीवन का भरोसा, आत्मसम्मान और सामाजिक सुरक्षा भी प्रदान की है। यह योजना महज़ मजदूरी का माध्यम नहीं रही, बल्कि भूख, बेरगारी और मजबूरी में शहरों की ओर होने वाले पलायन के विरुद्ध एक मजबूत और प्रभावी सुरक्षा कवच बनकर उभरी है–जिसने गांवों को उजड़ने से रोका, स्थानीय संसाधनों के संरक्षण को बढ़ावा दिया और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायित्व तथा मजबूती प्रदान की।

हालिया ऐतिहासिक निर्णयों ने इस योजना को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में अहम मोड़ दिया है। भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली इस योजना का नाम अब 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' किया जा रहा है। 12 दिसंबर 2025 को केंद्र सरकार ने नाम परिवर्तन को मंजूरी देने के साथ-साथ गारंटीड कार्यदिवसों की सीमा 100 से बढ़ाकर 125 करने और मजदूरी दर में उल्लेखनीय वृद्धि का फैसला लिया। निस्संदेह ये कदम दूरदर्शी और जन-संवेदनशील हैं, जो ग्रामीण श्रमिकों की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करते हैं, उनकी क्रय-शक्ति बढ़ाते हैं और गांवों की सुस्त पड़ी अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार करते हैं।

अधिक कार्यदिवसों का सीधा अर्थ है– लंबे समय तक स्थिर रोजगार, परिवारों के लिए भरोसेमंद आय और पलायन की मजबूरी पर प्रभावी रोक। वहीं मजदूरी में वृद्धि महंगाई की मार झेल रहे ग्रामीण परिवारों के लिए सच्ची राहत का संबल है। यदि इन सुधारों को समयबद्ध भुगतान, पर्याप्त बजटीय प्रावधान और पारदर्शी एवं जवाबदेह क्रियान्वयन से जोड़ा जाए, तो यह योजना ग्रामीण भारत के समग्र कायाकल्प का एक शक्तिशाली माध्यम सिद्ध हो सकती है। यही वह दिशा है, जिसकी आकांक्षा देश के गरीब, वंचित और श्रमिक वर्ग ने लंबे समय से की है।

किन्तु इन सकारात्मक पहलों के साथ योजना के नाम में परिवर्तन का निर्णय गंभीर प्रश्न खड़े करता है। क्या यह बदलाव वास्तव में आवश्यक था? सरकार इसे महात्मा गांधी को 'पूज्य बापू' के रूप में सम्मान देने का तर्क देती है, पर क्या 'महात्मा गांधी' नाम स्वयं में सम्मान का सर्वोच्च प्रतीक नहीं है? जब योजना का उद्देश्य, ढांचा और क्रियान्वयन जस का तस है, तो केवल नाम बदलने से क्या हासिल होगा? क्या इससे मजदूरों को समय पर मजदूरी मिलेगी, उनके औजार मजबूत होंगे या कार्यस्थलों पर पानी, छाया



और सुरक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएँ सुनिश्चित होंगी? उत्तर स्पष्ट है–नाम परिवर्तन इन जमीनी समस्याओं का समाधान नहीं करता। वास्तविक परिवर्तन नाम में नहीं, बल्कि नीयत, नीति और क्रियान्वयन की गुणवत्ता में निहित है।

नाम परिवर्तन किसी वास्तविक सुधार का संकेत नहीं, बल्कि एक प्रतीकात्मक और सतही अभ्यास भर है। यह वही समय, ऊर्जा और संसाधन हड़प लेता है, जिन्हें जमीनी और ठोस सुधारों में लगाया जाना चाहिए था। नए नाम के साथ देशभर में साइनबोर्ड बदलेंगे, प्रपत्र संशोधित होंगे, डिजिटल पोर्टल अपडेट करने पड़ेंगे, प्रशिक्षण सामग्री फिर से छापनी होगी और व्यापक प्रचार पर भारी खर्च होगा। यह सब करोड़ों रुपये की कीमत पर होगा–वही धन, जो सीधे मजदूरों की मजदूरी बढ़ाने, भुगतान में हो रही देरी को समाप्त करने और कार्यस्थलों की आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने में लगाया जा सकता था।

ग्रामीण भारत में यह योजना वर्षों से एक पहचाना हुआ, भरोसेमंद और स्वीकृत नाम रही है। यह नाम केवल प्रशासनिक पहचान नहीं, बल्कि करोड़ों श्रमिक परिवारों के विश्वास का पर्याय बन चुका है। ऐसे में अचानक नाम बदलना स्वाभाविक रूप से भ्रम को जन्म देगा, विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ साक्षरता सीमित है और सूचना की पहुँच पहले से ही चुनौतीपूर्ण है। लोग यह समझने में समय लगाएंगे कि योजना वही पुरानी है या कोई नई व्यवस्था लागू हो गई है। इस भ्रम को दूर करने में प्रशासनिक तंत्र को अतिरिक्त समय, श्रम और संसाधन झोंकने पड़ेंगे, वहीं रीब्रांडिंग पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे, जो सीधे करदाताओं की जेब से जाएंगे और जिसका सीधा असर योजना के वास्तविक क्रियान्वयन पर पड़ेगा। भाषाई और संघीय दृष्टिकोण से भी नाम परिवर्तन के दूरगामी निहितार्थ हैं। भारत विविध भाषाओं, संस्कृतियों और प्रशासनिक परंपराओं का देश है। एक ऐसा नाम, जो वर्षों से सभी क्षेत्रों में समान रूप से प्रचलित और स्वीकार्य रहा है, उसे बदलना अनावश्यक असंतोष और दूरी पैदा कर सकता है। कई राज्य अपनी स्थानीय परिस्थितियों और प्रशासनिक जरूरतों के अनुरूप योजनाओं का संचालन करते हैं। ऐसे में योजनाओं के नाम बार-बार बदलने की प्रवृत्ति संघीय संतुलन और सहकारी संघवाद की भावना को कमजोर करने का जोखिम भी उत्पन्न करती है।

सबसे अधिक चिंता का विषय यह है कि नाम परिवर्तन जैसे निर्णय वास्तविक और जटिल समस्याओं से ध्यान भटका देते हैं। आज भी यह योजना अनेक गंभीर चुनौतियों से जूझ रही है–मजदूरी भुगतान में लगातार देरी, अपर्याप्त बजटीय आवंटन, काम की मांग की तुलना में सीमित अवसर, भ्रष्टाचार की शिकायतें तथा जलवायु परिवर्तन के कारण कार्यों की प्रकृति में हो रहे बदलाव। इन मुद्दों पर ठोस नीतिगत हस्तक्षेप और ईमानदार, जवाबदेह क्रियान्वयन की सख्त जरूरत है। किंतु जब सार्वजनिक विमर्श नामकरण तक सिमट जाता है, तब मजदूरों के अधिकार, उनकी गरिमा और उनकी सुरक्षा जैसे मूल प्रश्न हाशिये पर चले जाते हैं।

यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि किसी विचार, आदर्श या व्यक्तित्व का सच्चा सम्मान उसके नामकरण में नहीं, बल्कि उसके मूल सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने में निहित होता है। ग्रामीण रोजगार योजना का वास्तविक सम्मान तब होगा, जब प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को समय पर काम उपलब्ध हो, पूरी और समयबद्ध मजदूरी मिले तथा उसे अपने ही गांव में सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन जीने का अवसर प्राप्त हो। कार्यदिवसों की संख्या बढ़ाना और मजदूरी दर में वृद्धि करना इसी उद्देश्य की ओर उठाया गया एक सार्थक और सही कदम है। इसके विपरीत, नाम परिवर्तन उस मूल भावना को न तो सुदृढ़ करता है और न ही जमीनी स्तर पर किसी ठोस सुधार को जन्म देता है।

ग्रामीण रोजगार योजना में किए गए वास्तविक और ठोस सुधार–अधिक कार्यदिवस तथा बढ़ी हुई मजदूरी–ग्रामीण भारत के लिए आशा, विश्वास और स्थिरता का संदेश लेकर आए हैं। ये निर्णय न केवल सराहना के योग्य हैं, बल्कि इन्हें पूरी निष्ठा से लागू किया जाना भी उतना ही आवश्यक है। किंतु इन्हीं सकारात्मक पहलों की प्रभावशीलता को नाम बदलने जैसे निर्णय अनावश्यक रूप से धुंधला कर देते हैं। विकास का मार्ग प्रतीकों, नारों और आडंबर से नहीं, बल्कि जमीनी सच्चाइयों और ठोस परिणामों से होकर गुजरता है। यदि लक्ष्य वास्तव में ग्रामीण सशक्तिकरण है, तो ध्यान नामों पर नहीं, मजदूरों के जीवन, उनकी गरिमा और उनकी सुरक्षा पर केंद्रित होना चाहिए। यही सच्चा, स्थायी और न्यायपूर्ण विकास का मार्ग है।

## राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए नामांकन 31 तक

**ऊना (रोहित शर्मा)।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमाचल गौरव पुरस्कार, हिमाचल प्रेरणा स्रोत सम्मान, और सिविल सेवा पुरस्कार-2026 के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदक 31 दिसंबर, 2025 तक अपने नामांकन प्रस्तुत कर सकते हैं।

आवेदन के लिए निर्धारित प्रपत्र हिमाचल सरकार की वेबसाइट www.himachal.nic.in/gad. पर उपलब्ध हैं। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के निदेशक राजीव कुमार ने बताया कि ये पुरस्कार हर साल 15 अप्रैल को हिमाचल दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

उन्होंने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत उम्मीदवारों को दो पृष्ठों का संक्षिप्त विवरण हिंदी भाषा में प्रस्तुत करना होगा, जिसमें उनकी विशेष उपलब्धियों या सेवाओं का उल्लेख हो। उन्होंने आवेदकों से अनुरोध किया कि वे आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर, सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) के कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करें।

### राज्यपाल ने बच्चों को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूक करने के लिए 'क्रासिंग्स' फिल्म की सराहना की

# 'क्रासिंग्स' फिल्म के जरिए दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज लोक भवन में 'क्रासिंग्स' फिल्म देखने के उपरांत बच्चों में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए इस फिल्म की सराहना की।

उन्होंने राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित फिल्म निर्माता विवेक मोहन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस फिल्म के माध्यम से एक संवेदनशील और प्रभावशाली संदेश प्रस्तुत किया गया है। फिल्म पर्यावरण संरक्षण पर आधारित है और यह दर्शाती है कि मानव गतिविधियों के कारण किस तरह प्राकृतिक आपदाएं आती हैं। विवेक मोहन ने बताया कि 'क्रासिंग्स' दो वास्तविक घटनाओं से प्रेरित एक लघु फिल्म है। यह फिल्म ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर मुद्दों को उजागर करती है। उन्होंने कहा कि यह फिल्म उनकी पहले की फिल्म 'फॉर हूम द जिंगल बेल्स टोल' में दिए गए संदेश को आगे बढ़ाती है। फिल्म में दर्शाया गया है कि पृथ्वी हमें अपने पूर्वजों से विरासत में नहीं मिली है, बल्कि आने वाली पी?ियों की धरोहर है।

राज्यपाल ने फिल्म की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की रचनात्मक पहलें, सभी लोगों, विशेषकर बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने में, बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक संपदा से भरपूर राज्य है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

राज्यपाल ने कहा कि 'क्रासिंग्स' जैसी फिल्में पर्यावरण के प्रति चेतना बढ़ाने में सार्थक योगदान देती हैं और प्रशंसा के योग्य हैं।

## फोरलेन के नजदीक स्कूल और पंचायतों को सड़क क्रॉसिंग से किया जाएं जागरूक

अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

बिलासपुर : फोरलेन सड़क क्रॉसिंग से रविवार को बिलासपुर के कोठी गांव में सात वर्षीय लड़की की दुर्घटना से मृत्यु ही नहीं आये दिन फोरलेन पर बढ़ रही है दुर्घटना को रोकने के लिए प्रशासन को कडे कदम उठाने चाहिए। नगर पंचायत तलाई के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला शिकायत निवारण सदस्य पवन कौशल ने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा है बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए फोरलेन और हाईवे के किनारे स्कूल और खासकर पंचायत में बच्चे और बुजुर्गों को सड़क क्रॉसिंग के लिए यातायात नियमों से संबंधित जागरूक शिविर के माध्यम से जानकारी देकर कुछ हद तक हो रही सड़क दुर्घटना में रोक लगाने में सार्थक परिणाम आ सकते हैं। फोरलेन के चलते सड़को पर यातायात में काफी ज्यादा वाहनों की भीड़ बड़ी है। जिसके चलते घुमारवीं हमीरपुर सड़क पर भी क्रॉसिंग करना अब आसान नहीं है। इस सड़क पर भी क्रॉसिंग लाइट लगाकर दुर्घटना को रोकने में मदद मिल सकती है और साथ ही में बुजुर्ग और बच्चों को सड़क क्रॉसिंग में मदद मिलेगी। इन्होंने जिला प्रशासन से मागं करते हुए कहा है कि बढ़ रही दुर्घटना पर रोक लगाने के लिए उचित कदम उठाए जाएं और साथ ही में फोरलेन के किनारे स्कूल और पंचायत को विशेष रूप से शिविर लगाकर जागरूक करने की अति आवश्यकता है।



आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से रोक लगाने में मिलेगी जागरूक शिविरों से राहत



## हरौली के उत्कर्ष शर्मा का भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में हुआ चयन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले की हरौली तहसील के छोटे से गांव चांदपुर (कलेहडा) निवासी उत्कर्ष शर्मा का चयन भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में हुआ है। उनके पिता नरेश शर्मा एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं तथा उनकी माता मोनिका शर्मा गृहिणी हैं।

उत्कर्ष शर्मा पढ़ाई में अत्यंत मेधावी रहे हैं। उन्होंने नॉन-मेडिकल स्ट्रीम से 12वीं तक की शिक्षा प्राप्त की और इसके बाद थापर यूनिवर्सिटी, पटियाला से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री पूरी की। एक गौरवशाली रक्षा पृष्ठभूमि वाले परिवार से आने वाले उत्कर्ष को अपने दादा स्वर्गीय सूबेदार केशवा नंद शर्मा से प्रेरणा मिली है, जिन्होंने भारतीय सेना में सेवा दी थी। कड़ी मेहनत और समर्पण के बल पर उत्कर्ष शर्मा ने अखिल भारतीय स्तर की परीक्षा को अपने पहले ही प्रयास में उत्तीर्ण किया। उन्होंने देहरादून में आयोजित पांच दिवसीय सेवा चयन बोर्ड (स्स्ब्) साक्षात्कार को भी पहले प्रयास में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण किया, जिससे न केवल ऊना जिला बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन हुआ।

भारतीय वायुसेना द्वारा 12 दिसंबर 2025 को घोषित परिणामों के अनुसार, उत्कर्ष शर्मा का भारतीय वायुसेना में फ्लाइंग ऑफिसर के रूप में कमीशन हेतु चयन हुआ है। उन्हें 28 दिसंबर 2025 को हैदराबाद स्थित वायुसेना अकादमी में रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

# चिट्टा विरोधी जंग को जन आंदोलन का रूप देगी मेगा वॉकथॉन : सुनील शर्मा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर 15 दिसंबर।** मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश को चिट्टा मुक्त बनाने के लिए एक ब?ी जंग का ऐलान किया है और इस जंग को सफल बनाने के लिए प्रत्येक नागरिक को आगे आना चाहिए। सोमवार को यहां सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि चिट्टा विरोधी जंग को एक जन आंदोलन का रूप देने के लिए मुख्यमंत्री ने हर जिला में चिट्टा विरोधी मैगा वॉकथॅान का आयोजन करने का निर्णय लिया है।

इसी क?ी में 16 दिसंबर को हमीरपुर में भी मैगा वॉकथॅान आयोजित की जा रही है, जिसमें दस हजार से अधिक लोग पदयात्रा करके जिला हमीरपुर को चिट्टा मुक्त बनाने का संकल्प लेंगे।

उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के स्थायी समाधान के लिए आम लोगों में जागरुकता सबसे महत्वपूर्ण होती है। मैगा वॉकथॅान के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के आम नागरिक नशे की समस्या के प्रति जागरुक होंगे और इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए लामबंद होंगे।

प्रेस वार्ता के बाद सुनील शर्मा बिट्टू ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा मेमोरियल ब्वायज सीनियर सेकंडरी स्कूल के मैदान और दोस?का के पुलिस मैदान में जाकर मैगा वॉकथॉन की तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

इस अवसर पर पूर्व विधायक कुलदीप सिंह पठानिया, राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं अध्यक्ष नरेश ठाकुर, हिमाचल प्रदेश पुलिस के डीआईजी दिवाकर शर्मा, एपीएमसी अध्यक्ष अजय शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुमन भारती, राजेश आनंद और अन्य नेता भी उपस्थित थे।

## विदेश में रोजगार का सपना साकार, ऊना में रोजगार मेले में 61 युवाओं का चयन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** प्रदेश सरकार युवाओं को विदेशों में सुरक्षित, कानूनी और भरोसेमंद रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर ब?ती प्रतिस्पर्धा के बीच हिमाचल सरकार ने यह सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं कि प्रदेश के युवाओं को पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सुरक्षित रोजगार प्राप्त हो सके। सरकार स्वयं इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी कर रही है ताकि युवाओं को किसी भी प्रकार की ठगी, धोखाध?ी या असुरक्षा का सामना न करना प?े।

यह पहल प्रदेश सरकार की 'हर युवा को हुनर, हर हुनर को अवसर' की सोच का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि विदेशों में विभिन्न क्षेत्रों में कुशल मानव संसाधन की भारी मांग है और हिमाचल प्रदेश के युवा अपनी मेहनत और कौशल के बल पर इस अवसर का भरपूर लाभ उठा सकते हैं।

जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि यह रोजगार मेला श्रम, रोजगार एवं ओवरसीज प्लेसमेंट विभाग तथा एचपीएसईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि जिला ऊना में यह इस श्रृंखला का दूसरा आयोजन है, इससे पूर्व 27 अक्तूबर को हरोली के पालकवाह में भारी वाहन चालकों के लिए भर्ती अभियान आयोजित किया गया था।

उन्होंने जानकारी दी कि इस रोजगार मेले में बाइक डिलीवरी राइडर और वेयरहाउस पिकर्स के कुल 100 पदों के लिए 150 से अधिक युवाओं ने भाग लिया। चयन प्रक्रिया के बाद 29 बाइक डिलीवरी राइडर और 32 वेयरहाउस पिकर्स, कुल 61 युवाओं का चयन किया गया। इस जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनियों के कार्यकारी निदेशक गुरजीत सहित ब?ी संख्या में अभ्यर्थी एवं स्थानीय युवा उपस्थित रहे।

# जेजों मोड़-टाहलीवाल चौक लिंक रोड के स्तरोन्नयन को 48.69 करोड़ की मंज़ूरी

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के प्रयासों से ऊना को बड़ी सौगात

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप ऊना जिले को सड़क अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात मिली है। केंद्र सरकार ने जेजों मोड़ से टाहलीवाल चौक वाया भाई का मोड़ लिंक रोड़ के स्तरोन्नयन के लिए 48.69 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत प्रदान की गई है।

इस परियोजना के तहत लगभग 17.50 किलोमीटर लंबे मार्ग का स्तरोन्नयन किया जाएगा। साथ ही पालकवाह, कांगड़ और बढ़ेडा में तीन महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे सड़क की वहन क्षमता, सुरक्षा और यातायात सुगमता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इस स्वीकृति के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सड़क क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण मांग थी। उन्होंने कहा कि इस मार्ग के उन्नयन से औद्योगिक क्षेत्र टाहलीवाल, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तथा सीमावर्ती इलाकों को बेहतर, सुरक्षित और निर्बाध कनेक्टिविटी प्राप्त होगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क के विकसित होने से आम जनता को सुरक्षित, तेज़ और सुविधाजनक आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही व्यापार, उद्योग, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और अधिक सुदृढ़ होगी। परियोजना के निर्माण तथा उसके बाद के चरणों में स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे।

उन्होंने दोहराया कि प्रदेश सरकार बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है और केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य के औद्योगिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### सिस्सू थाना जनता को समर्पित

**केलांग (कुल्लू) 15 दिसंबर।** जनजातीय जिला लाहुल स्पीति की विधायका सुश्री अनुराधा राणा ने सोमवार को विधिवत पूजा-अर्चना के साथ पुलिस थाना सिस्सू का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिवानी मेहला सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात एक जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि अटल टनल के प्रारम्भ के बाद जिले में पर्यटकों की आमद में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विशेषकर कोकसर, अटल टनल के उत्तरी छोर तथा सिस्सू क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या अधिक रहती है, जिससे यातायात प्रबंधन, कानून-व्यवस्था तथा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों को सुचारू बनाए रखने में पुलिस प्रशासन को चुनौतियां सामने आती रही हैं। पूर्व में यहां केवल पुलिस चौकी होने के कारण व्यवस्थाओं को बनाए रखने में अतिरिक्त दबाव रहता था। अब पुलिस थाना प्रारम्भ होने से कानून-व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन को सुदृ? करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। पुलिस थाना प्रारम्भ होने से यहां 45 अधिकारी इ्क कर्मचारी तैनात होंगे, जबकि पूर्व में पुलिस चौकी में मात्र 6 अधिकारी-कर्मचारी कार्यरत थे। विधायक ने सिस्सू में पुलिस थाना स्वीकृत करने के लिए मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। विधायका ने कहा कि सिस्सू तथा आसपास की कुल पांच पंचायतों (कोकसर, सिस्सू, मूलिंग, गोंधला और खंगसर) के निवासियों को अब पुलिस विभाग से संबंधित कार्यों के लिए केलंग नहीं जाना प?ेगा। पुलिस से जु? सभी आवश्यक कार्य अब पुलिस थाना सिस्सू में ही संपन्न हो सकेंगे।

# एंटी-चिट्टा अभियान में जनभागीदारी सबसे अहम : डीसी जतिन

एंटी-चिट्टा अभियान के तहत ऊना जिले में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे एंटी-चिट्टा अभियान के अंतर्गत सोमवार को ऊना जिले में विभिन्न ग्राम पंचायतों में नशा निवारण विषय पर विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। इन बैठकों का उद्देश्य जिले में नशे की समस्या विशेषकर चिट्टे के खात्मे के लिए पंचायत स्तर पर जन-जागरूकता को बढ़ावा देना तथा ठोस एवं व्यवहारिक कार्य योजना तैयार करना रहा।

उल्लेखनीय है कि उपायुक्त ऊना जतिन लाल द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों के अनुसार 15 दिसंबर को जिले की ग्राम पंचायतों में यह विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की गईं। उपायुक्त ने जानकारी दी कि जिले की सभी 245 ग्राम पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन किया जा चुका है, जिनके माध्यम से नशे के विरुद्ध संगठित और निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। चिट्टे को लेकर जिले की 10 संवेदनशील पंचायतों पर विशेष फोकस रखते हुए निगरानी और जागरूकता गतिविधियों को और सशक्त किया गया है।

विशेष ग्राम सभाओं के दौरान प्रत्येक परिवार तक सरकार के एंटी-चिट्टा अभियान की जानकारी पहुंचाने, नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने, नशीले उत्पादों के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित करने तथा सभी प्रकार के नशों की रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया। ग्रामीणों से आह्वान किया गया कि वे अपने आसपास होने वाली नशे से संबंधित गतिविधियों पर सतर्क दृष्टि रखें और समाज को नशामुक्त बनाने की इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

वहीं, उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि एंटी-चिट्टा अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप दिए बिना नशे के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का स्पष्ट लक्ष्य नशामुक्त हिमाचल का निर्माण है और इसी मकसद से प्रदेश सरकार ने चिट्टे को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान चलाया है, जिसमें जनभागीदारी सबसे अहम कड़ी है।

उपायुक्त ने कहा कि युवाओं के व्यवहार में होने वाले किसी भी असामान्य बदलाव को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और नशे की ओर संकेत देने वाली प्रत्येक सूचना प्रशासन तक पहुंचाना समाज का साझा दायित्व है। इस दिशा में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने दोहराया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा मामलों में त्वरित पुलिस कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जिले में चिट्टे की सप्लाईङ्कडिमांड चेन को तोड़ना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए समुदाय, युवाओं, परिवारों और गठित समितियों के बीच निरंतर संवाद और समन्वय आवश्यक है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि प्रदेश सरकार ने चिट्टा तस्करी पर कड़ा प्रहार करने के उद्देश्य से सूचना देने वालों के लिए इनाम योजना लागू की है। चिट्टे की बरामद मात्रा के अनुसार 10 हजार रुपये से लेकर 10 लाख रुपये तक का पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि बड़े तस्करी गिरोह की सूचना पर 5 लाख रुपये से अधिक का इनाम निर्धारित किया गया है।

## उपायुक्त तोरुल ने एफआरए और एफसीए मामलों की समीक्षा की



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 15 दिसंबर।** उपायुक्त तोरुल एस. रवीश की अध्यक्षता में बहुद्देशीय भवन में वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) एवं वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में लंबित एवं प्रगतिरत मामलों की विस्तृत समीक्षा कर उनके समयबद्ध, पारदर्शी और नियमसम्मत निस्तारण को सुनिश्चित करना रहा।

बैठक में उपायुक्त ने एफसीए के अंतर्गत जिले में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं से जुड़े प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि विकास कार्यों के लिए आवश्यक वन स्वीकृतियों की प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है तथा नियमों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। वन भूमि से जुड़े मामलों में विभागीय समन्वय को मजबूत करने पर भी उन्होंने विशेष बल दिया, ताकि अनावश्यक विलंब से बचा जा सके।

# नितिन नवीन को भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर अनुराग, प्रो. धूमल ने दी बधाई

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा





**हमीरपुर, 15 दिसम्बर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी युवाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने और उन्हें निर्णायक भूमिकाएं देने के सदा पैरोकार रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड द्वारा बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन को विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया जाना, प्रधानमंत्री मोदी की उसी दूरदर्शी सोच और युवा-केन्द्रित नीति का सशक्त प्रमाण है।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि नितिन नवीन ने संगठन और सरकार- दोनों स्तरों पर अपनी कर्मठता, अनुशासन और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता से एक सशक्त पहचान बनाई है। बिहार की राजनीति में उनका सक्रिय और प्रभावी योगदान, संगठनात्मक दक्षता तथा विकासोन्मुख दृष्टि उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए पूरी तरह योग्य बनाती है। सबसे कम उम्र के भाजपा कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्षों में स्थान बनाना उनकी क्षमता और पार्टी के प्रति समर्पण का सम्मान है।

अनुराग ठाकुर ने नितिन नवीन को इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी संगठनात्मक रूप से और अधिक मजबूत होगी तथा राष्ट्रसेवा के संकल्प को नई गति मिलेगी। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि नितिन नबीन का भाजपा के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चयन, संगठन की युवा नेतृत्व पर मजबूत आस्था और दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। प्रो. धूमल ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नई ऊर्जा, अनुशासन और समर्पण के साथ राष्ट्र निर्माण के कार्यों को और अधिक गति देगी तथा पार्टी संगठन को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाएगी। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बधाई देते हुए कहा कि नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनना संगठन के लिए एक नई शुरुआत है। उन्होंने कहा कि नितिन नबीन की कार्यशैली परिणामोन्मुख, संवाद आधारित और समावेशी रही है, जिसका लाभ पार्टी को आगामी समय में स्पष्ट रूप से मिलेगा। उनका जमीनी अनुभव और संगठन के हर स्तर की समझ भाजपा को बूथ से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक और अधिक सुदृढ़ करेगी।

विचार-विमर्श | हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड की बैठक

# बीओसीडब्ल्यू कल्याण बोर्ड ने 3,835 लाभार्थियों में बांटे 14.17 करोड़

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर ने आज यहां बोर्ड की 53वीं निदेशक मंडल बैठक की अध्यक्षता की।

इस अवसर पर नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि बोर्ड द्वारा अब तक 3,835 लाभार्थियों में 14.17 करोड़ रुपये की सहायता वितरित की गई है, जिनमें से 9.28 करोड़ रुपये शिक्षा सहायता योजनाओं के तहत आवंटित किए गए हैं।

बैठक के दौरान निदेशक मंडल ने जिला मंडी के बलद्वाड़ा (भांबला) में नए उप-कार्यालय स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वार्षिक खातों को मंजूरी प्रदान की गई तथा दावों की लंबितता को स्पष्ट करने पर चर्चा हुई। उन्होंने श्रमिकों के क्लेम फॉर्म और ई-केवाईसी की प्रक्रिया को ते? करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कामगारों को समय पर लाभ सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए ताकि लंबित दावों को शीघ्रता से निपटाया जा सके। उन्होंने कहा कि ई-केवाईसी और अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को बिना देरी सहायता मिल सके।

अध्यक्ष ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को उनके उपयोगी सुझावों और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। नरदेव सिंह कंवर ने कहा कि प्रदेश भर में निर्माण कामगारों के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और उत्थान के प्रति बोर्ड की मजबूत प्रतिबद्धता के चलते अब सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है।

बैठक में बोर्ड के गैर-आधिकारिक सदस्य रविंद्र सिंह रवि, भूपेंद्र सिंह, जे.सी. चौहान और प्रदीप कुमार तथा विशेष सचिव (वित्त) विजय वर्धन, सचिव-कम-सीईओ राजीव कुमार तथा अतिरिक्त सचिव (विधि) आर.एस. तोमर भी उपस्थित थे।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 24 लाख के साइबर फ्रॉड में शिमला और जयपुर से 2 आरोपी किए गिरफ्तार

**पंचकूला।** पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। साइबर क्राइम थाना पंचकूला की टीम ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 24 लाख रुपये से अधिक की ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इस साइबर फ्रॉड का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों से साइबर अपराध में प्रयोग दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। साइबर क्राइम थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह ने बताया कि 8 दिसंबर 2025 को पंचकूला निवासी एक शिकायतकर्ता ने साइबर क्राइम थाना में शिकायत दी थी।

शिकायतकर्ता ने बताया था कि इसी साल नवंबर माह में उसे गूगल एड के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग में अधिक मुनाफे का लालच दिया गया। इसके बाद उसे एक एप डाउनलोड करवाया गया और धीरे-धीरे मोटे मुनाफे का झांसा देकर अलग-अलग समय पर रकम निवेश करवाई गई। इस तरह आरोपियों ने योजनाबद्ध तरीके से शिकायतकर्ता से कुल 24,03,677 रुपये का फ्रॉड किया है।

# राज्यपाल ने नाक बंद कर जांचे प्राइमरी स्कूल के टॉयलेट

## गर्ल्स टॉयलेट में पानी नहीं, अन्य में सफाई नहीं थी, छत पर भी गए वहां भी मिली खामियां

राज्यपाल असीम कुमार घोष ने कहा प्राइमरी स्कूलों की जांच जरूरी यहीं बनता है चरित्र और अनुशासन

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा






**पंचकूला।** हरियाणा के प्राइमरी स्कूलों में राज्यपाल असीम कुमार घोष की अचानक दस्तक ने शिक्षा विभाग की नींद उड़ा रखी है। सोमवार को यह नजारा पंचकूला के सेक्टर 4 में संस्कृति मॉडल स्कूल में भी देखने को मिला।

अभिभावकों से मुलाकात के नियोजित कार्यक्रम में पहुंचे राज्यपाल ने अचानक टॉयलेट की तरफ अपना रुख कर लिया। यह देखते ही मौके पर मौजूद पार्षद ओमवति पुनिया, प्रिंसिपल और शिक्षा विभाग के अधिकारियों में खलबली मच गई। सुरक्षा कर्मी ने टॉयलेट का दरवाजा खोला तभी घोष ने अपनी नाक को रूमाल से ढक लिया। इससे पहले गार्ड से कह कर टॉयलेट की कुंडिया भी अंदर से चेक की गई। फिर अंदर गए तो टॉयलेट में बदबू और सफाई नहीं हो रखी थी। इसके बाद गर्ल्स टॉयलेट में पानी नहीं था।

यह देखकर वहां टीचर्स से पूछते सबने चुप रहना ही बेहतर समझा। घोष इससे पहले चौथी कक्षा के क्लास रूम में भी गए। वहां टीचर्स से जाना कि कक्षा में कितने बच्चे हैं तो टीचर्स एक दूसरे का मुंह ताकने लगे। फिर किसी ने बताया कि क्लॉस के दो सेक्शन है। फिल पूछा कि बच्चों के लिए बैठने के लिए जगह पर्याप्त है, तो जवाब आया बच्चे बैठ जाते हैं। इसके बाद राज्यपाल सामने सीढि?ां चढ़ कर स्कूल की छत पर पहुंच गए। वहां देखा कि छत कई हिस्सों से टूटी हुई है और काली भी पड़ चुकी है, यानी छत की यह हालत बरसात के पानी से हुई थी।

### राज्य में प्राइमरी स्कूल अब मेरी हैबिट बनी

राज्यपाल असीम कुमार घोष ने कहा कि प्रदेश के प्राइमरी स्कूल अब उनकी हैबिट (आदत) बन गए हैं। क्योंकि प्राइमरी स्कूल देश का भविष्य बनाते हैं। प्राइमरी स्कूल से बच्चे के चरित्र, अनुशासन बनते हैं। क्लासरूम में टीचर क्या पढ़ा हैं उससे पहले वह स्कूल की ढांचागत सुविधाओं को देखना जरूरी समझते हैं। क्योंकि स्कूल में प्ले ग्राउंड है या नहीं, क्लॉस रूम में पंखा है या नहीं, मिड डे मील की क्वालिटी, छत पर रूफटॉप ठीक है, वाटर प्रूफ है या नहीं। यह सब स्कूल में देखते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में मिड डे मील, टॉयलेट और स्कूल की छत का निरीक्षण किया है, स्कूल के दौरे में उन्हें कुछ खामियां नजर आई हैं । इनको दूर करने के लिए अपने कोष से 2 लाख रुपए की राशि स्कूल को दी गई है जो एक हफ्ते में पहुंच जाएगी। साथ ही यह राशि कहां व्यय की जानी है इसके बारे में भी निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए गार्डियन को भी सुनिश्चित करने को कहा है कि पैसा वहीं लगे जहां जरूरत है। घोष ने बताया कि कुछ गार्डियन की स्कूल में दिक्कत है वे प्रिंसिपल से मिल कर इसका समाधान कर सकते हैं। यदि वे संतुष्ट न हों तो वे राज्यपाल के पास अपनी सीधा रिपोर्ट दर्ज कर सकते हैं।



## मेयर ने ईपीडीएम ट्रैक बनाने की रखी आधारशिला, रेजिडेंट्स ने जताई खुशी

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** शहर के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और आधुनिक आधारभूत ढांचा उपलब्ध कराने की दिशा में नगर निगम पंचकूला लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने सेक्टर-21 स्थित मकान नंबर 1693 के समीप बने पार्क में ईपीडीएम ट्रैक बनाने की आधारशिला रखी। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की मांग थी कि पार्क में सुरक्षित और सुविधाजनक ट्रैक का निर्माण किया जाए, जिसे महापौर ने पूरा कर स्थानीय लोगों को बड़ी सौगात दी है। बस क्यू शेल्टर बनाने का भी कार्य शुरु करने का भी नारियल फोड?र शुभारंभ किया। इन दोनों कार्यों पर 40 लाख रुपये खर्च होंगे।

कार्यक्रम के दौरान वार्ड में पहुंचने पर पार्षद सुनीत सिंगला, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन सेक्टर-21 पार्ट-3 के पूर्व प्रधान अनीश अग्रवाल, मुस्कान अग्रवाल, ललित गोयल, वंदना गर्ग, अराधना, पार्षद सोनिया सूद, भाजपा नेता उमेश सूद, नमिता सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुषों ने महापौर कुलभूषण गोयल का गर्मजोशी से स्वागत किया। स्थानीय निवासियों ने इस पहल के लिए महापौर का आभार व्यक्त किया और इसे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाला कदम बताया। महापौर कुलभूषण गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न पार्कों में साधारण पथरीले रास्तों के स्थान पर ईपीडीएम ट्रैक बनवाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को सैर और व्यायाम के लिए बेहतर सुविधा मिल रही है।

## ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ UHBVN कर्मचारियों का विरोध, कालका में दूसरे दिन भी धरना

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम में प्रस्तावित ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के विरोध में कर्मचारियों का शांतिपूर्ण आंदोलन लगातार जारी है। यह विरोध 12 से 16 दिसंबर 2025 तक निगम के विभिन्न कार्यालयों में किया जा रहा है। शुक्रवार को आंदोलन का दूसरा दिन कालका सब-डिवीजन में सक्रिय रूप से मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लेकर पॉलिसी के खिलाफ अपनी आपत्तियाँ दर्ज कराईं।

कर्मचारियों का कहना है कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी ॥क्ष्ख्नह्व के लिए उपयुक्त नहीं है और इसे बिना हितधारकों से परामर्श किए लागू करने की तैयारी की जा रही है। उनका आरोप है कि यह पॉलिसी ज़मीनी हकीकत, कर्मचारियों की कमी, कार्य की तकनीकी प्रकृति, स्थानीय परिचालन आवश्यकताओं और कर्मचारियों की व्यक्तिगत समस्याओं की अनदेखी करती है। इसके लागू होने से कार्यकुशलता, सेवा वितरण और कर्मचारियों के मनोबल पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। विरोध प्रदर्शन के दौरान कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से मांग की कि ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी को UHBVN में लागू न किया जाए। साथ ही प्रबंधन और राज्य सरकार से अपील की गई कि इस पॉलिसी को तत्काल वापस लेकर कर्मचारी प्रतिनिधियों के साथ सार्थक संवाद शुरू किया जाए। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से और तेज किया जाएगा।

इस अवसर पर सब यूनिट प्रधान नसीम खान, सचिव अखिल सिंगला, वरिष्ठ उप प्रधान घनश्याम राणा, कैशियर राजिंद्र (ह्लरू), मदन सैनी, प्रवीण कुमार, देवेंद्र तिवारी, ममता भगत, किरोड़ी, रोहताश, सतबीर, अनिल, रविंद्र, नितेश कुमार, शिव कुमार, आशीष, सुरेंद्र, सदा राम, दीवान सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।



## पेपर ट्रेल्स लिटरेरी फेस्ट' में जुटे प्रसिद्ध बाल साहित्य लेखक, चित्रकार और कहानीवाचक

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** फर्स्टस्टेप्स स्कूल, सेक्टर-26 के परिसर में आयोजित 'पेपर ट्रेल्स लिटरेरी फेस्ट-2025' में देश के जाने-माने बाल साहित्य लेखक और प्रसिद्ध कहानीवाचक भाग ले रहे हैं। यह लिटरेरी फेस्ट 17 दिसंबर तक चलेगा।

लिट फेस्ट के दौरान बाल साहित्य से जुड़े लेखकों और कथावाचकों ने मीडिया से बातचीत की। इस अवसर पर प्रसिद्ध बाल साहित्य लेखिका आशा नेहेमायाह, समीक्षकों द्वारा सराही गई बाल पुस्तकों की लेखिका मेघा गुप्ता, बच्चों की किताबें और पत्रिकाएं तैयार करने वाली विद्या मणि, तथा बहुमुखी लेखक एवं कहानीवाचक श्याम माधवन सारदा उर्फ ग्रेस्ट्रोक मौजूद रहे। दीप्ता विवेकानंद जो एक जानी मानी कहानीवाचक हैं भी मौजूद रहीं । इनके साथ फर्स्टस्टेप्स स्कूल की चेयरपर्सन जपजी चीमा भी उपस्थित रहीं और उन्होंने फेस्ट को लेकर स्कूल का दृष्टिकोण साझा किया। जपजी चीमा ने कहा कि इस लिटरेरी फेस्ट का उद्देश्य पुस्तकों, लेखकों और युवा पाठकों को एक मंच पर लाना है, ताकि पढ़ने की प्रक्रिया को एक साझा अनुभव बनाया जा सके। इस दौरान कहानी सुनाने के सत्र, पुस्तक कवर के लिए चित्रण गतिविधियां, पुस्तक पाठ और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

## मासूम अदाओं और जोश से भरे 'रिदमिक्स जूनियर्स' में नन्हे सितारों ने बिखेरा जादू

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** मानव मंगल स्मार्ट स्कूल, सेक्टर-88 में प्ले ग्रुप से एलकेजी कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित सांस्कृतिक समारोह 'रिदमिक्स जूनियर्स' उमंग के माहौल में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी प्रतिभा बिखेरने में कोई कसर नहीं छोड़ी। समारोह में पहली बार मंच पर प्रस्तुति देने वाले बच्चों का उत्साह और आत्मविश्वास देखते ही बनता था। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे बच्चों ने नृत्य, संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उनकी मासूम अदाओं और तालबद्ध प्रस्तुतियों ने सभागार में मौजूद अभिभावकों व शिक्षकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को तालियों और प्रोत्साहन से भरपूर समर्थन मिला, जिससे उनका आत्मविश्वास और भी बढ़ा।

सांस्कृतिक समारोह का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा भगवान गणेश की स्तुति के साथ किया गया। एलकेजी बी क्लास के नन्हे-मुन्ने छात्रों ने भावपूर्ण और सजीव प्रस्तुति के माध्यम से विघ्नहर्ता श्री गणेश का आवाहन किया। गणेश वंदना पर आधारित इस कोमल एवं आकर्षक नृत्य ने मंच और सभागार दोनों को भक्ति, शांति और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर कर दिया, जिससे पूरे कार्यक्रम के लिए एक मंगलमय वातावरण तैयार हुआ। वहीं, नर्सरी सी के छात्र-छात्राओं ने ग्रैंडपेरेंट्स पर भावपूर्ण प्रस्तुति देकर सभी की आँखें नम कर दीं। उनकी मासूम अभिव्यक्ति, सच्चे भाव और प्यार से भरे शब्दों ने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति बच्चों के स्नेह को खूबसूरती से दर्शाया।

समारोह में प्ले ग्रुप के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने फैशन शो की प्रस्तुति में रंग-बिरंगे परिधानों में मंच पर उतरकर अपनी मासूम अदाओं और आत्मविश्वास से सभी का मन मोह लिया। उनकी चंचल चाल, मुस्कान और अंदाज़ ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया और सभागार तालियों से गूंज उठा। इसके अलावा समारोह में नर्सरी ए क्लास के विद्यार्थियों ने जोश और उमंग से भरपूर वेस्टर्न डांस की शानदार प्रस्तुति दी।

## न्यूज ब्रीफ

### 4,000 युवाओं को मिलेगा क्रिकेट से करियर का मौका

**चंडीगढ़।** जीएम बॉक्स क्रिकेट एसोसिएशन (जीएमबीसीए) ने पंजाब और ट्राइसिटी क्षेत्र में मेगा टेनिस बॉल बॉक्स क्रिकेट ट्रायल्स की घोषणा की है। इन ट्रायल्स के माध्यम से सीजन-1 के लिए 4,000 प्रतिभाशाली लड़के-लड़कियों का चयन किया जाएगा। चंडीगढ़ मे जानकारी सांझा करते हुए जीएमबीसीए के संस्थापक बाबा इंदर प्रीत सिंह ने बताया कि यह पहल पंजाब के युवाओं को



नशाखोरी, विदेश पलायन और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से दूर रखने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि यह एक संगठित और मान्यता प्राप्त मंच है, जो युवाओं को पेशेवर खेल करियर बनाने का अवसर देगा। ट्रायल्स जनवरी 2026 से पंजाब के सभी जिलों में आयोजित होंगे। इसमें 15 से 45 वर्ष की आयु के लड़के-लड़कियां भाग ले सकते हैं। पंजीकरण शुल्क 900 रुपये रखा गया है। चयनित खिलाड़ियों को हर महीने 40,000 से 60,000 रुपये तक कमाने का अवसर मिलेगा, वहीं लीग और टूर्नामेंट के जरिए सालाना 40 से 60 लाख रुपये तक की आय संभव होगी। जीएमबीसीए ने सभी जिलों में क्रिकेट आयोजकों और कोचों से जिला समन्वयक के रूप में जुड़ने की अपील की है। ट्रायल्स का पूरा कार्यक्रम जल्द ही वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

## रायपुररानी में बंदरों की दहशत से लोग परेशान

**रायपुररानी (सोनू)।** रायपुररानी में पिछले लंबे समय से बंदरों का बढ़ता आतंक स्थानीय निवासियों के लिए एक गंभीर समस्या बन चुका है। आबादी में करीब एक दर्जन बंदरों की सक्रियता ने ग्रामीणों, कार्यालयों के कर्मचारियों और स्टेडियम जाने वाले बच्चों व बुजुर्गों की नींद हराम कर दी है। स्थानीय प्रशासन से बंदरों को पकड़वाने की मांग लंबे समय से की जा रही है।

बंदरों का डेरा अब केवल रिहायशी इलाकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सरकारी कार्यालयों के प्रांगण में भी पहुंच चुके हैं। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय, उपमंडल अभियंता पंचायती राज कार्यालय और वन राजिक अधिकारी कार्यालय के प्रांगण में बंदरों की मौजूदगी प्रतिदिन बनी रहती है। कार्यालय स्टाफ ने बताया कि ये बंदर कई बार खड़ी कारों के शीशों को नुकसान पहुंचा चुके हैं।

## कांग्रेस नेता देश की जनता से माफी मांगे : योगेश्वर

बोले- कांग्रेस जैसी पार्टियाँ जनसमर्थन के अभाव में अब अपशब्दों और नकारात्मकता का सहारा ले रही हैं

हर राज्य में करारी हार के बाद बोखलाई कांग्रेस के नेताओं ने खोया अपना मानसिक संतुलन

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला।** कल दिल्ली में आयोजित कांग्रेस की तथाकथित महारैली के दौरान देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विरुद्ध जिस प्रकार की अभद्र, अशोभनीय एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया गया, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। यह घटना विपक्ष की हताशा, निराशा और राजनीतिक दिवालियापन को स्पष्ट रूप से दर्शाती है। योगेश्वर शर्मा ने कहा कि हर राज्य में करारी हार के बाद बोखलाई कांग्रेस के नेताओं ने अपना मानसिक संतुलन खो दिया तभी वो देश के प्रधानमंत्री के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं।

भाजपा नेता योगेश्वर शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और आलोचना का स्वागत है, किंतु व्यक्तिगत गालियाँ और मर्यादाहीन टिप्पणी न केवल प्रधानमंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुँचाती हैं, बल्कि देश की करोड़ों जनता का भी अपमान हैं, जिन्होंने जनादेश देकर प्रधानमंत्री को चुना है।

शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव सकारात्मक राजनीति, विकास और राष्ट्रहित की बात करती रही है, जबकि कांग्रेस जैसी पार्टियाँ जनसमर्थन के अभाव में अब अपशब्दों और नकारात्मकता का सहारा ले रही हैं। यह व्यवहार कांग्रेस की संस्कारहीन राजनीति को उजागर करता है।

उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व से मांग की कि वह इस शर्मनाक घटना पर देश से माफी माँगे और अपने नेताओं व कार्यकर्ताओं को संयम, शिष्टाचार और लोकतांत्रिक मर्यादाओं में रहकर राजनीति करने की सीख दे।

अंत में शर्मा ने कहा कि देश की जनता सब देख रही है और आने वाले समय में इस प्रकार की ओछी राजनीति का करारा जवाब लोकतांत्रिक तरीके से देगी।

## मुल्लापुर न्यू चंडीगढ़ में कलश यात्रा निकाली

### 15 से 21 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत होगी

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** मुल्लापुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में, पुराने शिव मंदिर के साथ, मार्केट धर्मशाला में, शिव मंदिर कीर्तन मंडल और सभी गांव वालों के सहयोग से, हर साल की तरह इस बार भी 15 से 21 दिसंबर तक श्री मध्य भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है।

यह कथा श्री मुकंद जी महाराज करेंगे। इसी सिलसिले में, मुल्लापुर गरीबदास न्यू चंडीगढ़ में कलश यात्रा निकाली गई। इस बारे में जानकारी देते हुए, आयोजकों ने बताया कि 22 दिसंबर को सुबह हवन यज्ञ किया जाएगा और उसके बाद लंगर भंडारा लगाया जाएगा।



इस मौके पर श्याम सुंदर बहादुर गुप्ता, राकेश वर्मा, पुष्पिंदर शर्मा, अनुज, उपिंदर शास्त्री, अशोकपुरी के अलावा महिला कीर्तन मंडल की सभी सदस्य मौजूद थीं।

## पेंटिंग प्रतियोगिता में छात्रों का असाधारण प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवादाता



**चंडीगढ, 15 दिसंबर।** भाखड़ा ब्यास प्रबंध बोर्ड द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता 2025 में चुने गए छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर हुई पेंटिंग प्रतियोगिता में असाधारण प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि ऊर्जा संरक्षण के बारे में युवा छात्रों को प्रोत्साहित करने में बीबीएमबी के प्रयासों की सफलता को दर्शाती हैं।

एस ए जैन सीनियर मॉडल स्कूल, अंबाला, हरियाणा के अनुज प्रिंस ने ग्रुप-ए में पहला पुरस्कार और कक्षा 7वीं की खुशबू यादव, जी.एस.एस.एस. शिकोहपुर, गुरुग्राम, हरियाणा ने राष्ट्रीय स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता 2025 के ग्रुप-ए में तीसरा पुरस्कार जीता, जिसमें उन्होंने उत्कृष्ट रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डीएवी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजपुरा, जिला पटियाला, पंजाब की तमन्ना को भी ग्रुप-बी में प्रतियोगिता के दौरान अपनी कलाकृति के लिए सराहना मिली।

विजेताओं को भारत की राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मू द्वारा 14 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 के दौरान सम्मानित किया गया। हरियाणा, पंजाब और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए नोडल एजेंसी के रूप में, बीबीएमबी ने अभियान में राज्य की भागीदारी का समन्वय किया। विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में, बीबीएमबी ने ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, राज्य/केंद्र शासित प्रदेश सरकारों, शिक्षा विभागों और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर स्कूल और राज्य स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस साल पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के 29,000 से अधिक स्कूलों के 25 लाख से अधिक छात्रों ने स्कूल स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लिया।

## डंपिंग ग्राउंड में 76 हजार मीट्रिक टन कचरा, जल्द होगा साफ

नगर निगम की टीमों ने कचरा सफाई का काम किया तेज

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** घग्गर नदी के पास सेक्टर-23 में डंपिंग ग्राउंड में पड़े कचरे का बड़ा ढेर लंबे समय से इलाके के लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है।

इसे खाली करने की डेडलाइन 25 दिसंबर के करीब आ रही है, ऐसे में इस बात को लेकर चिंता जताई जा रही है कि क्या टारगेट पूरा हो पाएगा, क्योंकि साइट पर अभी भी करीब 76,000 मीट्रिक टन कचरा पड़ा है। हालांकि, मेयर कुलभूषण गोयल ने भरोसा दिलाया है कि काम तय समय में पूरा हो जाएगा, और कहा कि डिस्पोजल प्रोसेस तेजी से चल रहा है। सालों से, स्थानीय लोग बदबू, मच्छरों के पनपने और सेहत को होने वाले खतरों की शिकायत करते रहे हैं, खासकर गर्मियों और मानसून के मौसम में। इस मुद्दे पर विरोध भी हुआ और चुनावों के दौरान यह एक बड़ी चिंता बनी रही।

**95,000 मीट्रिक टन कचरे को प्रोसेस किया :** अधिकारियों के मुताबिक, साइट को ग्राउंड लेवल पर लाने के लिए 1.71 लाख मीट्रिक टन पुराने कचरे के साइंटिफिक डिस्पोजल के लिए पहले एक टेंडर जारी किया गया था। अब तक, करीब 95,000 मीट्रिक टन कचरे को प्रोसेस किया जा चुका है। जबकि बचे हुए कचरे को दिसंबर के आखिर तक साफ करने का लक्ष्य रखा गया है। म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की टीमें काम को समय पर पूरा करने के लिए रोज़ाना निगरानी कर रही हैं।

**नगर निगम आश्वस्त :** तंग समय सीमा और अभी भी बचे हुए कचरे की बड़ी मात्रा के बावजूद, नगर निगम के अधिकारी आश्वस्त हैं कि कचरा निपटान का काम दिसंबर के आखिर तक पूरा हो जाएगा, जो पंचकूला में रहने की स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

### डंपिंग ग्राउंड का दौरा कर चुके मेयर

मेयर कुलभूषण गोयल ने हालही में डंपिंग ग्राउंड का दौरा किया। उन्होंने कहा कि लगातार निगरानी और तालमेल की वजह से काम में तेजी आई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कचरा निपटान तय समय सीमा के अंदर पूरा किया जाए, क्योंकि इससे इलाके में रहने वाले हज़ारों लोगों को सीधा फायदा होगा। सेक्टर-23 के लोग इस डंपिंग साइट की वजह से सालों से परेशान थे। इस कचरे को साफ करना हमारी पहली प्राथमिकता है, और बचा हुआ कचरा भी तय समय सीमा के अंदर निपटा दिया जाएगा।

## भगवान पारसनाथ जयंती पर सेक्टर-17 में निकली भव्य शोभायात्रा

**पंचकूला।** जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ की जयंती के पावन अवसर पर पंचकूला में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर सेक्टर-17 में एक विशाल और भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में जैन समाज के श्रद्धालुओं के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।

शोभायात्रा में भगवान पारसनाथ की आकर्षक झांकी, भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। पूरा क्षेत्र भगवान पारसनाथ की जय के उद्घोष से गूंज उठा। शोभायात्रा का विभिन्न स्थानों पर समाजसेवियों एवं संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

ट्रिपल इंजन सरकार से तेज हुआ विकास

# सोनीपत के कई वार्डों में करोड़ों के कार्य शुरू




विधायक निखिल मदान व मेयर राजीव जैन ने किया परियोजनाओं का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन वार्ड नं 19 के मयूर विहार और वार्ड नं 1 के जटवाड़ा में पहुंचे, जहां उन्होंने नगर निगम द्वारा करवाए जा रहे विकास कार्यों का नारियल तोड़कर शुभारंभ किया। इस दौरान निगम पार्षद हरि प्रकाश सैनी, बिजेंदर मलिक और क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों की उपस्तिथि रही। इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा विधायक और मेयर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और विकास कार्यों के लिए आभार जताया। विधायक निखिल मदान ने बताया कि वार्ड नं 19 में मयूर विहार की गलियों का 95 लाख रु की लागत से सी सी द्वारा नवनिर्माण किया जाएगा।शास्त्री कॉलोनी में 81 लाख रु की लागत से विभिन्न गलियों का सीसी से पुनर्निर्माण करवाया जाएगा।

इंडियन कॉलोनी में 57 लाख रु की लागत से सी सी द्वारा गलियों का नवनिर्माण किया जाएगा। कुछ गलियों में सीवरेज और पानी की पाइपलाइन बिछाई गई थी, जिसके बाद सड़कों की हालत जर्जर हो गई थी। ऐसी गलियों को भी पक्का करने का काम किया जाएगा। इस कार्य के पूरा होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

इसके साथ ही विभिन्न वार्डों में सड़क , गली निर्माण और सीवरेज लाइन बिछाने के कार्य प्रगति पर है जिन्हें जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सैनीपुरा की सैनी चौपाल में 11 लाख रु की लागत से रंग रोगन और दीवारों, छत की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। साथ ही जटवाड़ा की सामान्य चौपाल में 25 लाख रु की लागत से फर्श पर नया पत्थर लगाया जाएगा। एक नया शेड लगाया जाएगा। पूरे चौपाल में रंग रोगन किया जाएगा। छत की मरम्मत की जाएगी।मेयर राजीव जैन ने बताया कि ओल्ड महावीर कॉलोनी में लगभग 60 लाख रु की लागत से गलियों का सी सी से नवनिर्माण किया जाएगा। इससे क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

# राजीव कुमार बने विदेशी मामले विभाग के जिला संयोजक



जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने की जिला संयोजक की नियुक्ति

अर्थ प्रकाश संवाददाता

सोनीपत। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोनीपत जिला में संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज द्वारा विदेशी मामले विभाग के जिला संयोजक की नियुक्ति की घोषणा की है। इस नियुक्ति के तहत राजीव कुमार को विदेशी मामले विभाग का नया जिला संयोजक बनाया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक व जिला अध्यक्ष भारद्वाज ने राजीव कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राजीव कुमार लंबे समय से इस क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है। जिला संयोजक का दायित्व मिलने उपरांत राजीव कुमार ने कहा कि वे जिला के लोगों की समस्याओं के समाधान, संगठन को मजबूत करने और क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

संगठन के सदस्यों ने नई नियुक्ति पर खुशी जताई और उम्मीद व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में विदेशी मामले विभाग और अधिक सक्रिय व प्रभावी तरीके से कार्य करेगा। उन्होंने विदेशी मामले विभाग के जिला संयोजक की जिम्मेदारी मिलने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली व भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज सहित पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

## समाधान केवल औपचारिक न होकर धरातल पर दिखाई देना चाहिए: डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया

अर्थ प्रकाश/ सुभाष जैन

**पानीपत।** सीएम विंडो पोर्टल से संबंधित शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण को लेकर उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सीएम विंडो पर आने वाली प्रत्येक शिकायत सरकार की प्राथमिकता है और इसके निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डॉ दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान केवल औपचारिक न होकर धरातल पर दिखाई देना चाहिए, ताकि आमजन का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके।

उपायुक्त डॉ. दहिया ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष सीएम विंडो पर लंबित शिकायतों को गंभीरता से लें और उनका तत्काल समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने एसडीएम को निर्देश दिए कि वे सभी तहसीलदारों को फोन के माध्यम से सूचित कर अगली समीक्षा बैठक से पहले लंबित सभी शिकायतों का निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से शिकायतों के निस्तारण में हो रही देरी के कारण भी जाने और स्पष्ट किया कि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### सार्वजनिक सूचना




श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष

**विषय:** स्वर्गीय विनीत कौरा की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर आवासीय स्थल संख्या 183, सेक्टर 21-ए, चंडीगढ़ (आरपी 7237) के संबंध में 16.67% शेयर की सीमा तक स्वामित्व का हस्तांतरण। आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्रीमती विनीत कौरा 16.67% शेयर की सीमा तक आवासीय स्थल संख्या 183, सेक्टर 21-ए, चंडीगढ़ के मालिक/पट्टेदार हैं। आनंदी कौरा, प्रवेश कौरा द्वारा सूचित किया गया है कि श्रीमती विनीत कौरा का 12/03/2025 को निधन हो गया और उन्होंने मृतक मालिक/पट्टेदार के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित कर दिया है:-

| क्र. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक के साथ संबंध |
|---|---|---|
| 1 | प्रवेश कौरा | माँ |
| 2 | आनंदी कौरा | बेटी |

अब, आनंदी कौरा, प्रवेश कौरा ने आवासीय साइट संख्या 183, सेक्टर 21-ए, चंडीगढ़ के संबंध में स्वर्गीय विनीत कौरा द्वारा धारित 16.67% शेयर की सीमा तक, उनके पक्ष में, बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है। यदि किसी के पास मृतक के उपरोक्त वर्णित उत्तराधिकारियों के अलावा किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी है, तो वह तुरंत संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ को सूचित करे। यदि किसी को उपरोक्त नामित आवेदकों के पक्ष में उक्त संपत्ति में हिस्से के दाखिल-खारिज पर कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती है। ऐसा न करने पर उक्त संपत्ति में हिस्से का दाखिल-खारिज तदनुसार उपरोक्त लाभार्थी/लाभार्थियों के नाम कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी प्रकार का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-6215

### ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ




Plot No. 3306, Sector-71, SAS Nagar ਦੀ 33.33% Share ਦੀ ਅਲਾਟੀ Smt. Harnam Kaur Khurana w/o Sh. Inder Singh Khurana, R/o # 3306, Sector-71, SAS Nagar ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 06.01.2020 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਸੀ, ਜਿਸ ਸੰਬਧੀ Govt. of Punjab, Health and Family Welfare Department, Chief Registrar (Births & Deaths) ਵਲੋਂ ਮਿਤੀ 24.01.2020 ਨੂੰ ਡੈਥ ਸਰਟੀਫਿਕੇਟ ਵੀ ਜਾਰੀ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਸੀ। ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵੱਲੋਂ ਵਸੀਅਤ ਰਾਹੀਂ Plot No. 3306, Sector 71, SAS Nagar ਦਾ 33.33% ਹਿੱਸਾ ਆਪਣੇ ਬੇਟੇ Ravinder Singh Khurana s/o Sh. Inder Singh Khurana, # 3306, Sector-71, SAS Nagar ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਦਰਸਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਇਹ ਵਸੀਅਤ Sub- Registrar, SAS Nagar ਜੀ ਦੇ ਦਫ਼ਤਰ ਵਿਖੇ ਵਸੀਕਾ ਨੰਬਰ 552, ਜਾਇਦ ਬਹੀ ਨੰਬਰ 3, ਮਿਤੀ 15.09.2010 ਰਾਹੀਂ ਰਜਿਸਟਰ ਕੀਤੀ ਗਈ।

Ravinder Singh Khurana s/o Sh. Inder Singh Khurana, # 3306, Sector- 71, SAS Nagar ਵਲੋਂ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Plot No. 3306, Sector-71, SAS Nagar ਦੇ 33.33% Share ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ ਜੀ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿੱਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਮ੍ਰਿਤਕ ਅਲਾਟੀ ਵੱਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ਼ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸ਼ਚਿਤ ਮਿਤੀ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ਼ਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਅਧਾਰ ਤੇ Plot No. 3306, Sector-71, SAS Nagar ਦੇ 33.33% Share ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਬਿਨੈਕਾਰ Ravinder Singh Khurana S/o Sh. Inder Singh Khurana, # 3306, Sector-71, SAS Nagar ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਟਰਾਸਫਰ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)

AP-6225

### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कलेरा की पंचायती जमीन में खड़े सफेदे के 502 पेड़ों की खुली नीलामी 22 दिसंबर दिन सोमवार को 11 बजे जनरल चौपाल में की जाएगी। बोली दाता को 30 हजार रुपए बतौर सिक्योरिटी एडवांस जमा करवाने होंगे। बाकी शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

**सरपंच: दलजीत सिंह**
**मो. +91 80590 93350**

AP-6227

### COURT NOTICE
**(U/o 5 Rule 20 CPC)**
**IN THE COURT OF Sh. Ajay Civil Judge Jr. Div., Chandigarh**

**STATE BANK OF INDIA**
**Vs.**
**SURESH KUMAR**

SUIT FOR RECOVERY-
CNR No. CHCH02-003140-2023
Next Date:- 22-12-2025

PUBLICATION ISSUED TO:

**SURESH KUMAR Son GHURARU PARSAD, H.NO. 1503, Phase 1, RAM DARBAR COLONY, SHIV MANDIR, CHANDIGARH**

**2ND ADDRESS: JC PHARMA, SHOP NO 165/7, DADUMAJRA, CHANDIGARH**

In above titled case, the defendant(s)/respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s)/respondent(s) should appear in person or through counsel on **22-12-2025** at **10:00 a.m.**

For details login to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Chandigarh**

**Dated, this day of 12-12-2025** — **Civil Judge Jr. Div., Chandigarh**

AP-6219

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**मैं,** निवेथिथा के, सैन्य संख्या- 6396400एल रैंक- हवलदार नाम- ईश्वरन पी की पत्नी हूं वर्तमान में हाउस नंबर-182, वार्ड नंबर-1, नॉर्थ स्ट्रीट, यू अम्मापट्टी, उथमपलायम, जिला-थेनी, राज्य तमिलनाडु और पिन- 625533 में रहती हूं और घोषणा करती हूं कि मैंने अपने पति के सैन्य रिकॉर्ड में अपना नाम निवेथिथा ई से निवेथिथा के और जन्मतिथि 15 मई 1988 से 05 अप्रैल 1988 में बदल दी है। शपथ पत्र संख्या- 11एए 219141, दिनांक- 05/12/2025
एपी-FMG

**मैं,** नवरतन पुत्र बीर सिंह निवासी मकान नम्बर 63, गांव किरमिच, थानेसर, कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूं कि मैने अपना नाम नवरतन से बदलकर नवरतन सिंह रख लिया है।

It is for general information that I, AAYUSH PUNIA S/O SH SURESH KUMAR Residence of Ramna Patti, Chhattar, PO Narwana, Dist Jind, Haryana-126116 declare that name of mine has been wrongly written as AAYUSH in my 10th Class CBSE and 12th Class HBSE mark sheet . The actual name of mine is AAYUSH PUNIA respectively. Which may be amended accordingly.
एपी-6218

**मैं,** कमल पुत्र छज्जू राम निवासी मकान नंबर 37 हुडा आर-3 वार्ड नंबर 8, चीका ने अपना नाम बदलकर कमल कुमार रख लिया है।

**मैं,** Kalpna Upadyay पत्नी मंशा राम उपाध्याय निवासी # 1175 सेक्टर 43-बी चंडीगढ़, अपना नाम बदलकर Kalpana Upadhya रख लिया है।

**मैं,** Reeta Verma पत्नी राम नारायण वर्मा निवासी #197/2 सेक्टर 45 बुड़ैल चंडीगढ़, अपना नाम बदलकर Nankiu Verma रख लिया है।
एपी-6221

**मैं,** खुशबू शुक्ला, सैन्य संख्या- जेसी 677339एल, रैंक- नायब सूबेदार आरटी, नाम- नवीन शुक्ला की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हूँ जो वर्तमान में यूनिट- 603 एएससी बटालियन (एएम), पिन- 905603, सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- मकान नंबर- 50, नरेंद्र नगर, बरखेड़ा पठानी, हुज़ूर, भोपाल, मध्य प्रदेश - 462022 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम खुशबू शुक्ला से बदलकर खुशबू कुमारी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11एए219175, दिनांक- 15/12/2025

**मैं,** लवलीन कौर, कर्नल राजिंदर सिंह (सेवानिवृत्त) की पत्नी, निवासी ए-304, विक्रम विहार, AWHO सेक्टर 27, पंचकुला, हरियाणा, 134116, घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम लवलीन से बदलकर लवलीन कौर कर लिया है।

I, RAJESH am Father of Army No: 2820314W Rank- Sep Name- Patil Banti Rajesh Permanent Address: Ghar No.01, Krushanapuri, Pachora, Jalgaon, Maharashtra, 424201 declare that I have changed my name from RAJESH to RAJESH SHIVAJI PATIL and Also Correct my Date of birth from 01/11/1970 to 01/01/1967. Vide Affidavit No: 11AA 219179, Dated; 15/12/2025

I, Smt. Urmila Sandip Palve is Wife of Army No 2809440H, Rank HAV, Name Palve Sandip Jagnnath Unit 16 MARATHA LI Presently RESIDING AT- Village Antarwali Bk, Tehsil Shevgaon Dist- Ahilyanagar, Pin 414502, (Maharashtra) declare that I have changed my name from Urmila to Urmila Sandip Palve and also Correct my date of birth from 15/07/1990 to 15/07/1991. Vide Affidavit No: 64AB 761130, Dated: 12 Dec 2025

I, Shri. Jagnnath Babasaheb Palve is Father of Army No 2809440H, Rank HAV, Name Palve Sandip Jagnnath Unit 16 MARATHA LI Presently RESIDING AT- Village Antarwali Bk, Tehsil - Shevgaon, Dist- Ahilyanagar, Pin 414502, (Maharashtra) declare that I have changed my name from Jagnnath to Jagnnath Babasaheb Palve and also correct my Date of birth from 05/12/1950 to 01/01/1959. Vide Affidavit No- 64AB 761129, Dated: 12 Dec 2025

I, Smt. Kaushlya Jignnath Palve is Mother of Arry No 2809440H, Rank HAV, Name Palve Sindip Jagnnath Unit 16 MARATHA LI Presently RESIDING AT- Village Antarwali Bk, Tehsil - Shevgaon, Dist- Ahilyanagar, Pin 414502, (Maharashtra) declare that I have changed my name from Kaushlya to Kaushlya Jagnnath Palve and also correct my Date of birth from 03/01/1954 to 01/01/1961. Vide Affidavit No- 64AB 761131, Dated: 12 Dec 2025

I, CHHAYA am Mother of Army No: 2821674Y Rank: Sep Name: Vikram Patole Permanent Address: Shigave bahula Ambad Vadi, Nashik, PO: Devlali, Dist: Nashik, Maharashtra-422401 declare that I have changed my name from CHHAYA to CHHAYA DNYANESHWAR PATOLE. Vide Affidavit No: 11AA 219180, Dated: 15/12/2025

I, KATKAR SULBHA SUDAM am Mother of Army No: 2817534P Rank: NK Name: Katkar Vinay Sudam Permanent Address: At Bhagyanagar, Post-Salshinge, Teh Khanapur, Dist - Sangli, State - Maharashtra, Pin 415311 declare that I have changed my name from KATKAR SULBHA SUDAM to SULABHA SUDAM KATKAR. Vide Affidavit No: 11AA 219177, Dated: 15/12/2025

I, KATKAR SUDAM AKARAM am Father of Army No: 2817534P Rank: NK Name: Katkar Vinay Sudam Permanent Address: At Bhagyanagar, Post-Salshinge, Teh Khanapur, Dist - Sangli, State - Maharashtra, Pin 415311 declare that I have changed My Name from KATKAR SUDAM AKARAM to SUDAM AKARAM KATKAR. Vide Affidavit No: 11AA 219174, Dated: 15/12/2025

I, DHARMISHTHABAHEN am legally Wedded Spouse of Army No- 2812675A Rank-L/NK Name- Patel Kanaiyalal Bharatsinh Permanent Address: 102, Sadardi Faliyu, Vavdikhurd, Vavadi Khurd, Panchmahals, Gujarat-388713 declare that I have changed My Name from DHARMISHTHABAHEN to PATEL DHARMISHTHABEN KANAIYALAL. Vide Affidavit No: 11AA 219178, Dated: 15/12/2025

I, PANCHFULA am Mother of Army No: 2816528P Rank: NK Name: Tambekar Datta Limbaji Permanent Address: Vill: Shivni Taka, Post : Shivni Taka, Teh: Sindkhed Raja, Dist: Buldhana, State: Maharashtra, Pin:443203 declare that I have changed my name from PANCHFULA to TAMBEKAR PANCHFULA LIMBAJI. Vide Affidavit No: 11AA 219176, Dated: 15/12/2025

I, VASANTI am Mother of Army No: JC-462497Y Rank: NB/Sub Name: Kadam Bhikaji Vasudev Permanent Address: House No. 239, Kadam Wadi, Near Ganesh Mandir, Durgwadi, Ratnagiri, Maharashtra-415606 declare that I have changed my name from VASANTI to VASANTI VASUDEV KADAM and Also Correct my Date of birth from 14/05/1960 to 01/01/1961. Vide Affidavit No: 11AA 219226, Dated: 15/12/2025

I, SWATI am Mother of Army No: 2820649N Rank- Sep Name- Baraskar Kedarnath Mahaling Permanent Address: At Post Yermala Ta. Kallam, VTC: Yermala, PO: Yermala, Sub District: Kalamb, District: Osmanabad, State: Maharashtra, PIN Code: 413525 declare that I have changed my name from SWATI to SWATI MAHALING BARASKAR and Also Correct my Date of birth from 01/06/1972 to 11/06/1972. Vide Affidavit No: 11AA 219223, Dated: 15/12/2025

I, BARASKAR MAHALING am Father of Army No: 2820649N Rank- Sep Name- Baraskar Kedarnath Mahaling Permanent Address: At Post Yermala Ta. Kallam, VTC: Yermala, PO: Yermala, Sub District: Kalamb, District: Osmanabad, State: Maharashtra, PIN Code: 413525 declare that I have changed my name from BARASKAR MAHALING to MAHALING RAMESHWAR BARASKAR and Also Correct my Date of birth from 12/09/1963 to 14/08/1963. Vide Affidavit No: 11AA 219224, Dated: 15/12/2025
एपी-6222

**मैं,** अभिमन्यु पुत्र धर्मबीर, मकान नंबर 306, मलोया, खेड़ा मंदिर के पास मलोया चंडीगढ़ ने अपना नाम अभिमन्यु से बदलकर अभिमन्यु राजपूत रख लिया है।

**मैं,** जगन नाथ, पिता इंदर सिंह, निवासी मकान नंबर बी-10, 1509/4, ब्लॉक-10, निरंकारी भवन के पास, आदर्श नगर, नयागांव, जिला एसएएस नगर, मोहाली, पंजाब, सूचित करता हूं कि मेरे आर्मी रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम गलती से मीतू ठाकुर दर्ज है। मेरी पत्नी का सही नाम मीतू देवी है। उनकी जन्मतिथि गलती से 15.05.1973 दर्ज है। मेरी पत्नी की सही जन्मतिथि 06.10.1975 है।

**मैं,** अंजू बाला पत्नी प्रीतपाल सिंह निवासी मकान नंबर 297, खुड्डा अलीशेर चंडीगढ़ ने अपना नाम अंजू बाला से बदलकर परनीत कौर रख लिया है।

**मैं,** चंद्रकला माता सेना सर्विस नंबर- 8036680एन रैंक- हवलदार (जीडी) नाम- रहाणे शांताराम विश्वनाथ स्थायी पता- पंचकेश्वर, नासिक, नंदुरडी, महाराष्ट्र, 422308 मैने अपना नाम चंद्रकला से बदलकर चंद्रभागा विश्वनाथ रहाणे रख लिया है और मेरी जन्मतिथि 15/02/1963 से बदलकर 01/06/1958 सही जन्मतिथि है।

**मैं,** सेना क्रमांक 15622155Y, रैंक हवलदार घनश्याम (यूनिट 20 गार्ड), कंपनी 56 एपीओ, पुत्र स्वर्गीय श्री बुजन राम, निवासी गगरवास, तहसील राजगढ़, जिला चूरू, राजस्थान-331023, सूचित करता हूँ कि मेरे सेना रिकॉर्ड में मेरी माता का नाम गलती से बख्तवारी देवी दर्ज किया गया है। मेरी माता का सही नाम बख्तावरी है। शपथ पत्र संख्या IN-CH59547926694433X दिनांक 15.12.2025, नोटरी चंडीगढ़ के समक्ष।

**मैं,** जयश्री सिंह पत्नी निखिल सिंह निवासी मकान नंबर 4231, सेक्टर 56, चंडीगढ़ ने अपना नाम जयश्री मधु वाजा, जयश्री, जयश्री सिंह से बदलकर जयश्री रख लिया है।
एपी-6223

I, Panwar Gunjan D/o Satinder Vir Singh R/o H.No. 149, Bassi Maruf Siala Baghpur Distt. Hoshiarpur Punjab have changed my name from Panwar Gunjan to Gunjan Panwar. Concerned Note.
एपी-6214

**मैं,** अभिषेक पुत्र बेचू राम, निवासी मकान संख्या 1161, न्यू इंदिरा कॉलोनी, मनीमाजरा, चंडीगढ़, घोषणा करता हूँ, कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में मेरे पिता का नाम बेचू दर्ज है और मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में बेचू राम दर्ज है। ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति को संदर्भित करते हैं।

**मैं,** सुरेन्द्र कुमार (आधार नंबर 7719 5007 7948) पुत्र श्री राम निवासी #68 आर-3 वार्ड नंबर 7 चीका तहसील गुहला जिला कैथल- 136034 (हरियाणा) ने अपना नाम सुरेन्द्र बिंदल से बदलकर सुरेन्द्र कुमार रख लिया है।
एपी-6220

**मैं,** राजेंदर सिंह पुत्र महेन्दर वासी मकान नं- 45, गांव व डाक-गोरीवाला, जिला सिरसा ने अपना नाम बदलकर राजेंदर (नाम) सिंह (उपनाम) रखा है।

**मैं,** Ranbir पुत्र नोक राम वासी गांव Dhanger जिला फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर Ranbeer सिंह रखा है।

**मैं,** बुलबुल पत्नी प्रदीप Tahlan वासी मकान नं. ए-6, जैन नगर, Opp होटल Sapphire, जगाधरी, यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर बुलबुल से बुलबुल कटारिया रखा है।

**मैं,** बुलबुल Tahlan पत्नी प्रदीप Tahlan वासी मकान नं. ए-6, जैन नगर, Opp होटल Sapphire, जगाधरी, यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर बुलबुल Tahlan से बुलबुल कटारिया रखा है।

**मैं,** प्रदीप कुमार Tahlan पुत्र नफे सिंह तहलान वासी मकान नं. ए-6, जैन नगर, Opp होटल Sapphire, जगाधरी, यमुना नगर ने अपना नाम बदलकर प्रदीप कुमार Tahlan से प्रदीप तहलान रखा है।

**मैं,** बलराम सिंगला पुत्र विजय कुमार वासी वार्ड नं. 5, खुराना कॉलोनी, opp. सिविल हॉस्पिटल Taraori तरावड़ी ने अपना नाम बदलकर बलराम सिंगला से बलराम रखा है।

**मैं,** Sarbjeet सिंह मल्होत्रा पुत्र हरजीत सिंह वासी मकान नं.बी-10, राज दरबार स्पसेस सैक्टर-24, हिसार ने अपना नाम बदलकर Sarbjeet सिंह मल्होत्रा से सरबजीत सिंह रखा है।

**मैं,** सुरेन्द्र पाल पुत्र देस राज वासी मकान नं. 78, Opp, UHBVNL, ऑफिस, सैक्टर-12 करनाल ने अपना नाम बदलकर सुरेन्द्र पाल बुद्धिराजा से सुरेन्द्र पाल रखा है।

**मैं,** बातूल बेगम पत्नी अब्दुल हमीद निवासी मकान नं. 1016, निर्मल विहार कॉलोनी, करनाल ने अपना नाम बातूल बेगम उर्फ नर्गिस से बदलकर बातूल बेगम रख लिया है।

**मैं,** मनन महेश रैना वासी मकान नं. 1507, सैक्टर-9, अर्बन एस्टेट करनाल ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर शिमांष वीरेन्द्र रैना से वियान रैना रखा है।

**मैं,** Ajmar सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी गाँव व डाकखाना मंजुरा जिला करनाल ने अपना नाम Ajmar सिंह से बदलकर अजमेर सिंह रख लिया है।

**मैं,** अरुण बंसल उर्फ अरुण कुमार बंसल पुत्र दीन दयाल बंसल वासी मकान नं.110, एम.सी. कॉलोनी हिसार हरियाणा-125001. ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर अरुण बंसल उर्फ अरुण कुमार बंसल से अरुण कुमार बंसल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** पूजा गर्ग उर्फ पूजा बंसल पत्नी अरुण कुमार बंसल वासी मकान नं. 110, एम.सी. कॉलोनी हिसार हरियाणा-125001. ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर पूजा गर्ग उर्फ पूजा बंसल से पूजा बंसल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए।

**मैं,** सुशील कुमार पुत्र साधु राम वासी मकान नं. 567, करम सिंह कॉलोनी करनाल ने अपना नाम बदलकर सुशील से सुशील कुमार रखा है।

**मैं,** Sristi महेश्वरी पत्नी सचिन गर्ग वासी मकान नं 2163 सैक्टर-7 अर्बन एस्टेट, करनाल ने अपना नाम बदलकर Sristi महेश्वरी से सृष्टि गर्ग रखा है, भविष्य के लिए नोट करें।

**मैं,** मनीषा पत्नी शम्मी सरदाना वासी मकान नं. 1382, सैक्टर-6, अर्बन एस्टेट, करनाल, हरियाणा - 132001, ने अपना नाम बदलकर मनीषा अरोड़ा से मनीषा रखा है।

**मैं,** विक्रम सिंह पुत्र नाथी राम कम्बोज वासी मकान नं 386 वकील पूरा, सदर बाजार, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर विक्रम से विक्रम सिंह रखा है।

**मैं,** रेनू पत्नी विक्रम सिंह वासी मकान नं 386 वकील पूरा, सदर बाजार, करनाल ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर रेनू कम्बोज से रेनू रखा है।

**मैं,** विक्रम सिंह पुत्र नाथी राम कम्बोज वासी मकान नं 386 वकील पूरा, सदर बाजार, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर विक्रम कम्बोज से विक्रम सिंह रखा है।
एपी-6224

**मैं,** मुमताज पुत्री फुमन राम मेहमी # 3228/1 सेक्टर 41डी चंडीगढ़ ने मेरे नाबालिग बेटे का नाम हार्दिक बदलकर मनराज रख दिया है।
एपी-6214

I Tinku S/o Rajpal R/o Farezarabad Misa(171), PO: Sihol, DIST: Palwal, Haryana - 121102, have changed my name to Tek Chand.

I Asha W/o Narender Kumar R/o 1563, Sector-3, Rohtak, Haryana - 124001, have changed my name to Asha Rani

I Narender S/o Hukam Singh R/o 1563, Sector-3, Rohtak, Haryana - 124001, have changed my name to Narender Kumar

I Kuspender Singh S/o Shamsher Singh R/o Sunari Kalan (101), Rohtak, Haryana-124001, have changed my name to Kuspender.
एपी-6228

### बेदखली सूचना

**मैं,** सुरेश कुमार पुत्र श्री लाल सिंह, निवासी व डाकघर बुबका, तह. रादौर, जिला यमुनानगर ब्यान करता हूं कि मेरा लड़का साहिल मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और कभी भी हमारा कहना नहीं मानता, और बार-बार मेरे व मेरे परिवार के साथ झगड़ा करता हैं। इसलिए मैं अपने लड़के साहिल को अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं इसके साथ जो भी कोई लेन-देन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होगा। अब मेरा व मेरे परिवार के किसी सदस्य का इनके साथ कोई वास्ता नहीं है और न ही भविष्य में रहेगा।
एपी-6217

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

**मैं,** सोहन सिंह, पुत्र स्वर्गीय श्री जोगिंदर सिंह, निवासी मकान नंबर 1352/3, नगला बस्ती, मनीमाजरा, चंडीगढ़ यह घोषणा करता हूँ कि मेरा बेटा कमलप्रीत सिंह मेरे कहे से बाहर है। मैंने उसे अपनी सभी चल/ अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी काम और गतिविधियों/ देनदारियों के लिए मैं जिम्मेदार नहीं रहूँगा।
एपी-6216

**मैं,** देवराज पुत्र श्री धर्म सिंह निवासी रभड़ा हाल निवासी गीता कॉलोनी गोहाना, सोनीपत में अपने लड़के सागर व उसकी पत्नी काजल को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं क्योंकि ये दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है भविष्य में इनसे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मैं,** महावीर पुत्र फते सिंह निवासी म.नं. 221/29 राम नगर रोहतक रोड़ जीन्द तह. व जिला जीन्द अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा पुत्र रोहित मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। आज के बाद जो भी कोई उससे लेन-देन या व्यवहार रखेगा, वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**मैं,** मदन लाल, पुत्र श्री इंदर राज, निवासी मकान संख्या 1463, डडू माजरा कॉलोनी, चंडीगढ़, घोषणा करता हूँ कि मेरे पुत्र संजय कुमार उर्फ संजय और राजीव कुमार उर्फ राजू मेरे नियंत्रण से बाहर हैं, इसलिए मैं उन्हें अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन-देन करने वाले स्वयं खुद जिम्मेवार होंगे।
एपी-6220

**मैं,** दुर्ग पाल पुत्र फूल चंद निवासी मकान नंबर- 262 सेक्टर- 15 पंचकुला, तहसील व जिला पंचकुला, हरियाणा 134113 का रहने वाला हूँ, घोषणा करता हु कि मेरा लड़का हरेंदर जो मेरे कहने सुनने से बाहर है उसे पूर्ण तौर से में अपनी चल अचल जायदाद से बेदखल करता हूं। उसके साथ लेनदेन करने वाला कोई भी व्यक्ति अपने कानूनी कार्यो के लिए स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा और मेरे परिवार का मेरे बेटे से कोई लेना देना नहीं होगा।
एपी-6222

**मैं,** आरती देवी, पत्नी लाल चंद, निवासी दुखेरी (161), अंबाला, हरियाणा, वर्तमान में मकान नंबर 41, डेयरी कॉम्प्लेक्स, मालोया, चंडीगढ़, सूचित करती हूँ कि मेरा पुत्र रणदीप सिंह और उसकी पत्नी प्रीति मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करती हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** बलबीर सिंह पुत्र श्री राम, मकान नंबर 1041, फेस-1, राम दरबार, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र रोहित और उसकी पत्नी शिखा ओर मेरा दूसरा पुत्र विकी मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** अवतार सिंह पुत्र जोगिंदर सिंह निवासी मकान नंबर 2260, सेक्टर 45-सी, चंडीगढ़ सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री किरनदीप कौर मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूं। उसके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा ।
एपी-6232

### खोया और पाया

हम, गुलशन रानी पत्नी राम दित्ता और मीतू पत्नी सुरेंद्र कुमार संपत्ति के संबंध में मालिक हैं । Property id. 1D32APQ7, Plot no. 55, Measuring 125 Sq. Yards, situated at Rampura Mohalla, Hisar, Tehsil and Distt Hisar as per Sale deed no. 7997 dated 22.10.2024. हमने हिसार में कहीं भी ट्रांसफर डीड नंबर 4792 दिनांक 05.09.2023, सेल डीड नंबर 107 दिनांक 11.03.1939 को खो दिया है। एक डीडीआर नं. 132290512504437 भी हिसार में पंजीकृत हैं । हम यह भी घोषणा करते हैं कि हमने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें।
एपी-6220

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ, कहा-

# 'जुग-जुग जिए हमारे प्रधानमंत्री, जिन्होंने देश की तस्वीर बदल दी'

**कांग्रेस रैली में पीएम मोदी के खिलाफ नारे लगाने पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज का तीखा हमला - बोले 'निराश, हताश, हारे हुए लोग ही ऐसी बातें करते हैं'**

**'वोट छापना' शब्दावली याद दिलाकर मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस को घेरा- बोले, ईवीएम के आने से कांग्रेस का धंधा बंद**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अंबाला, 15 दिसंबर।** हरियाणा ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस की दिल्ली रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और देश विरोधी नारे लगाने पर कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा अपने गिरते हुए स्तर का प्रदर्शन किया गया है। निराशा, हताश, फेल, थके हुए, हारे हुए लोग ही इस प्रकार की बातें करते हैं। वहीं,अनिल विज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुआएं देते हुए कहा कि 'जुग-जुग जिए हमारे प्रधानमंत्री, जिन्होंने आज हिंदुस्तान की तस्वीर और सूरते हाल बदल दिया'।

आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, पूरे विश्व में नरेंद्र मोदी की वजह से देश की साख बड़ी है। विश्व में देश के साथ मधुर संबंध बने हैं। इनके (कांग्रेस) के प्रधानमंत्री मीटिंग में जाकर सो जाया करते थे, कभी बोला ही नहीं करते थे।

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के बयान कि यदि बैलेट पेपर से चुनाव हो तो भाजपा को एक भी वोट न मिले, के बारे में ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने पलटवार करते हुए कहा कि जब मत पत्र से चुनाव होते थे हमने देखा हुआ है कि तब ये कैसे वोट छापते थे। उस दौरान चुनाव में एक शब्दावली थी ÷वोट छापना÷, मगर ईवीएम के आने के बाद इनका (कांग्रेस) वह काम बंद हो गया। ये बदमाशों को, माफिया को सेट करके उनसे वोट छपवाया करते थे, छापे जाते थे, तब चुनाव में यह शब्दावली थी। ईवीएम आने से वह खत्म हो गई और इनको ही पीड़ा हो रही है। ये उस दौरान वोट छापने से ही जीतते थे और उनके वोट छापने का धंधा बंद हो गया, इसलिए इस पीड़ा को लेकर कांग्रेस वाले बार-बार रो रहे हैं।

एसआईआर के बाद उत्तर प्रदेश में लगभग 4 करोड़ वोट कट गए हैं जिस पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जहां-जहां पर ठीक तरीके से एसआईआर होगा वहां जाली वोटो का तंत्र, जो कांग्रेस ने इतने सालों से बसा रखा था, वह खत्म होता जा रहा है। जाली वोट कांग्रेस ने बनाई थी, इतने वर्षों तक कांग्रेस ने जो राज किया, पता नहीं कौन कौन से भाग में कितनी वोट, इन्होंने बना रखी थी, आज वह वेरीफाई नहीं हो रही और इसलिए वह वोट कट रही है।

वहीं, कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के आरोप कि लोग अपनी जान बचाने के लिए मोटी रकम/फिरौती कहां से दें, पर मंत्री अनिल विज ने पलटवार करते हुए कहा कि सरकार पूरी तरह से सतर्क है और सरकार ने गलत आदमियों को पकड़ने के लिए बहुत बड़ी मुहिम चला रखी है। इस मुहिम के तहत लगभग साढ़े पांच हजार लोगों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।

### एक साथ बैठो, गपशप करो और चाय का आनंद लो: विज

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर लोगों को संदेश देते हुए कहा कि लोगों को एक साथ बैठना चाहिए और बैठकर आपस में गपशप करनी चाहिए। सुविधा अनुसार अलग-अलग ग्रुपों में बैठकर चाय का आनंद भी अवश्य लेना चाहिए। आज अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि वह लगभग 1970 से अम्बाला छावनी के सदर बाजार चौक पर बैठ रहे हैं और तब से लेकर आज तक वह लगातार यहां आते हैं। चौक पर आकर शहर के सुख-दुख को अपने टी-प्वाइंट ग्रुप सदस्यों के साथ शेयर करते हैं तथा समाचार पत्रों का भी अवलोकन करते हैं। उन्होंने बताया कि अंबाला छावनी के सदर चौक पर आने की शुरूआत इसलिए हुई क्योंकि शहर का यह मुख्य चौक है और इस चौक पर सारे अखबार सुबह आते हैं। वह अखबार पढ़ने के लिए यहां आते थे और वहीं से यह सिलसिला चला तथा अब यह टी-प्वाइंट बन गया है। पहले अखबार प?ने के साथ यहां सब मिलकर चाय पीते थे और बैठने का सिलसिला तभी से जारी है। मंत्री अनिल विज ने कहा कि एक साथ बैठकर चाय पीना और बातें करना यह अच्छी व स्वस्थ सोसाइटी के लिए जरूरी है। पहले लोग गलियों, पेड़ों के नीचे बैठते थे, मगर अब वो बंद करने से सामाजिक ढांचा कमजोर हुआ है।

# क्षत्रिय महासभा ने की आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग, राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराडा, 15 दिसंबर।** आरक्षण के विसंगतियों और घटते राजनीतिक प्रतिनिधित्व को लेकर क्षत्रिय समाज ने अब निर्णायक लड़ाई का मन बना लिया है। दोसड़का स्थित रेस्ट हाउस में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक में इन मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में समाज ने स्पष्ट किया कि उन्हें आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था स्वीकार्य नहीं है और वे पूर्णतः आर्थिक आधार पर आरक्षण चाहते हैं।

**10 प्रतिशत आरक्षण में अस्पष्टता पर जताई चिंता:** महेंद्र सिंह तंवर ने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा दिया गया 10 प्रतिशत आरक्षण महासभा के लंबे संघर्ष का ही परिणाम है, लेकिन समाज इससे पूरी तरह संतुष्ट नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि मौजूदा प्रावधानों में कई तकनीकी खामियां और अस्पष्टताएं हैं, जिससे पात्र लोगों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा। महासभा ने सरकार से मांग की है कि आरक्षण का आधार जाति न होकर परिवार की वास्तविक आर्थिक स्थिति होनी चाहिए, ताकि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को संबल मिल सके।

**संसद से सड़क तक संघर्ष का आह्वान:** बैठक में केवल आरक्षण ही नहीं, बल्कि शिक्षा और राजनीति पर भी फोकस रहा। तंवर ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शिक्षा को अपना हथियार बनाएं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। वहीं, राजनीतिक चर्चा के दौरान वक्ताओं ने माना कि संसद और विधानसभाओं में समाज की भागीदारी कम हो रही है। निर्णय लिया गया कि आने वाले समय में क्षत्रिय समाज अपनी राजनीतिक ताकत को संगठित करेगा और सक्रिय राजनीति में हिस्सेदारी सुनिश्चित करेगा। इस दौरान पिंटू राणा, सुखदेव चौहान, जयदीप राणा, मोहन सिंह बबयाल, वेदपाल राणा सहित काफ़ी संख्या में समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनी जनसमस्याएं



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** एसडीएम आकाश शर्मा ने सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की विभिन्न शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी आवेदनों पर समयबद्ध और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसडीएम आकाश शर्मा ने कहा कि आमजन की समस्याओं का शीघ्र समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। समाधान शिविरों के माध्यम से जनता को एक ही स्थान पर सभी विभागों की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जो मामले मौके पर निपटाए जा सकते हैं, उन्हें वहीं तत्काल हल किया जाए। शिविर में आए कई आवेदनों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष मामलों के निवारण के लिए संबंधित विभागों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्य पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली, राजस्व तथा अन्य नागरिक सेवाओं से संबंधित समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे अपनी शिकायतें इन समाधान शिविरों के माध्यम से निवारण करवाएं। समाधान शिविर में सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं इसलिए समस्याओं का समाधान त्वरित किया जा रहा है।

### जन कल्याण मंच ने छात्रों को बांटी जर्सियां



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि0) ने जरूरतमंद छात्रों को जर्सीयां बांटी। सर्दी को देखते हुए जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र के पदाधिकारी भिन्न - भिन्न स्थानों पर जाकर आए दिन जरूरतमंद एवं असहाय बच्चों एवं वृद्धों को कंबल, जर्सी व अन्य गर्म कपड़ों का वितरण कर पुण्यात्मक कार्य कर रहे हैं । जनकल्याण मंच कुरुक्षेत्र सामाजिक संस्था के प्रदेशाध्यक्ष दलबीर मलिक ने कहा कि हम अपने जीवन यापन के लिए बहुत कुछ करते हैं परंतु निस्वार्थ भाव से दूसरों के लिए किया गया सहयोग अत्यंत पुण्यदायी होता है इसलिए सभी समर्थ व्यक्तियों को जरूरतमंदों की मदद अवश्य करनी चाहिए। संस्था के महासचिव सरदार बलदेव सिंह सैनी ने कहा कि जो व्यक्ति जरूरतमंद और गरीबों को अपनी नेक कमाई में से दान देता है भगवान उसको दौगुनी धन दौलत और प्रसिद्धि देता है इसलिए सभी निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों का सहयोग करें। संस्था के संरक्षक देशराज भटनागर ने कहा कि सभी बच्चे अपने बड़ों की आज्ञा का पालन करें और उनका सम्मान करें। जर्सी प्राप्त करने उपरांत सभी छात्रों के चेहरों पर मुस्कुराहट दिखाई दे रही थी। संस्था के मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया,प्रेस सचिव शिव किरमच, कोषाध्यक्ष धर्म सिंह जोगना खेड़ा ने अपने हाथों से छात्रों को जर्सीयां बांटी और छात्रों को आह्वान किया कि वह मोबाइल का कम से कम प्रयोग करें और महापुरुषों के जीवनियां अवश्य पढ़ें । इस अवसर पर स्कूल के मुख्य शिक्षक राजेन्द्र सिंह ,निकातपुर के सरपंच दिलबाग सिंह, मंगतराम , सिंटू, रिंकू , सुरेश, दर्शन, सुनीता, दर्शना, कृष्ण कुमार इत्यादि उपस्थित रहे।

### भारत विकास परिषद का जर्सी-जूते वितरिण कार्यक्रम आज

**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** भारत विकास परिषद की लाडवा शाखा द्वारा लाडवा के तीन सरकारी स्कूलों में 16 दिसम्बर को जर्सी-जुते वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें सरकारी स्कूला में पढने् वाले गरीब व जरूरतमंद बच्चों को गर्म जर्सिया व जुते वितरित किए जाएंगे। यह जानकारी परिषद के सदस्य डा.अमृत पाल गर्ग ने दी। उन्होंने बताया कि परिषद द्वारा करीब 1500 गरीब व जरूरतमंद बच्चों को गर्म जर्सियां व जुते देने का लक्ष्य रखा गया है। यह कार्य श्रीमती कृष्णा गोयल फाउंडेशन लाडवा के सहयोग से करवाया जा रहा है, जिसमें लाडवा में विभिन्न विद्यालयों में पढने् वाले करीब 1500 विद्यार्थियों को जर्सी एवं जूते वितरित किए जाएंगे। इस कार्यक्रम में समाजसेवी विजेंद्र गोयल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर बच्चों को जर्सियां व जुते वितरित करेंगे। सबसे पहले सुबह साढ़े दस बजे लाडवा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,साढ़े 11 बजे राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय लाडवा खेड़ा मंदिर के सामने व दोपहर 12 बजे राजकीय प्राथमिक पाठशाला डेरा अनाज मंडी के सामने होगा।

# जिले में सभी विकास परियोजनाओं की कि जा रही नियमित समीक्षा: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 15 दिसंबर।** हरियाणा सरकार में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। मुख्य सचिव ने भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृति (फॉरेस्ट क्लीयरेंस) और पर्यावरण स्वीकृति के कारण लंबित पड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा भी की। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़कों के चौड़ीकरण, जलापूर्ति, औद्योगिक व शहरी विकास से जुड़ी परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की अनावश्यक अड़चन स्वीकार्य नहीं है। मुख्य सचिव ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि यदि चौड़ीकरण मौजूदा फॉर्मेशन चौड़ाई के भीतर किया जा रहा है तो किसी भी स्तर पर अनावश्यक आपत्ति न की जाए।

मुख्य सचिव ने भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों में ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से खरीदी गई जमीन तथा 70 प्रतिशत से अधिक भूमि खरीदे जाने वाले प्रोजेक्ट्स में हरियाणा भूमि परियोजना समेकन (विशेष उपबंध) अधिनियम, 2017 के तहत आगे की कार्रवाई तेज करने के निर्देश भी दिए गए।

उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जिले में सभी विकास परियोजनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है। भूमि अधिग्रहण और सड़कों के चौड़ीकरण से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। हमारा प्रयास है कि किसी भी परियोजना में प्रशासनिक या तकनीकी कारणों से देरी न हो और आम जनता को समय पर सुविधाओं का लाभ मिले।

### एसडीएम शिवजीत भारती ने समाधान शिविर में दिए अधिकारियों को समाधान के निर्देश

# बिजली, पानी, पेंशन व परिवार पहचान पत्र आदि समस्याएं का किया समाधान

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 15 दिसंबर।** एसडीएम शिवजीत भारती की अध्यक्षता में आयोजित समाधान शिविर में क्षेत्र के नागरिकों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं रखी गई। एसडीएम ने शिकायतें सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

शिविर में गांव बिलासपुर की ममता देवी ने बिजली कनेक्शन से संबंधित समस्या रखी, जबकि गांव बुढ़ाखेड़ा के मनीष कुमार ने खराब ट्रांसफार्म की शिकायत दर्ज करवाई। नारायणगढ़ बस स्टैंड से जुड़ी एक गंभीर शिकायत में बताया गया कि वहां शरारती तत्व लड़कियों एवं महिलाओं पर फब्तियां कसते हैं। इस पर एसडीएम ने पुलिस विभाग को तुरंत उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

ब्लॉक समिति सदस्य रामकुमार ने अपने वार्ड के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों की समस्याएं रखी। इनमें गांव छज्जलमाजरा में रामगढ़ रोड पर स्पीड ब्रेकर लगवाने, छज्जमाजरा में बस क्यू-शेल्टर बनवाने, छोटी बस्सी में नाले आदि से संबंधित समस्याएं शामिल रही।

गांव पंजलासा के खुशभास, विजय कुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने गांव का गंदा पानी खेतों में जमा होने की समस्या उठाई। गांव मुन्ना माजरा की शकुंतला देवी ने परिवार पहचान पत्र में किसी अन्य व्यक्ति का बिजली बिल दर्ज होने की शिकायत रखी। गांव कुल्लडपुर की जसविंद्र कौर ने राशन कार्ड में पुत्र का आधार नंबर सही दर्ज करवाने का अनुरोध किया।

### बराड़ा की खुशबू ने 'यूथ लोनलीनेस स्केल' विकसित किया

**बराड़ा, (अप्रस/जयबीर)।** बराड़ा निवासी दविंदर कुमार की पुत्री खुशबू ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य और भावनात्मक चुनौतियों को वैज्ञानिक रूप से समझने के लिए 'यूथ लोनलीनेस स्केल (हिंदी)' विकसित किया है। इस स्केल का औपचारिक विमोचन गत दिनों कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ वीरेंद्र पाल द्वारा किया गया। अल्का ने यह शोधकार्य कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग में अपने एमए पाठ्यक्रम के दौरान किया। इस स्केल को विकसीत करने में खुशबू के साथ-साथ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ आशु धवन एवं विभाग की छात्रा अल्का गोस्वामी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ आशु धवन ने बताया कि तेजी से बदलती जीवनशैली, डिजिटल दबाव और सामाजिक अलगाव के कारण युवाओं में अकेलापन लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में वैज्ञानिक रूप से विकसित यह 'युथ लोनलीनेस स्केल' शोध कार्य स्कूलों, कॉलेजों और काउंसलिंग केंद्रों में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य की पहचान का एक विश्वसनीय साधन सिद्ध होगा।

# ग्लोब हेरिटेज ने क्रिकेट प्रतियोगिता में पाया प्रथम स्थान

## अर्शित राणा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व दैविश बने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

अर्थ प्रकाश/विकास कश्यप



**लाडवा, 15 दिसंबर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने क्रिकेट चैंपियनशिप में परचम लहराते हुए स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि संजय गांधी स्कूल हरनौल में सुरेंद्रा क्रिकेट अकादमी की तरफ से क्रिकेट चैंपियनशिप आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल की अंडर 14 लड़कों की क्रिकेट टीम ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। विजेता टीम में नैतिक, हितेन, अर्शित राणा, दविश, दिवम, हितेश, हर्षित, शौर्य, कुणाल, योजित, गुरुवंश, युवराज, हर्ष, सार्थक, अनमोल, दक्ष, मानिक, भगत राम, कनिष्क, रेहान, गर्वित व रूद्र शामिल रहे।

अर्शित राणा को चैंपियनशिप के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज व दैविश को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज पुरस्कार से नवाजा गया। सोमवार को स्कूल में पहुंचने पर विजेताओं का स्कूल की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वो सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने इस जीत को ग्लोब हेरिटेज फैमिली की जीत बताया। इस अवसर पर अमित सिंघल सहित स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

### पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

**नारायणगढ़ (अप्रस)।** नारायणगढ़ उपमंडल के अंतर्गत गांव पंजालासा एवं गांव ब्राह्मण माजरा में पीएम सूर्य मुफ्त बिजली योजना को लेकर जागरूकता एवं जन संवाद शिविरों का आयोजन किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए बिजली निगम के एसडीओ विकास बंसल ने बताया कि गत दिवस यह जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। गांव पंजालासा में यह शिविर डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन में आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने सोलर कनेक्शन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों व योजना के लाभों की जानकारी प्राप्त की। योजना की जानकारी मिलने के उपरांत गांव के तीन ग्रामीणों ने सोलर कनेक्शन लगवाने में रुचि दिखाई। इस अवसर पर सरपंच नीतू, संजीव, रूपचंद, रविंद्र कुमार, नरेश कुमार बख्शी, बिट्टू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# एमआरपी विभाग नींद में, कंपनियां उत्पादों पर अनाप-शनाप प्रिंट कर लोगों को लूटने में लगी

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 15 दिसंबर।** कई वर्ष पहले अच्छी कंपनियों के उत्पादन कंपनी द्वारा उत्पाद की पैकिंग पर लिखे खुदरा एमआरपी पर ही बिकते हुए दिखाई देते थे। कंपनियों की गुणवत्ता व स्टैंडर्ड उसके एमआरपी पर बिकने से ही उत्पाद की विश्वसनीयता होने का प्रतीक माना जाता था पर आज कल चल रहे सोशल मीडिया का क्या जमाना आया कि अच्छे से अच्छी चीज बढ़िया मार्केट में नाम वाली कंपनियां उत्पादों पर प्रिंट खुदरा एमआरपी से 10 गुना तक ज्यादा प्रिंट कर बाद में डिस्काउंट करती दिखाई देती हैं।आजकल सर्दी का सीजन शुरू हुआ हुआ है आप हर मोबाइल पर सोशल मीडिया पर जिसे हम ऑनलाइन शॉपिंग कहते हैं उस पर जो उत्पादन कंपनियों द्वारा बेचे जा रहे हैं उनका रेट प्रिंट रेट अनाप-शनाप एमआरपी दिखाकर ज्यादा से ज्यादा डिस्काउंट ऑफर देकर बेचे जा रहे हैं पर लोकल मार्केट में ऐसे नहीं जो वास्तव में ही ओरिजिनल प्राइस है उसे पर बेचे जा रहे हैं और जो उत्पाद की क्वालिटी होती है वह भी उपभोक्ता की आंखों के सामने होती है। शहर टोहाना में हर व्यापारी वह उपभोक्ता का सरकार से यह मांग है कि जो भी सरकारी विभाग कंपनियों के उत्पादों पर लिखने वाले एमआरपी को रजिस्टर्ड सुरक्षित करता है सरकार के मांगों के अनुसार वह कंपनियों को एमआरपी पर अनाप-शनाप प्रिंट करने से रोके या फिर उनके द्वारा किए गए खुदरा रेटो पर ही आयकर सरकार को दे इससे ऊपभोक्ता लूटने से बच जाएगा। सरकार द्वारा लिखे जाने वाले प्रिंट रेट पर लोगों की विश्वसनीयता बनी रहेगी।

# सिसला धाम पहुंचकर बाबा श्याम से की सुख-समृद्धि की कामना

अर्थ प्रकाश/कृष्ण प्रजापति

**पूंडरी, 15 दिसंबर।** पवित्र सफला एकादशी के शुभ अवसर पर ऐतिहासिक सिसला धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही दूर-दराज के गांवों व आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त सिसला धाम पहुंचे और बाबा श्याम की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की।

एकादशी के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष सजावट की गई थी। पूरे धाम को फूलों व रोशनी से सजाया गया, जिससे वातावरण अत्यंत भक्तिमय नजर आया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर बाबा श्याम का अभिषेक किया और 'जय श्री श्याम' व 'हारे का सहारा बाबा श्याम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। दिनभर भजन-कीर्तन, राधा श्री कृष्ण की झांकियां और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला चलता रहा।

वीर बर्बरीक श्याम ट्रस्ट सिसला धाम व सेवादारों की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं। साफ-सफाई, पेयजल, कतार व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए, जिससे भक्तों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सहयोग की व्यवस्था भी की गई।

इस अवसर पर पुजारी ने सफला एकादशी के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस व्रत को करने से मनुष्य के कष्ट दूर होते हैं और जीवन में सफलता व सुख-शांति की प्राप्ति होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से धर्म, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का संदेश भी दिया। श्रद्धालुओं ने बताया कि सिसला धाम में सफला एकादशी के दिन दर्शन करने से मन को विशेष शांति मिलती है और सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। देर शाम तक श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# परिवार की खुशियां अपनों के साथ की जाती हैं साझा: नवीन जिन्दल

## सांसद नवीन जिन्दल की बेटी की शादी के प्रीतिभोज में मेहमानों का देसी घी के व्यंजनों से हुआ स्वागत

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 14 दिसंबर।** सांसद नवीन जिन्दल की पुत्री यशस्विनी जिन्दल एवं शाश्वत सोमानी के विवाह उपलक्ष्य में कुरुक्षेत्र में प्रीतिभोज का आयोजन किया गया। यह आयोजन आत्मीय भावनाओं का सजीव उदाहरण बना। इस अवसर पर जिन्दल परिवार की ओर से सांसद नवीन जिन्दल की माता, पूर्व मंत्री एवं हिसार की विधायक सावित्री जिन्दल, शालू जिन्दल तथा सांसद नवीन जिन्दल ने स्वयं अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, भाजपा कार्यकर्ता, सामाजिक संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, मीडियाकर्मी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए और जिन्दल परिवार को शुभकामनाएं दीं। प्रीतिभोज में पहुंचे लोगों का पारंपरिक अंदाज़ में सत्कार किया गया। सांसद नवीन जिन्दल ने सभी मेहमानों का अभिनंदन करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र उनके लिए केवल एक संसदीय क्षेत्र नहीं, बल्कि उनका अपना परिवार है। उन्होंने कहा कि परिवार की खुशियां सभी अपनों के साथ साझा की जाती हैं और इसी भावना के साथ यह आयोजन रखा गया है।

कार्यक्रम में हजारों अतिथियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए व्यंजनों में देसी घी और मिलेट्स का प्रयोग किया गया। पारंपरिक स्वाद को महत्व देते हुए मिलेट्स से बने लड्डू एवं अन्य व्यंजनों से मेहमानों की आवभगत की गई, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। जिन्दल परिवार की ओर से सावित्री जिन्दल, सांसद नवीन जिन्दल एवं शालू जिन्दल ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और उनके स्नेह व शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम सौहार्द, अपनत्व और सामाजिक समरसता का प्रतीक बनकर उभरा। इस अवसर पर ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ हरियाणा के राष्ट्रीय सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी वालिया, मुख्य प्रदेश संरक्षक दलबीर मलिक, मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया, प्रदेश संरक्षक सुशील शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज भटनागर, राजकुमार कौशिक प्रमोद कौशिक ,अमित कुमार गुप्ता जय किशन शर्मा सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य की उपस्थित रहे। कुरुक्षेत्र में आयोजित यह प्रीतिभोज न केवल एक पारिवारिक समारोह रहा, बल्कि जनप्रतिनिधि और जनता के बीच आत्मीय संबंधों की मजबूत कड़ी के रूप में भी देखा गया।

# शत्रु पर हासिल करनी हो विजय तो करें बगलामुखी की साधना

बगलामुखी का अर्थ- बगला शब्द संस्कृत भाषा के वल्गा का अपभ्रंश है, जिसका अर्थ होता है दुल्हन। कुब्जिका तंत्र के अनुसार, बगला नाम तीन अक्षरों से निर्मित है व, ग, ला; 'व' अक्षर वारुणी, 'ग' अक्षर सिद्धिदा तथा 'ला' अक्षर पृथ्वी को संबोधित करता है। अतः मां के अलौकिक सौंदर्य और स्तंभन शक्ति के कारण ही इन्हें यह नाम प्राप्त है।

बगलामुखी देवी का प्रकाट्य स्थल गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में माना जाता है। कहते हैं कि हल्दी रंग के जल से इनका प्रकाट्य हुआ था। हल्दी का रंग पीला होने से इन्हें पीताम्बरा देवी भी कहते हैं। एक अन्य मान्यता अनुसार देवी का प्रादुर्भाव भगवान विष्णु से संबंधिथ हैं। परिणामस्वरूप देवी सत्व गुण सम्पन्न तथा वैष्णव संप्रदाय से संबंध रखती हैं। परन्तु, कुछ अन्य परिस्थितियों में देवी तामसी गुण से संबंध भी रखती हैं। इसीलिए आकर्षण, मारण तथा स्तंभन कर्म आदि तामसी प्रवृति से संबंधित कर्म भी किए जाते हैं, लेकिन इनमें सावधानी नहीं रखी गई तो हानि होती है।

देवी का स्वरूप- इनके कई स्वरूप हैं। कहते हैं कि देवी बगलामुखी, समुद्र के मध्य में स्थित मणिमय द्वीप में अमूल्य रत्नों से सुसज्जित सिंहासन पर विराजमान



हैं। देवी त्रिनेत्रा हैं, मस्तक पर अर्ध चन्द्र धारण करती है, पीले शारीरिक वर्ण युक्त है, देवी ने पीला वस्त्र तथा पीले फूलों की माला धारण की हुई है। देवी के अन्य आभूषण भी पीले रंग के ही हैं तथा अमूल्य रत्नों से जड़ित हैं। देवी, विशेषकर चंपा फूल, हल्दी की गांठ इत्यादि पीले रंग से सम्बंधित तत्वों की माला धारण करती हैं। यह रत्नमय रथ पर आरूढ़ हो शत्रुओं का नाश करती हैं।

देवी देखने में मनोहर तथा मंद मुस्कान वाली हैं। एक युवती के जैसी शारीरिक गठन वाली देवी ने अपने बाएं हाथ से शत्रु या दैत्य के जिह्वा को पकड़ कर खींच रखा है तथा दाएं हाथ से गदा उठाए हुए हैं, जिससे शत्रु अत्यंत भयभीत हो रहा है। देवी के इस जिव्हा पकड़ने का तात्पर्य यह है कि देवी वाक् शक्ति देने और लेने के लिए पूजी जाती हैं। कई स्थानों में देवी ने मृत शरीर या शव को अपना आसन बना रखा है तथा शव पर ही आरूढ़ हैं तथा दैत्य या शत्रु की जिह्वा को पकड़ रखा हैं।

तीन ही शक्तिपीठ हैं- भारत में मां बगलामुखी के तीन ही प्रमुख ऐतिहासिक मंदिर माने गए हैं जो क्रमशः दतिया (मध्यप्रदेश), कांगड़ा (हिमाचल) तथा नलखेड़ा जिला शाजापुर (मध्यप्रदेश) में हैं। तीनों का अपना अलग-अलग महत्व है। यहां देशभर से शैव और शाक्त मार्गी साधु-संत तांत्रिक अनुष्ठान के लिए आते रहते हैं। युद्ध में विजय दिलाने और वाक् शक्ति प्रदान करने वाली देवी- माता बगलामुखी की साधना युद्ध में विजय होने और शत्रुओं के नाश के लिए की जाती है। इनकी साधना शत्रु भय से मुक्ति और वाक् सिद्धि के लिए की जाती है। कहते हैं कि नलखेड़ा में कृष्ण और अर्जुन ने महाभारत के युद्ध के पूर्व माता बगलामुखी की पूजा अर्चना की थी।

माता बगलामुखी शत्रुनाश, वाकसिद्धि, वाद विवाद में विजय के लिए इनकी उपासना की जाती है। इनकी उपासना से शत्रुओं का नाश होता है तथा भक्त का जीवन हर प्रकार की बाधा से मुक्त हो जाता है। शांति कर्म में, धन-धान्य के लिए, पौष्टिक कर्म में, वाद-विवाद में विजय प्राप्त करने हेतु देवी उपासना व देवी की शक्तियों का प्रयोग किया जाता हैं। देवी का साधक भोग और मोक्ष दोनों ही प्राप्त कर लेते हैं। वे चाहें तो शत्रु की जिव्हा ले सकती हैं और भक्तों की वाणी को दिव्यता का आशीष दे सकती हैं। देवी वचन या बोल-चाल से गलतियों तथा अशुद्धियों को निकाल कर सही करती हैं।

### बगलामुखी का मंत्र

हल्दी या पीले कांच की माला से आठ माला ऊँ ह्लीं बगुलामुखी देव्यै ह्लीं ओम नमः दूसरा मंत्र- ह्मीं बगलामुखी सर्व दुष्टानां वाचं मुखं पदं स्तम्भय जिह्वां कीलम बुद्धिं विनाशय ह्मीं ऊँ स्वाहा। मंत्र का जाप कर सकते हैं। देवी को पीली हल्दी के ढेर पर दीप-दान करें, देवी की मूर्ति पर पीला वस्त्र चढ़ाने से बड़ी से बड़ी बाधा भी नष्ट होती है, बगलामुखी देवी के मन्त्रों से दुखों का नाश होता है। जाप के नियम किसी जानकार से पूछें।

### बगलामुखी की साधना

सर्वप्रथम देवी की आराधना ब्रह्मा जी ने की थी, तदनंतर उन्होंने बगला साधना का उपदेश सनकादिक मुनियों को किया, कुमारों से प्रेरित हो देवर्षि नारद ने भी देवी की साधना की। देवी के दूसरे उपासक स्वयं जगत पालन कर्ता भगवान विष्णु हुए तथा तीसरे भगवान परशुराम। इनकी साधना सप्तऋषियों ने वैदिक काल में समय समय पर की है। इस महाविद्या की उपासना या साधना रात्रि काल में करने से विशेष सिद्धि की प्राप्ति होती है। इनके भैरव महाकाल हैं। मां बगलामुखी स्तंभव शक्ति की अधिष्ठात्री हैं। मां बगलामुखी का एक नाम पीताम्बरा भी है इन्हें पीला रंग अति प्रिय है इसलिए इनके पूजन में पीले रंग की सामग्री का उपयोग सबसे ज्यादा होता है। देवी बगलामुखी का रंग स्वर्ण के समान पीला होता है अतः साधक को माता बगलामुखी की आराधना करते समय पीले वस्त्र ही धारण करना चाहिए। पीले फूल और नारियल चढ़ाने से देवी प्रसन्न होतीं हैं।

# आध्यात्म युवाओं की क्षमता में लाता है निखार: मुनिश्री विनय कुमार जी

चंडीगढ़। आध्यात्म युवाओं की छिपी क्षमताओं को निखारता है, उन्हें मानसिक शांति, आत्मविश्वास, भावनात्मक स्थिरता और जीवन का गहरा उद्देश्य देता है, जिससे वे बाहरी दबावों के बावजूद सकारात्मक दिशा में विकसित होते हैं, चुनौतियों का सामना करने के लिए मजबूत बनते हैं और जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। आज बेहद जरूरत है जागरूक युवाओं की, उबलते हुए खून की, कुछ कर गुजरने वाले जज्बे की। क्योंकि आज देश की स्थिति ऐसी है जिसे जागरूक युवा ही संभाल सकते हैं। धर्म और संस्कृति की स्थिति ऐसी है जिसे जीवंत एवं अनुशासित युवा ही संभाल सकते हैं। समाज में फैले भ्रष्टाचार, अनाचार, अत्याचार और सीमा पर मंडराते काले बादलों की काली छाया से निपटने के लिए जागरूक युवा ही कामयाब हो सकते हैं। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा सदैव राष्ट्रीय गौरव की सुरक्षा के लिए युवाओं ने ही अपने कदम बढ़ाए हैं। आवश्यकता यही है कि अपने हृदय में समाज निर्माण की कसक उत्पन्न करें और अपनी बिखरी शक्तियों को एकत्रित करके समाज की विभिन्न समस्याओं को सुलझाने में लगाएं।



देश की प्रगति ही अपनी प्रगति और उन्नति है। इस श्रेष्ठ विचार के आधार पर ही युवाशक्ति, राष्ट्रशक्ति बनकर राष्ट्र को समृद्धि, उन्नति प्रगति के मार्ग पर ले जा सकती है। मनीषीश्रीसंत ने कहा युवाओं के लिये आध्यात्म उनकी बांटने की क्षमता में निखार लाता है और उनके आत्मविश्वास को बढ़ाता है। यदि आपकी दूसरों की मदद और सेवा करने की इच्छा है तो आपको चिंता करने की जरूरत नहीं क्योंकि दिव्यता आपका अच्छे से ध्यान रखेगी। पैसों की बहुत चिंता न करें। युवा जीवन में कई उतार-चढ़ाव आते हैं और वे इसका तत्काल समाधान चाहते हैं। वे चाहते हैं कि उनके लिए सब कुछ अभी इसी पल में हो जाए। जब तक वे अपनी इच्छाओं और आकांक्षाओं को संभालना नहीं सीखेंगे, तब तक वे कुछ गलत रास्तों का भी चुनाव करते रहेंगे।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया आज के युवा पहले की तुलना में कहीं अधिक मानसिक बीमारी, अवसाद और आत्महत्या की प्रवृत्ति से ग्रस्त हैं। वे इस बात को ध्यान में रखें कि गलत रास्तों को अपनाने पर उन्हें कुछ समय के लिए रोमांच मिल सकता है, लेकिन यह स्थायी नहीं होता है। दो किस्म के आनंद होते हैं। पहला आनंद पाने का होता है। जैसे एक बालक कहता है, 'यदि मुझे कुछ मिलेगा, तो मैं खुश हो जाऊंगा। यदि मुझे खिलौना मिलेगा तो मैं खुश हो जाऊंगा। आप अधिकांश समय इसी में फंसे रहते हैं और इससे परे नहीं जाना चाहते।

### देश की प्रगति ही अपनी प्रगति और उन्नतिः अतुल मुनि जी

अतुल मुनि जी ने फरमाया देश की प्रगति ही अपनी प्रगति और उन्नति है। इस श्रेष्ठ विचार के आधार पर ही युवाशक्ति, राष्ट्रशक्ति बनकर राष्ट्र को समृद्धि, उन्नति प्रगति के मार्ग पर ले जा सकती है। देश के नवनिर्माण में ज्ञान एवं युवाशक्ति का योगदान सदा रहा है, पर किसी भी काल में यह इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा होगा, जितना कि आज है। आज हर युवा को जो महान पाठ सीखना है, वह है- परिश्रम, त्याग और सबके हित में कार्य करने का पाठ।

# नेशनल सीरीज़ टेनिस में हर्ष मलिक का शानदार प्रदर्शन, अंडर-18 वर्ग में बने उपविजेता



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई/सोनीपत। खेल विश्वविद्यालय हरियाणा के बी.एससी. स्पोर्ट्स साइंस के छात्र हर्ष मलिक ने राष्ट्रीय स्तर की नेशनल सीरीज़ टेनिस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-18 एकल वर्ग में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता 8 से 13 दिसंबर 2025 तक जालंधर, पंजाब में आयोजित की गई।

इस उपलब्धि के बाद विश्वविद्यालय वापस लौटने के पश्चात् हर्ष मलिक ने विश्वविद्यालय के टेनिस कोच शनिश मिश्रा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निरंतर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण से यह सफलता संभव हो पाई। साथ ही उन्होंने खेल विश्वविद्यालय हरियाणा के कुलपति अशोक कुमार का भी धन्यवाद किया, जिनके द्वारा उपलब्ध कराए गए अवसरों एवं खेल विज्ञान आधारित प्रशिक्षण से उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सहायता मिली।

इस अवसर पर माननीय कुलपति श्री अशोक कुमार ने हर्ष मलिक को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के युवा खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर पहचान बना रहे हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी खेल विश्वविद्यालय हरियाणा इसी प्रकार प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करता रहेगा।

यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गर्व का विषय है और आने वाले समय में और भी ऐसे उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रेरणा देती है।

# प्रभु परमात्मा को सदैव याद रखने का साधन सत्संग है

प्रभु परमात्मा को सदैव याद रखने का साधन सत्संग है। साध संगत का ही प्रभाव होता है कि हमारे मन में एकाग्रता रहती है। इस प्रभु के ऊपर हमारे मन का विश्वास हमेशा बना रहता है, इस दातार के ऊपर हमारा अकीदा कायम रहता है।

अगर साध संगत प्राप्त नहीं होती तो इस संसार में हमारा बर्ताव उसी तरह ही होताहै, जिस तरह किसी सज्जन ने शीशे का एक कमरा बनवाया। उसने ऐलानकिया कि सभी अपने-अपने कुत्ते लायें और जो इस कमरेसे सही सलामत अपना कुत्ता बाहर ले आयेगा, उसको बहुत ईनाम दिया जायेगा। बारी-बारी से लोग इस शीशे के कमरे में अपना कुत्ता लाते गए, लेकिन थोड़ी देर बाद ही कुत्ते को लहुलुहान हालत में घसीटकर बाहर लाना पड़ता था।

अनेक कुत्ते दिन भर उस कमरे में दाखिल होते और जख्मी हो जाते, तो उन्हें बाहर लाया जाता। लेकिन एक कुत्ता काफ़ी देर उस कमरे में रहा और सही सलामत अपने आप चल कर बाहर आ गया। उसे ही निर्धारित ईनाम मिला। ईनाम देते समय कुत्ते के मालिक से पूछा गया कि आपको ईनाम तो हम दे रहे हैं, लेकिन आप बताइये कि क्या कारण है, जो दूसरे कुत्ते तो भौंकते-भौंकते



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

जख्मी होकर बाहर आये और केवल आपका कुत्ता ही सही सलामत आ गया। वह बोला कि जैसे आपने शीशे का कमरा बनवाया है, ऐसा ही कमरा मैंने भी अपने घर में बनवाया हुआ है। मैं अपने कुत्ते को प्रतिदिन उस कमरे में अन्दर ले कर जाता था, दिन में कई बार लेकर जाता था, जिससे अब यह शीशे में अपनी शक्ल देख कर भयभीत नहीं होता। दूसरे कुत्ते अपनी शक्लें शीशे में देखकर भयभीत होते थे, और उन शक्लों पर झपटते थे, जिससे वह लहुलुहान हो गए। कहने का भाव कि यह मन भी कुत्ते की तरह है। इस तरह से इस मन को जब वास्तविकता की पहचान हो जाती है, उसे समझ आ जाती है कि कोई बेगाना नहीं, तो फिर इन्सान की ऐसी अवस्था हो जाती है कि वह प्रत्येक को गले लगाने लगता है, जिससे खुद भी सुखी रहता है तथा औरों को भी सुख देता जाता है। बार-बार संगत करने से इसका ध्यान भी परमात्मा की तरफ ही लगा रहता है। यह सबके शरीरों का न देखकर एक प्रभु को ही देखा करता है। इसलिए तो सब अपने ही लगते हैं।

अगर किसी के पास सोना या सोने के जेवर या हीरा है तो उन्हें वह यूं ही कहीं आंगन में नहीं रख देगा। वैसे ही कहीं पशु बांधने के स्थान पर नहीं रख देगा। वह उसकी कीमत जानता है, इसलिए उसको उचित स्थान देगा। उसको बहुत संभाल के, बहुत हिफाज़त से रखेगा। इसी तरह से इन्सानी जीवन भी हीरे जैसा अमोलक जीवन है। अगर इसकी सही कीमत न डाली गई, इसको सही निगाह से न देखा गया, ऊँचा दर्जा अगर न दिया गया, इसको और ही विषय-विकारों में व्यतीत करके चले गए, इसको लालसाओं में लिप्त होकर ही व्यतीत करते गए, इसे वैर-ईर्ष्या-नफ़रत की भावना अपनाकर व्यतीत करते चले गए तो फिर ये कौड़ियों जैसा ही हो जायेगा। इससे ज्यादा इसका कोई मोल पड़ने वाला नहीं। जीवन की संभाल तभी है, जब वह प्रभु परमात्मा के ध्यान में लगे। इसका ध्यान करते हुआ ही सब कार्य करे।

## पंचांग

मंगलवार, 16 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:07 ए एम, सूर्यास्तः 05:27 पी एम, चन्द्रोदयः 04:41 ए एम, दिसम्बर 17, चन्द्रास्तः 02:36 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः मार्गशीर्ष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः मंगलवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः द्वादशी - 11:57 पी एम तक, नक्षत्रः स्वाती - 02:09 पी एम तक, योगः अतिगण्ड - 01:23 पी एम तक, करणः कौलव - 10:38 ए एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 11:57 पी एम तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः तुला, राहुकालः 02:52 पी एम से 04:09 पी एम, गुलिक कालः 12:17 पी एम से 01:34 पी एम, यमगण्डः 09:42 ए एम से 10:59 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:56 ए एम से 12:37 पी एम, दुर्मुहूर्तः 09:11 ए एम से 09:52 ए एम, दुर्मुहूर्तः 10:55 पी एम से 11:50 पी एम, वर्ज्यः 08:28 पी एम से 10:16 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा- क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। आप दूसरों पर कुछ ज्यादा खर्चा कर सकते हैं।

**वृषः** आज आपकी अपनी इच्छाएं पूरी करने की कोशिश कारगर होगी। आमतौर पर आज आप किसी बात का बुरा नहीं मानेंगे।

**मिथुनः** लोग आपसे अपने मन की बात कहने में ज्यादा उत्सुक रहेंगे। आज जीवन के कई क्षेत्रों में सफलता की उम्मीद आपके दिल और दिमाग में हो सकती है।

**कर्कः** आपकी व्यक्तिगत समस्याएँ मानसिक शांति को भंग कर सकती हैं। मानसिक दबाव से बचने के लिए कुछ रोचक और अच्छा पढ़ें।

**सिंहः** आज का दिन शानदार रहने वाला है। खुश हो जाएं क्योंकि अच्छा समय आ गया है। कोई नया विचार आपको आर्थिक तौर पर फायदा दिलायेगा।

**कन्याः** आज आपकी जीवन शैली और रहन सहन से लोगों को प्रभावित करेंगे। बच्चों की जरूरतों को पूरा करने में लगे रहेंगे।

**तुलाः** थोड़ा विश्राम करें और काम के बीच-बीच में जितना हो सके, उतना आराम करते रहें।

**वृश्चिकः** आज किस्मत आपके साथ रहने वाली है। कार्यक्षेत्र में आज कुछ नया करने की कोशिश करें।

**धनुः** आज परिवारजनों के साथ कलह के प्रसंग बन सकते हैं। आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है।

**मकरः** आपकी जी-तोड़ मेहनत और परिवार का सहयोग इच्छित परिणाम देने में कामयाब रहेंगे।

**कुंभः** आज किसी खास काम से आपको यात्रा पर जाना पड़ सकता है। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात होने के योग बन रहा है।

**मीनः** मीन राशि वाले आज सोच-विचार कर ही किसी बड़े फैसले को अंतिम रूप दें। आपका निर्णायक फैसला बहुत ही फायदेमंद रहेगा। मनोरंजन के नए अवसर प्राप्त होंगे।

# चेक बाउंस मामले में एचडीएफसी बैंक की ग्राहक डॉ. जतिंदर गंभीर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

लुधियाना। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड की ग्राहक डॉ. जतिंदर गंभीर को चेक बाउंस के एक मामले में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स (एनआई) एक्ट की धारा 138 के तहत गिरफ्तार किया गया। डॉ. गंभीर ने एचडीएफसी बैंक से स्वास्थ्य उपकरणों के लिए ऋण लिया था और लुधियाना में अपना अस्पताल संचालित कर रही थीं। बताया गया है कि डॉ. जतिंदर गंभीर ऋण की मासिक किस्तों के भुगतान में लगातार चूक कर रही थीं। इसके चलते एचडीएफसी बैंक ने उनके खिलाफ एनआई एक्ट की धारा 138 के तहत मामला दर्ज कराया। मामले की सुनवाई के बाद माननीय न्यायालय ने अभियोजन आदेश पारित करते हुए उन्हें दोषी करार दिया।

न्यायालय के आदेश के अनुपालन में पुलिस ने उनके आवास से डॉ. जतिंदर गंभीर को गिरफ्तार किया और बाद में उन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

# डिजिटल भुगतान में नए उपयोगकर्ताओं को जोड़ने के लिए भीम ने 'गर्व से स्वदेशी' अभियान शुरू किया

चंडीगढ़। भीम पेमेंट्स ऐप, जो कि एनपीसीआई भीम सर्विसेज़ लिमिटेड (एनबीएसएल) द्वारा विकसित घरेलू डिजिटल पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म है, ने आज अपने 'गर्व से स्वदेशी' अभियान की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य पूरे भारत में नए उपयोगकर्ताओं को डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। भीम इस महीने अपनी स्थापना के 10वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस मील का पत्थर मनाने के लिए, नए उपयोगकर्ताओं के लिए रु20 या उससे अधिक के किसी भी लेन-देन पर रु20 का फ्लैट कैशबैक पेश किया गया है।

एक संप्रभु, मेड-इन-इंडिया भुगतान प्लेटफ़ॉर्म के रूप में विकसित, भीम को भारतीय उपयोगकर्ताओं और उनकी दैनिक भुगतान आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है। छोटे मूल्य के दैनिक लेन-देन और साझा घरेलू खर्चों से लेकर भरोसे और आसानी पर आधारित फीचर्स तक, भीम इस बात का प्रतीक है कि भारत वास्तव में डिजिटल पैसे का उपयोग कैसे करता है। 'गर्व से स्वदेशी' अभियान इसी आधार से प्रेरित है, और यह एक घरेलू डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की भूमिका को मजबूत करता है जो सुरक्षित और समावेशी डिजिटल भुगतानों की पहुँच को बढ़ाता है। इस अभियान के माध्यम से, प्लेटफ़ॉर्म नए उपयोगकर्ताओं के लिए प्रवेश की बाधाओं को कम करने और समाज के विविध वर्गों में डिजिटल भुगतान अपनाने को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है।

# यूथ एशियन पैरा गेम्स में खेवड़ा के अक्षय अंतिल का शानदार प्रदर्शन, गोला फेंक में जीता रजत पदक

> दुबई में 11.35 मीटर गोला फेंक कर बढ़ाया देश-प्रदेश का मान
>
> गांव पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत, उज्ज्वल भविष्य की कामना

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। खेवड़ा गांव निवासी अक्षय आंतिल ने दुबई में आयोजित यूथ एशियन पैरा गेम्स 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोला फेंक स्पर्धा में 11.35 मीटर की दूरी तय कर रजत पदक अपने नाम किया है।



अक्षय की इस उपलब्धि से न केवल गांव बल्कि पूरे जिले और प्रदेश में खुशी की लहर दौड़ गई है।

अक्षय आंतिल वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर के कोच हरमिंदर पाल सिंह घुमान के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने कोच, परिवार और समर्थकों को देते हुए कहा कि यह पदक उनके लिए आगे आने वाली प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा देगा। अक्षय ने विश्वास जताया कि वह भविष्य में देश और प्रदेश का नाम और अधिक रोशन करेंगे।

यूथ एशियन पैरा गेम्स से लौटने पर गांव खेवड़ा में अक्षय का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर त्यागी समाज हरियाणा के अध्यक्ष पुनीत राई ने अक्षय को सम्मानित करते हुए उनकी उपलब्धि की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

स्वागत समारोह में सतबीर अंतिल, रोहतास अंतिल, सतपाल त्यागी, राकेश त्यागी, रामप्रकाश कौशिक, राजेश त्यागी, राकेश कौशिक, प्रवेश शर्मा, भारत डाका, मोहित दहिया, प्रेम यादव, संदीप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने अक्षय की मेहनत और लगन की प्रशंसा करते हुए उन्हें आने वाली प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं।

# ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत जेब कतरा काबू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** जिला पुलिस ने चोरी के वारदात पर शिकंजा कसते हुए ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के तहत जेब कतरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने चोरी करने के आदतन आरोपी जेब कतरे कुलदीप उर्फ जिप्पी वासी गांधीनगर थानेसर को काबू करके उसके कब्जा से 5 मोबाईल फोन व 3 पर्स बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 14 दिसम्बर 25 को अपराध अन्वेषण शाखा -1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के दिशा-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुखदेव सिंह, इएसआई बलवंत सिंह व गाड़ी चालक ईएसआई कृपाल सिंह की टीम सर्किट हाउस चौक कुरुक्षेत्र के पास मौजूद थी। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली कि कुलदीप उर्फ जिप्पी वासी गांधीनगर थानेसर चोरी करने का आदतन आरोपी है जो राह चलते राहगीरों के जेब काट कर उनके पर्स व मोबाईल आदि चोरी करता है। जो आज भी चोरी किये मोबाईल को बेचने के फिराक में नये बस अड्डे के पास पार्क में घूम रहा है । यदि नये बस अड्डे के पास पार्क पहुंचकर निगरानी करके आरोपी को काबू करके उसकी तलाशी ली जाये तो आरोपी से चोरीशुदा मोबाईल बरामद हो सकते है। सूचना पर पुलिस टीम ने नये बस अड्डे के पास पार्क के पास निगरानी शुरू कर दी।

# भाजपा सरकार के पास राहुल गांधी के सवालों का कोई जवाब नहीं: अशोक मैहता

> दिल्ली की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली ने हिलाकर रख दी मोदी सरकार की नींव

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

नारायणगढ़। हरियाणा के पूर्व राज्य सूचना आयुक्त एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक मैहता ने कहा कि दिल्ली की 'वोट चोर, गद्दी छोड़' रैली ने मोदी सरकार की नींव हिलाकर रख दी है और एक बार फिर साबित हो गया है कि भाजपा सरकार के पास राहुल गांधी के सवालों का कोई जवाब नहीं है। सोमवार को यहां जारी विज्ञप्ति में अशोक मैहता ने कहा कि लोकसभा के विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने संसद से लेकर सड़क तक भाजपा नेताओं को निशब्द कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर छोटे भाजपा पदाधिकारी तक, किसी के पास तथ्यात्मक ढंग से राहुल गांधी के सवालों का जवाब देने के लिए शब्द नहीं हैं, इसीलिए भाजपा के तमाम नेता ऊलजलूल बयानबाजी करके अपनी झेंप मिटाने का प्रयास करते हैं। दिल्ली रैली में उमड़े जनसैलाब से यह भी पता चलता है कि अब तो देश के आम आदमी को भी यह



अहसास हो गया है कि कांग्रेस की नीतियों में ही आमजन के हित निहित है और भाजपा सरकार की नीतियां तो केवल चंद पूंजीपतियों के हित साधने के लिए बनाई जा रही हैं।

अशोक मैहता ने आरोप लगाया कि बात चुनाव की हो या भाजपा के पिछले 11 वर्ष के शासनकाल की, सरकार में पारदर्शिता नाम की कोई चीज नहीं है। राहुल गांधी ने जब प्रमाण के साथ यह आरोप लगाया कि हरियाणा में करीब 25 लाख वोट फर्जी दर्ज हुए, चुनाव आयोग ने अपनी संवैधानिक जिम्मेदारी नहीं निभाई और बार-बार चेतावनी देने के बावजूद कोई कार्रवाई न करना भाजपा एवं आयोग की मिलीभगत को दर्शाता है तो चुनाव आयोग और सरकार ने इसका संतोषजनक एवं प्रमाणित जवाब देने के बजाय राहुल गांधी के खिलाफ ही अमर्यादित भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया।

अशोक मैहता ने दावा किया कि यदि हरियाणा में चुनावी गड़बड़ी न हुई होती तो प्रदेश में कांग्रेस सरकार का गठन निर्धारित था। तमाम स्वतंत्र सर्वेक्षण हरियाणा में भारी बहुमत के साथ कांग्रेस सरकार बनने की भविष्यवाणी कर रहे थे। मतगणना के शुरुआती रूझान भी कांग्रेस का भारी बहुमत दिखा रहे थे, लेकिन भाजपा द्वारा अपनाए गए तमाम प्रकार के हथकंडों के चलते हरियाणा में सिर्फ वोट चोरी नहीं, बल्कि पूरी सरकार चोरी हुई है। अशोक मैहता ने आरोप लगाया कि राज्य में भ्रष्टाचारियों और अपराधियों की बोलबाला है। खुद केंद्र सरकार के आंकड़े बताते हैं कि हरियाणा भ्रष्टाचार के मामले में देश में सातवें स्थान पर पहुंच गया है।




# लोकसभा में सांसद मनीष तिवारी का सवाल

# 3 साल में 33.26 करोड़ का बजट, 11.82 करोड़ कलाकारों को, बाकि राशि कहां?

**चंडीगढ़ के पर्यटन विभाग में बड़े स्तर पर गड़बड़ी सामने आई**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** लोकसभा में चंडीगढ़ प्रशासन के पर्यटन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर हुए खर्च और ऑडिट स्थिति का विस्तृत खुलासा किया गया है। यह जानकारी सांसद मनीष तिवारी द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न संख्या 2428 के उत्तर में 15 दिसंबर को पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दी। पर्यटन मंत्री ने स्पष्ट किया कि केंद्र सरकार सीधे तौर पर चंडीगढ़ पर्यटन विभाग को कोई बजट आवंटित नहीं करती, लेकिन मेलों और त्योहारों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही, चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से विभागीय खर्च का पूरा विवरण भी सदन में रखा गया। बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान पर्यटन और संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों के आयोजन व समर्थन पर कुल 11.84 करोड़ खर्च किए गए। सरकार के अनुसार, चंडीगढ़ में पर्यटन गतिविधियों पर हुआ खर्च पारदर्शी रहा है और सभी वित्तीय प्रक्रियाएं नियमों के अनुसार पूरी की गई हैं। इन आयोजनों के तहत कलाकारों, परफॉर्मर्स, इवेंट ऑर्गनाइजर्स और अन्य सेवा प्रदाताओं को कुल 11.58 करोड़ का भुगतान किया गया। सरकार ने बताया कि इन सभी खर्चों का भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) के अधीन महानिदेशक लेखा परीक्षा (केंद्रीय) द्वारा नियमित ऑडिट किया गया है। 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2023 की अवधि के अंतिम ऑडिट में किसी भी खर्च पर कोई ऑडिट आपत्ति दर्ज नहीं की गई।

**तीन वित्तीय वर्षों में 33.26 करोड़ का बजट:** चंडीगढ़ प्रशासन के अनुसार, पर्यटन विभाग को पिछले तीन वर्षों में निम्नलिखित बजट आवंटित किया गया

2022–23 : 11.15 करोड़
2023–24 : 9.73 करोड़
2024–25 : 12.37 करोड़
कुल बजट : 33.26 करोड़

**केंद्र से मिले मेलों के लिए अनुदान:** पर्यटन मंत्रालय द्वारा चंडीगढ़ को मेलों और त्योहारों के आयोजन हेतु दी गई सहायता इस प्रकार है (राशि लाख रुपये में)

**2022–23 :**
चंडीगढ़ कार्निवल : 15 लाख
रोज़ फेस्टिवल : 15 लाख
2023–24 : कोई प्रस्ताव नहीं
2024–25 : वर्ल्ड टूरिज़्म डे : 10 लाख
2025–26 : चंडीगढ़ कार्निवल : 20 लाख
रोज़ फेस्टिवल : 20 लाख

## जनता का पैसा, पारदर्शिता होनी चाहिए: तिवारी

चंडीगढ़ के पर्यटन विभाग में बड़े स्तर पर गड़बड़ी सामने आई है। सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी द्वारा लोकसभा में लगाए गए एक सवाल के जवाब के बाद आई जानकारी के बाद सांसद तिवारी ने बताया कि चंडीगढ़ में पर्यटन से जुड़ी गतिविधियों के नाम पर किया गया खर्च बेहद चौंकाने वाला है। इसके तहत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में कथित तौर पर पर्यटन से संबंधित गतिविधियों पर 33.26 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इस कुल राशि में से करीब एक–तिहाई, यानी 11.84 करोड़ रुपये कलाकारों और अन्य वेंडरों को भुगतान के रूप में दिए गए, जबकि शेष लगभग 22 करोड़ रुपये की राशि का कोई स्पष्ट हिसाब सामने नहीं आया है। उन्होंने खुलासा किया कि केंद्र सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जानबूझकर इस सवाल से बचने की कोशिश की गई है, जिसमें यह पूछा गया था कि किस कलाकार को, किस कार्यक्रम के लिए और कितनी राशि का भुगतान किया गया है। यहां तक कि कलाकारों और वेंडरों को किए गए भुगतान के बाद बची लगभग 22 करोड़ रुपये से अधिक की राशि के संबंध में भी कोई विवरण नहीं दिया गया है। यह स्पष्ट नहीं किया गया कि यह पैसा किन कार्यों पर खर्च हुआ है। इस संबंध में सांसद तिवारी ने प्रशासन की एडवाइजरी कमेटी की पर्यटन संबंधी सब–कमेटी से पूरे खर्च का विस्तृत हिसाब मांगने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यह भी जांच होनी चाहिए कि वास्तव में चंडीगढ़ में कोई ऐसी पर्यटन गतिविधि हुई भी है या नहीं, जिसके लिए इतना भारी खर्च दिखाया गया है। सांसद तिवारी ने जोर देते हुए कहा कि यह जनता का पैसा है और इसके इस्तेमाल में पारदर्शिता होना जरूरी है।




# चंडीगढ़ में पीएम ई–बस सेवा योजना के तहत पहली खेप की इलेक्ट्रिक बसें पहुंचीं

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 15 दिसंबर।** पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत चंडीगढ़ को पहली खेप की 25 में से 15 इलेक्ट्रिक बसें प्राप्त हो गई हैं। अधिकारियों के अनुसार, 10 और बसें अगले सप्ताह शहर में पहुंचेंगी।

अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़ देश का पहला शहर बन गया है, जहां 12 मीटर लंबी, लो-फ्लोर, एयर कंडीशन वाली इलेक्ट्रिक बसें योजना के तहत उपलब्ध हुई हैं।

साफ-सुथरी और हरित सार्वजनिक परिवहन की दिशा में, चंडीगढ़ के लिए इस योजना के तहत कुल 100 इलेक्ट्रिक बसें मंजूर की गई हैं। डिलीवरी अनुसूची के अनुसार, अगली 25 बसें जनवरी के अंत तक और बाकी 50 बसें फरवरी के अंत या मार्च की शुरुआत तक पहुंच जाएंगी।

इस बीच, 15 साल की सेवा अवधि पूरी कर चुकी 85 डीज़ल बसें 19 नवंबर को सेवा से बाहर कर दी गई थीं। बस सेवाओं को बिना रुके चलाने के लिए चंडीगढ़ परिवहन उपक्रम (सीटीयू) ने लंबी दूरी की रूटों से डीज़ल बसें शहर में परिवर्तित की हैं।

सीटीयू ने 2010 में जेएनएनयूआरएम-I योजना के तहत 100 बसें खरीदी थीं, जिनमें से 85 बसों का कार्यकाल पूरा हो चुका है और बाकी बसें अगले फरवरी तक सेवा से बाहर कर दी जाएंगी। केंद्र सरकार ने हाल ही में चंडीगढ़ के लिए 328 और इलेक्ट्रिक बसें मंजूर की हैं, जिससे शहर में कुल मंजूर ई-बसों की संख्या 428 हो गई। यह चंडीगढ़ को कार्बन-मुक्त सार्वजनिक परिवहन की दिशा में अग्रसर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।
















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)